

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, शनिवार, 13 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक -7 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



आठ करोड़ घरों तक पहुंचा रही है कांग्रेस 'पांच न्याय
02 ■ बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं के लिए होगा घर...
■ मेट्रो यात्रियों को निशाना बनाने के आरोप में...
03 ■ भारत ने किया तालिबान के फैसले का स्वागत
■ सुरक्षा चुनौतियों को दूर करने के लिए सूचना...
07 नवरात्रि के पांचवां दिन आज होगी माता कुष्मांडा की आराधना

# सोशल मीडिया के झूठ से सुप्रीम कोर्ट नाराज

## फेसबुक पर किए गए पोस्ट का संज्ञान लेते हुए अवमानना की कार्रवाई शुरू की

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने अदालत में लंबित मामलों में सोशल मीडिया के दुरुप्रयोग पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा है कि जो मामले लंबित हैं, उन पर सोशल मीडिया में मैसेज, कमेंट और आर्टिकल लिखे जा रहे हैं। जिन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। ये झूठी खबरें कोर्ट की कार्रवाई में बाधा डालती हैं जो बिल्कुल भी बर्दाश्त

- **झूठी खबरें कोर्ट की कार्रवाई में डालती हैं बाधा**
- **सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर जाहिर की चिंता**
- **कोर्ट में लंबित मामलों पर पोस्ट लिखे जा रहे हैं**





नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने फेसबुक पर किए गए पोस्ट का संज्ञान लेते हुए उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू कर दी। दरअसल उस फेसबुक पोस्ट में लिखा था कि सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया था। हालांकि सच तो ये था कि कोर्ट ने कार्रवाई पूरी होने के बाद फैसले को



सुरक्षित रख लिया था इसलिए अदालत में मामला लंबित रहा है। कोर्ट ने इस पोस्ट पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है।

**अधिकारों को कमजोर करने की सोच**

आजकल सोशल मीडिया का दुरुप्रयोग काफी अधिक हो रहा है। कोर्ट में लंबित मामलों के संबंध में संदेश, टिप्पणियां, लेख पोस्ट जा रहे हैं। पीठ ने आगे कहा कि हमारे कंधे अभी भी दोषों और आलोचना को सहने के लिए काफी चौड़े हैं लेकिन कोर्ट में लंबित पड़े मामलों को सोशल मीडिया पर जो टिप्पणी और प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। वो प्रतिक्रियाएं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की आड़ में अदालत के अधिकारों को कमजोर करने की सोच से की गई होती हैं। ऐसी प्रतिक्रियाओं गंभीर विचार होना चाहिए। कोर्ट ने संकेत दिया कि कोई भी लोगों को गुमराह करने के लिए तथ्यों को विकृत करके और कार्यवाही के सही तथ्यों का खुलासा न करके सोशल मीडिया पर टिप्पणी या संदेश पोस्ट करने के अधिकार का दावा नहीं कर सकता है। इस मामले को और अधिक गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

## वायु सैनिक को संक्रमित खून से हुआ था एचआईवी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की उस समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया जिसमें सेना और वायु सेना को संयुक्त रूप से 1.5 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान करने के फैसले को चुनौती दी गई थी। यह राशि एक पूर्व वायु सेना कॉर्पोरल को दी जानी थी, जिसे 2002 में एक सैन्य अस्पताल में खून चढ़ाने के बाद एचआईवी हो गया था। सरकार ने पिछले साल 26 सितंबर को कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी जिसमें सेना और वायु सेना को सैन्य कर्मियों के लिए हाई सेफ्टी स्टैंडर्ड को सुनिश्चित करने में विफल रहने में मेडिकल लापरवाही का दोषी पाया गया था। 2016 में रिटायर हुए कॉर्पोरल को मुफ्त मेडिकल केयर और विकलांगता पेंशन सहित अन्य सुविधाएं देने का भी फैसला दिया गया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा देना ही होगा 1.5 करोड़**



सीआईसी ने कहा, आयोग ने किया कानून का उल्लंघन

# चुनाव आयोग ने ईवीएम पर आरटीआई का नहीं दिया जवाब

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना आयोग ने सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई एक जानकारी न देने पर चुनाव आयोग से नाराजगी जताई है। इसके तहत ईवीएम और वीवीपैट की विश्वसनीयता के सवाल पर प्रतिष्ठित नागरिकों द्वारा दिए गए प्रतिवेदन पर की गई कार्रवाई के बारे में पूछा गया था। केंद्रीय सूचना आयोग ने इसे कानून का घोर उल्लंघन करार देते हुए चुनाव आयोग को लिखित स्पष्टीकरण देने का का भी निर्देश दिया है।

बतादें कि ईवीएम और वीवीपैट पर मतगणना प्रक्रिया की विश्वसनीयता को लेकर दिए गए प्रतिवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में शामिल पूर्व आईएएस एमजी देवसहायम ने आरटीआई कानून के आवेदन देकर चुनाव आयोग से प्रतिवेदन पर की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी चाही थी। प्रतिवेदन तकरीबन दो साल पहले 2 मई 2022 को चुनाव आयोग के पास भेजा गया था, जबकि देवसहायम ने 22 नवम्बर 2022 को आरटीआई के तहत आयोग से जानना चाहा था कि किन-किन व्यक्तियों और अधिकारियों को प्रतिवेदन अग्रसारित किया गया था। इसके अलावा उन्होंने इस मामले में हुई किसी भी बैठक का ब्योरा और



- **ईवीएम की विश्वसनीयता के सवाल पर कारवाई के बारे में पूछा था**

प्रासांगिक फाइल नोटिंग की जानकारी भी मांगी थी। लेकिन चुनाव आयोग ने न तो निर्धारित 30 दिनो के भीतर आरटीआई का जवाब दिया और न ही प्रथम अपील का ही कोई जवाब िदया गया।

**30 दिनों में जवाब देने का निर्देश दिया**

इसके बाद देवसहायम ने केंद्रीय सूचना आयोग में अपील की। इस पर जब मुख्य सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया ने चुनाव आयोग के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी से बात की तो वे संतोषजनक जवाब देने में विफल रहे। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई और चुनाव आयोग को 30 दिनों के भीतर आरटीआई आवेदन पर विंदुवार जवाब देने का निर्देश दिया।

# उप्र में भाजपा नेताओं के बागी तेवर से शीर्ष नेतृत्व हैरान

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। टिकट वितरण में भाजपा के खांटी नेताओं की उपेक्षा पार्टी को भारी पड़ सकती है। कई कोर नेताओं के बागी होने से पार्टी का शीर्ष नेतृत्व हैरान और परेशान है। हालांकि इनको मनाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी तक को लगा दिया गया है। मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, पीलीभीत, फतेहपुर सिकरी, बाराबंकी, फूलपुर, चंदौली, बरेली, बलिया, घोषी, गाजीपुर, और भदोही में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने टिकट वितरण में हुई अनदेखी और पार्टी



- **योगी को सौंपी गई बागियों को मनाने की जिम्मेदारी**

में हो रही उपेक्षा को लेकर अपने विरोधी तेवर दिखाए हैं। हालांकि शीर्ष नेताओं के निर्देश से इन्हें मनाने की कोशिशें भी शुरू हो गई हैं। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नें केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और पूर्व विधायक संगीत सोम के बीच छिड़े विवाद को खत्म करने में बीच-बचाव किया हैं। बरेली में टिकट कटने से संतोष गंगवार खफा हैं। यहां भूपेंद्र चौधरी ने उनकी बात प्रधानमंत्री से कराके नाराजगी को थामने का प्रयास किया है। भदोही में बाहरी और निषाद पार्टी के नेता को टिकट देने से स्थानीय भाजपा के नेताओं में नाराजगी है। गाजीपुर में अपरिचित से पारसनाथ राय को टिकट दिए जाने से भी कार्यकर्ताओं में रोष है। घोषी में सुभासपा के उम्मीदवार का भाजपा के नेता सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा टिकट वितरण में उपेक्षा को लेकर क्षत्रिय समाज अलग से मोर्चा खोला हुआ है। पश्चिम की सभी 25 लोकसभा सीटो पर भाजपा उम्मीदवार को वोट ने देने का ऐलान चुका है।

कांग्रेस नेता बोले, भारत में चल रही वैचारिक लड़ाई

# यह लड़ाई हम जीतने जा रहे : राहुल

## लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने, संविधान की रक्षा के लिए लड़ा जा रहा

**तिरुनेलवेली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 लोकतंत्र को बचाने और भारतीय संविधान की रक्षा के लिए लड़ा जा रहा है। श्री गांधी ने आज शाम यहां पलायमकोट्टई में इंडिया समूह के उम्मीदवारों के समर्थन में एक जन बैठक को संबोधित करते हुए कहा, मुझे विश्वास है कि हम यह लड़ाई जीतने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत में वैचारिक लड़ाई चल रही है। एक तरफ पेरियार के सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता और समानता के विचार और दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), श्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के विचार हैं।



**हमारी सभी परंपराएं हमारी सभी भाषाएं पवित्र**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एक देश, एक नेता और एक भाषा के हक में हैं। तमिल भाषा किसी भी अन्य भारतीय भाषा से कम नहीं है। देश में कई अलग-अलग भाषाएं, कई अलग-अलग परंपराएं, इतिहास और संस्कृतियां हैं और वे सभी हमारे लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। तमिल के बिना, बंगाली के बिना, हमारे लोगों द्वारा बोली जाने वाली बड़ी संख्या में भाषाओं के बिना कोई भारत नहीं हो सकता। श्री गांधी ने कहा, हम (कांग्रेस) कहते हैं कि सभी हमारे लोग हैं, हमारी सभी परंपराएं, हमारी सभी भाषाएं पवित्र हैं और वहीं भाजपा कहती हैं कि एक नेता, एक भाषा, एक परंपरा और एक इतिहास होना चाहिए। वायनाड सांसद ने कहा कि भारत आज ब्रिटिश काल की तुलना में अधिक असमान है।

**उधमपुर में प्रधानमंत्री मोदी ने की रैली**

## जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा देने का आश्वासन

**उधमपुर।** उधमपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए प्रदेश की जनता को आश्वासन देते हुए कहा है कि वो समय दूर नहीं जब जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे और जम्मू कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा मिलेगा। उन्होंने विपक्ष पर भी जमकर हमला बोला। विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए मोदी ने कहा कि ये कहते थे कि 370 हटी तो आग लग जाएगी, जम्मू कश्मीर हमें छोड़कर चला जाएगा। लेकिन जम्मू कश्मीर के नौजवानों ने इनको आईना दिखा दिया।

# तीसरे चरण की 94 सीटों के लिए अधिसूचना जारी

- **19 अप्रैल तक कराए जा सकेंगे नामांकन**
- **बैतूल संसदीय क्षेत्र में 7 मई को भी मतदान**

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण में मतदान सात मई को कराए जाएंगे। भारत के राजपत्र में जारी अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण के चुनाव के लिए मतदान सात मई को कराएं जाएंगे। अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण में 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 94 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और मध्य प्रदेश में बैतूल संसदीय क्षेत्र के स्थगित चुनाव के लिए 7 मई, 2024 को मतदान होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए सभी सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई और नामांकन 19 अप्रैल तक कराए जा सकेंगे। पर्चों की जांच 20 तारीख को होगी और नाम 22 तारीख तक वापस लिए जा सकेंगे। मध्य प्रदेश के बैतूल (अजा) संसदीय क्षेत्र में स्थगित मतदान के लिए अलग से अधिसूचना भी शुक्रवार को जारी की गई। इस सीट के लिए दूसरे चरण में होने वाला चुनाव बहुजन समाज पार्टी के एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण स्थगित कर दिया गया था।





## पहले चरण की चुनाव तैयारियों की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आम चुनाव-24 के पहले चरण की तैयारियों की चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षा की है। आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और दो चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ सुखबीर सिंह संधू ने देश भर में 350 से अधिक चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ ऑनलाइन बैठक में बातचीत की। कुल सात चरणों में कराए जा रहे इस संसदीय चुनाव के पहले चरण में मतदान 19 अप्रैल को कराए जाएंगे।

मंत्री आतिशी का बड़ा आरोप

# दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश

**नई दिल्ली,**12 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी शासित केंद्र सरकार राजनैतिक साजिश के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है। सुश्री आतिशी ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार राजनैतिक साजिश के तहत





- **लोकप्रिय सरकार को गिराना चाहती है भाजपा**

दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि, दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी, गैर संवैधानिक और दिल्ली की जनता के जनादेश के खिलाफ होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है वह दिल्ली में चुनाव नहीं जीतने वाली इसलिए अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की लोकप्रिय सरकार को गिराना चाहती है। 'आप'नेता ने कहा, दिल्ली की चुनी हुई सरकार के खिलाफ एक बहुत बड़ा राजनैतिक षड्यंत्र रचा जा रहा है।

विदेश मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

# अगली सूचना तक ईरान या इजराइल की यात्रा न करें

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने शुक्रवार को अपने नागरिकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की, जिसमें उन्हें 'अगली सूचना तक' ईरान और इजरायल की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा जारी यात्रा सलाह में कहा गया है, 'मौजूदा स्थिति को देखते हुए, सभी भारतीयों को अगली सूचना तक ईरान या इजरायल की यात्रा न करने की सलाह दी जाती है।' इसमें कहा गया है, 'जो लोग वर्तमान में ईरान या इजरायल में हैं, उनसे अनुरोध है कि वे वहां भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। उनसे यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे अपनी सुरक्षा के बारे में सावधानी बरतें और अपनी गतिविधियों को सीमित रखें।'





**लापरवाही** अस्पतालों में मरीजों के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

# देश में 45 फीसदी डॉक्टर लिख रहे अधूरा पर्चा

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार कि करीब 45 फीसदी डॉक्टर आधा-अधूरा पर्चा लिख रहे हैं, जो सीधे तौर पर मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ है। ओपीडी में मरीजों को शुरुआती चिकित्सा सलाह देने वाले डॉक्टर जल्दबाजी में बड़ी लापरवाही कर रहे हैं।

13 नामचीन सरकारी अस्पतालों का सर्वे कराने के बाद तैयार आईसीएमआर की इस रिपोर्ट के बाद अब सरकार इस लापरवाही को रोकने के लिए सख्त कदम उठा सकती है।

**7,800 मरीजों के पर्चे लिए गए**

साल 2019 में आईसीएमआर ने दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को लेकर एक टास्क फोर्स बनाई, जिसकी निगरानी में अगस्त, 2019 से अगस्त, 2020 के बीच 13 अस्पतालों की



ओपीडी में सर्वे किया गया। इनमें दिल्ली एम्स, सफदरजंग अस्पताल, भोपाल एम्स, बड़ौदा मेडिकल कॉलेज, मुंबई जीएसएमसी, ग्रेटर नोएडा स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज, सीएमसी वेल्लोर, पीजीआई चंडीगढ़ और इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज पटना मुख्य तौर

- **आईसीएमआर की रिपोर्ट में हुआ खुलाया**
- **13 बड़े सरकारी अस्पतालों का किया सर्वे**

पर शामिल हैं। इन अस्पतालों से कुल 7,800 मरीजों के पर्चे लिए गए। इनमें से 4,838 की जांच की गई, जिनमें से 2,171 पर्चों में खामियां मिलीं। हैरानी तब हुई जब 475, यानी करीब 9.8त्न परचे पूरी तरह गलत पाए गए। यह ऐसी स्थिति है, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह भी गौर किया गया कि पैंटोप्राजोल, रेबेप्राजोल-डोमपेरिडोन व एंजाइम दवाएं सर्वाधिक मरीजों को लेने की सलाह दी गई, जबकि ऊपरी श्वास नली संक्रमण व उच्च रक्तचाप के परचे सबसे ज्यादा गलत मिले।

**पर्चे लिखने वाले सभी डॉक्टर थे विशेषज्ञ**

प्रिस्क्रिप्शन का परीक्षण किया गया, उन्हें लिखने वाले लगभग सभी डॉक्टर स्नातकोत्तर हैं और प्रैक्टिस करते चार से 18 साल तक हो चुके हैं।

## सार संक्षेप

### बसपा ने नौ उम्मीदवारों की नई सूची जारी की



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को नौ पार्टी उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी। भीम राजभर को आजमगढ़ सीट से टिकट दिया गया है, वहीं घोसी सीट से पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान चुनाव लड़ेंगे। एटा से मो इरफान, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडे, बस्ती से दयाशंकर मिश्रा, गोरखपुर से जावेद सिमनानी, चंदौली से सत्येन्द्र कुमार मौर्य और राबर्टसगंज से धनेश्वर गौतम को पार्टी उम्मीदवार घोषित किया गया है।

### के कविता को 15 तक सीबीआई हिरासत में भेजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी घोटाले के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान पार्षद के. कविता को 15 अप्रैल तक केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में शुक्रवार को भेज दिया। राजधानी के राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने सीबीआई की ओर से पांच दिनों की हिरासत के अनुरोध पर विचार के बाद यह आदेश पारित किया।

### सपा के कुशीनगर व कौशांबी से उम्मीदवार घोषित



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) ने शुक्रवार को एक और सूची जारी की। इस सूची में दो प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई है। पार्टी ने कौशांबी से पुष्पेंद्र सरोज और कुशीनगर से अजय सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

### भाजपा के बागी केएस ईश्वरप्पा ने किया नामांकन



**शिवमोग्गा।** कर्नाटक भाजपा के बागी नेता के.एस. ईश्वरप्पा ने शुक्रवार को हाई-प्रोफाइल शिवमोग्गा लोक सभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। ईश्वरप्पा ने हजारों समर्थकों की उपस्थिति में एक जुलूस के साथ धूमधाम से अपना नामांकन दाखिल किया। बीजेपी की आपत्ति के बावजूद ईश्वरप्पा ने जुलूस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर और बैनर का इस्तेमाल किया।

### भाजपा 14 को जारी करेगी अपना चुनाव घोषणा पत्र!

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में अब महज 6 दिन ही बचे हैं। इससे पहले राजनीतिक दल अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी कर रहे हैं। कांग्रेस पहले ही जारी कर चुकी है। सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा 14 अप्रैल को अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।

# देश

उवाच

‘बिहार ने मोदी जी को 40 में से 39 सांसद दिए। केंद्र में 10 साल से भाजपा सरकार, 17 साल से बिहार में सरकार, केंद्र में मंत्री। दिल्ली में इनका शासन, पटना में इनका शासन प्रशासन। सीबीआई, ईडी, आईटी और मीडिया का एक वर्ग इनके साथ: **तेजस्वी यादव, पूर्व उप मुख्यमंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 39.4 | 21.7 |
| मुंबई | 33.1 | 24.4 |
| कोलकाता | 36.0 | 24.5 |
| चेन्नई | 34.6 | 25.7 |

# आठ करोड़ घरों तक पहुंचा रही है कांग्रेस ‘पांच न्याय 25 गारंटी’

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 में अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज चुनावी घोषणापत्र ‘पांच न्याय 25 गारंटी’ की आठ करोड़ प्रतियां घर-घर तक पहुंचा रही है।

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ‘ पांच न्याय 25 गारंटी’ घोषणा पत्र का वितरण आठ करोड़ घरों तक किया जा रहा है। इसके अलावा एक करोड़ नागरिकों को यह दस्तावेज डिजीटली वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा, घर-घर वितरित की जा रही आठ करोड़ प्रतियों के अलावा कांग्रेस पार्टी ने देश भर में कम से कम एक करोड़ लोगों को डिजिटल रूप से भी



अपनी ‘पांच न्याय 25 गारंटी’ को भेजा है।’ श्री रमेश ने कहा कि देश में कांग्रेस की पांच न्याय 25 गारंटी का जबरदस्त स्वागत हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता

**एक करोड़ नागरिकों को यह दस्तावेज डिजीटली वितरित किया जाएगा : जयराम रमेश, कांग्रेस प्रवक्ता**

पार्टी (भाजपा) अभी तक चुनावी घोषणा पत्र के लिए मात्र एक समिति का गठन कर पायी जबकि कांग्रेस अपनी गारंटी के साथ अंतिम मतदाता तक पहुंच रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, ‘हमें जो रिस्पांस मिला है वह अभूतपूर्व है। ऐसे समय में जब भाजपा ने अभी तक सिर्फ एक घोषणापत्र समिति का गठन किया है, हम अपनी गारंटी के साथ अंतिम मतदाता तक पहुंच रहे हैं।’

## शिवसेना (यूबीटी) के मुंबई नॉर्थ सीट पर चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करने से कांग्रेस खफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक और घटनाक्रम में शिवसेना (यूबीटी) ने मुंबई नॉर्थ लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है, जबकि अब यह सीट कांग्रेस को दी जा चुकी है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा, ‘अगर हमें यह सीट आवंटित की गई, तो हम यहां से चुनाव लड़ेंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारा प्रत्याशी यहां जरूर जीत का परचम लहराएगा।’ इसके साथ ही, शिवसेना (यूबीटी) के विनोद घोसालकर ने नॉर्थ मुंबई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है और यह विश्वास भी जताया कि वो भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पीयूष गोयल को पराजित करने में सफल होंगे। घोसालकर ने कहा, ‘सवाल यह नहीं है कि मेरा विरोधी या प्रतिद्वंदी कौन है? जमीनी हकीकत यह है कि यहां मेरा आधार मजबूत है और यहां जनता का समर्थन मुझे प्राप्त है। लोग शिवसेना (यूबीटी) के प्रत्याशी को चुनावी मैदान में देखने के लिए आतुर हैं। फरवरी में यहां के लोग मेरे बेटे की हत्या से स्तब्ध थे।’ राऊत और घोसालकर के दावे से शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के बीच टकराव बढ़ सकता है। अब तक, कांग्रेस ने मुंबई नॉर्थ में अपना कोई भी उम्मीदवार नहीं उतारा है। वहीं, पार्टी ने राऊत और घोसालकर के ताजा बयान पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से साफ इनकार कर दिया है। बता दें कि घोसालकर जिस सीट से चुनाव लड़ने का दावा कर रहे हैं, वो बीजेपी का गढ़ है। गौरतलब है कि पूर्व नगर निगम पार्षद अभिषेक वी. घोसालकर की शुक्रवार शाम (8 फरवरी) स्थानीय बदमाशों ने फेसबुक लाइव के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसने मुंबईवासियों को झकझोर कर रख दिया था।

## मैंने अनिल एंटनी को अपने बेटे की तरह बढ़ाया : शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के वर्तमान सांसद व पार्टी उम्मीदवार शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने पार्टी में अनिल एंटनी को अपने बेटे की तरह बढ़ावा दिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व रक्षा मंत्री ए.के.एंटनी के बेटे अनिल एंटनी केरल की पथानामथिट्टा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं। शशि थरूर ने कहा, ‘मैंने अनिल को अपने बेटे की तरह प्रमोट किया और अब वह जो भाषा बोलता है, उसे सुनकर मैं अवाक हूं। कांग्रेस पार्टी में ऐसी संस्कृति नहीं है। काश वह अपने पिता एंटनी के प्रति अधिक सम्मान दिखाते और प्रेम से बात करते। यह उन्हें तय करना है और आपको उनसे पूछना है कि वह ऐसा क्यों बोलते हैं।’

थरूर ने शुक्रवार को यहां एक टीवी चैनल से बात करते हुए कहा, ‘पथानामथिट्टा में हार के बाद अनिल को कुछ चीजों का एहसास होगा।’ लगातार चौथी जीत का लक्ष्य लेकर चल रहे थरूर ने कहा कि स्थिति वैसी ही है, जैसी 2019 के चुनाव में थी और उससे पहले भी थी।

# उमर अब्दुल्ला उतरेंगें मैदान में बारामुल्ला से किस्मत आजमाएंगें

**जम्मू,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला उत्तरी कश्मीर की संसदीय सीट बारामुल्ला-कुपवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। श्रीनगर संसदीय सीट पर नेशनल कांफ्रेंस ने शिया नेता और पूर्व मंत्री आगा रुहल्ला को अपना उम्मीदवार बनाया है।

उत्तरी कश्मीर में अब मुख्य मुकाबला नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और पीपुल्स कांफ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन में देखने को मिलेगा। श्रीनगर संसदीय सीट पर फिलहाल त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिलेगा। नेशनल कांफ्रेंस के आगा रुहल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के वहीद उर रहमान पारा और जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी के मोहम्मद अशरफ मीर श्रीनगर सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी ने अभी अपने उम्मीदवार तय नहीं किए हैं।



**■ श्रीनगर संसदीय सीट पर फिलहाल त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिलेगा**

आगा सैयद रुहुल्ला मेहदी प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे हैं। मध्य कश्मीर की बडगाम सीट से वह तीन बार विधायक रह चुके हैं। वह अपने पिता आगा सैयद मेहदी के उत्तराधिकारी के रूप में जाने-माने शिया धर्मगुरु माने जाते हैं।

उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर संसदीय सीट को छोड़ दिया है जो नेशनल कांफ्रेंस विशेषकर अब्दुल्ला परिवार का मजबूत गढ़ माना जाता है। इसी संसदीय सीट से उमर अब्दुल्ला तीन बार चुनाव जीते हैं। उनके पिता डा फारूक अब्दुल्ला और उनकी दादी बेगम अकबर जहां भी इसी सीट से सांसद निर्वाचित हो चुकी हैं।

परिसीमन के बाद श्रीनगर संसदीय सीट का भूगोल और सामाजिक परिदृश्य भी बदला है। इसके अलावा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के वहीद उर रहमान पारा और जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी के मोहम्मद अशरफ मीर श्रीनगर सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। मोहम्मद अशरफ मीर ने वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव मे उमर अब्दुल्ला को हराया था। दूसरी तरफ बारामुल्ला-कुपवाड़ा संसदीय सीट पर कांग्रेस के सहयोग और गुज्जर-बक्करवाल समुदाय में पुरानी पकड़ को देखते हुए नेकां की स्थिति को मजबूत माना जा रहा है। उत्तरी कश्मीर में अब मुख्य मुकाबला नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और पीपुल्स कांफ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन में देखने को मिलेगा। श्रीनगर संसदीय सीट पर फिलहाल त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिलेगा। नेशनल कांफ्रेंस के आगा रुहुला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के वहीद उर रहमान पारा और जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी के मोहम्मद अशरफ मीर श्रीनगर सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष को कोर्ट का नोटिस

**इंदौर।** मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर विधानसभा चुनाव में चुनाव जीतने के लिए गलत तरीके अपनाने का आरोप लगा है। भाजपा के उम्मीदवार सरदार सिंह मेढा द्वारा निर्वाचन को चुनौती देने वाली दायर की गई याचिका पर उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने नोटिस जारी किया है। नेता प्रतिपक्ष धार जिले के गंधवानी क्षेत्र से विधायक हैं और उन्होंने वर्ष 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार सरदार सिंह को परास्त किया था। चुनाव में भाजपा उम्मीदवार 22 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से हारे थे। भाजपा उम्मीदवार सरदार सिंह ने कांग्रेस के विधायक और नेता प्रतिपक्ष सिंघार पर जानकारी छुपाने के साथ गलत तरीके से चुनाव जीतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि चुनाव प्रचार के दौरान उनके वाहन से शराब बरामद की गई थी।

### मीडिया पर भड़की मीसा भारती, कहा- मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर किया गया पेश

**पटना।** राजद की नेता और पाटलिपुत्र से उम्मीदवार मीसा भारती शुक्रवार को पीएम और भाजपा के नेताओं को जेल भेजने वाले अपने बयान से पलट गईं। उन्होंने मीडिया पर ही बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मीडिया एजेंडा सेट कर रही है। उन्होंने मीडिया को नसीहत देते हुए कहा कि मीडिया एजेंडा सेट ना करे, नेताओं को करने दें। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए पिछले बयान से पलटते हुए कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को लेकर उन्होंने बयान दिया था। उन्होंने कहा कि हमने कहा था कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार आएगी तो पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा कार्रवाई की जाएगी।

### बंगाल सरकार ने जीटीए शिक्षक भर्ती मामले में पार्थ चटर्जी को नामित करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, जो राज्य में स्कूलों में नौकरी के बदले करोड़ों रुपये वसूली के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं, अब और मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। अब शिक्षा विभाग ने उत्तर बंगाल में दार्जिलिंग, कर्सियांग और कलिम्पोंग की पहाड़ियों के लिए नागरिक प्राधिकरण, गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) के तहत स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक शिकायत दर्ज की है। सूत्रों ने कहा कि शिकायत बुधवार को बिधाननगर (उत्तर) पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने गुरुवार को मामले में एफआईआर दर्ज की।

## हिना शहाब ने ठुकराया लालू का ऑफर, कहा

# हरहाल में निर्दलीय लडूंगी चुनाव, वे बड़े नेता हैं अपनी जुबान बदलते रहते हैं

**पटना,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। राजद के लिए सिवान लोकसभा सीट कांटों भरा ताज साबित हो रहा है। जहां राजद इस इंतजार में है कि पूर्व बाहुबली सांसद मो. शहाबुद्दीन की पत्नी ईद के मौके पर उनके पास आकर मुलाकात करेंगी और सभी गिले-शिकबे भुलकर राजद के सिंबल पर चुनाव मैदान में उतरेंगी। वहीं, हिना शहाब ने बड़ा फैसला ले लिया है। उन्होंने कहा कि वह हर हाल में सिवान से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगी।

दरअसल, हिना शहाब ने साफ शब्दों में कहा कि वह बार-बार कह रही हैं कि सीवान लोकसभा सीट से वह निर्दलीय ही चुनाव मैदान में जायेंगी। उन्होंने कहा कि मैं एकबार फिर कहती हूं कि मेरा निर्दलीय चुनाव लड़ना तय है। मैं अभी भी अपने बयान पर कायम हूं। हिना शहाब के इस बयान के बाद उम्मीद की जा रही है कि राजद एक से दो दिनों में सीवान से उम्मीदवारी पर अंतिम निर्णय ले लेगा। हिना शहाब ईद का मुबारकबाद देने अपने गांव प्रतापपुर में दिनभर मशगुल रहीं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मैं कोई राजनीतिज्ञ नहीं हूं। मैं एक साधारण जनता हूं और नेताओं की जुबान बदलते रहती है। जनता की जुबान नहीं। हमने एक बार नहीं, बार-बार कहा है कि इस बार निर्दलीय चुनाव लडूंगी तो उसी से सबकुछ साफ़ हो जाता है।

इधर, पार्टी सूत्रों के मुताबिक सिवान के लिए हिना शहाब के सकारात्मक जवाब के लिए पार्टी अब और अधिक इंतजार करने के मूड में नहीं है। राजद इस बार लोकसभा चुनाव में 23 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। लेकिन दो दिन पूर्व राजद मुख्यालय द्वारा सिवान को छोड़ सभी सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा के कारण यह अटकल लगाया जा रहा था कि सिवान सीट पर हिना के नाम पर पार्टी नेतृत्व द्वारा चर्चा करने व हिना के हामी भरने तक इंतजार किया जाएगा।

## बेंगलुरु कैफे विस्फोट मामला

# एनआईए को मिली गिरफ्तार संदिग्धों की ट्रांजिट रिमांड

**■ एनआईए ने 3 मार्च को बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट की जांच अपने हाथ में ली थी**

**बेंगलुरु,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को शुक्रवार को बेंगलुरु के एक कैफे में 1 मार्च को हुए विस्फोट के सिलसिले में कोलकाता के बाहरी इलाके से गिरफ्तार दो व्यक्तियों की तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड मिल गई।

गिरफ्तार अब्दुल मतीन ताहा और मुसाविर हुसैन शाजेब बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में कम तीव्रता वाले विस्फोट के बाद से फरार थे। गिरफ्तारी के बाद, दोनों को कोलकाता की एक विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया, जिसने एजेंसी को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड दी। इस बीच, सूत्रों ने पुष्टि की है कि संदिग्ध हमलावरों को बेंगलुरु लाया जा रहा है।

एनआईए ने एक महीने तक चली तलाशी के बाद बेंगलुरु कैफे विस्फोट मामले में मास्टरमाइंड सहित दो फरार व्यक्तियों को कोलकाता के पास उनके ठिकाने पर ट्रैक कर गिरफ्तार कर लिया है। एनआईए ने मुसाविर



**मुज्जमिल शेरिफ आईईडी विस्फोट को अंजाम देने में अन्य दो आरोपियों को साजो-सामान की मदद मुहैया करने में शामिल था : एनआईए**

हुसैन शाजिब की पहचान कैफे में आईईडी लगाने वाले व्यक्ति के रूप में की थी, जबकि अब्दुल मतीन ताहा साजिश के पीछे का मास्टरमाइंड था। उसने विस्फोट की योजना बनाई थी और उसे अंजाम दिया था, जिससे कैफे में कई ग्राहक और कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

अदबुल मतीन ने ही भागने की योजना पर भी काम किया और एक महीने से ज्यादा समय तक गिरफ्तारी से बचने में कामयाब रहा।

एनआईए ने कहा कि दोनों अपने सह-आरोपी माज़ मुनीर अहमद के साथ पहले आतंकी मामलों में शामिल थे। एनआईए ने 3 मार्च को बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट की जांच अपने हाथ में ली थी। उसने माज़ मुनीर अहमद और मुज़्ज़मिल शेरिफ के साथ इन दोनों आरोपियों की पहचान उन व्यक्तियों के रूप में की थी, जिन्होंने 1 मार्च को हुए विस्फोट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। एनआईए ने कहा कि मुज्जमिल शेरिफ आईईडी विस्फोट को अंजाम देने में अन्य दो आरोपियों को साजो-सामान की मदद मुहैया करने में शामिल था। विभिन्न अन्य केंद्रीय एजेंसियों और कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना के पुलिस विभागों के साथ समन्वय में काम करने के बाद एजेंसी ने आखिरकार शुक्रवार को दोनों को कोलकाता में ढूंढ लिया। यह जानने पर कि आतंकवादी फर्जी पहचान के तहत कोलकाता के पास एक लॉज में रह रहे थे, एनआईए ने पश्चिम बंगाल पुलिस से सहायता के लिए अनुरोध किया, जिससे तलाशी अभियान सफल हुआ और दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी हुई।

# महाराष्ट्र : बेमौसम बारिश से किसानों की फसल बर्बाद, सरकार का मदद का वादा

**मुंबई,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के राहत

**■ राज्य के 11 जिलों में बेमौसम बारिश की वजह से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा**

एवं पुनर्वास विभाग ने बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान का आकलन करने का निर्देश दिया है। राज्य के 11 जिलों में बेमौसम बारिश की वजह से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। ज्वार, गेहूं, आम, संतरे, केले और रबी की बुरी तरह प्रभावित फसलें 50,000 हेक्टेयर भूमि पर फैली हुई हैं। मौसम विभाग ने बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि की आगे भी संभावना जताई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि, महाराष्ट्र के कृषि मंत्री



धनंजय मुंडे ने कहा कि जिला प्रशासन को नुकसान हुए फसलों का आकलन करा कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। मंत्री ने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने की वजह से वर्तमान में किसानों को किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता प्रदान करना मुश्किल है। हालांकि, राज्य सरकार ने किसानों को आश्वस्त किया है कि उन्हें हर मुमकिन सहायता प्रदान की जाएगी।

बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की गतिविधियां अहम हो जाती हैं। वहीं, मुख्य विपक्षी दल शिवसेना यूबीटी, एनसीपी, एसपी और कांग्रेस ने किसानों की फसलों को हुए नुकसान को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए स्पष्ट कर दिया है कि राज्य सरकार किसानों की फसलों को हुए नुकसान को ध्यान में रखते हुए हर मुमकिन आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। अकेले अमरावती जिले में 40,000 हेक्टेयर में फैले संतरे, आम, केले सहित रबी फसलों और फलों को गंभीर नुकसान हुआ। निकटवर्ती अकोला में 74 गांवों में 4,060 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फैली फसलें प्रभावित हुईं।

# मैंने सियासत में परिवार के किसी भी सदस्य को आगे नहीं बढ़ाया : नीतीश कुमार

**नवादा,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को चुनाव प्रचार की शुरुआत अपने गृह जिला नालंदा में रोड शो से की। उन्होंने बिहार शरीफ के देवी सराय से लेकर कारगिल चौक तक रोड शो किया। इस दौरान जदयू के लोकसभा प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के समर्थन में मतदाताओं से वोट करने की अपील की। रोड शो के दरम्यान बड़ी संख्या में जदयू, भाजपा, लोजपा के दोनों गुट और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने नवादा के वारिसलीगंज में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर के लिए



वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने राजद पर परिवारवाद और जंगलराज को लेकर जमकर निशाना साधा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए राजद के शासनकाल को पति-पत्नी का राज बताते हुए कहा कि इन लोगों ने 15 साल तक सरकार

**इन लोगों ने 15 साल तक सरकार चलाया। उस दौरान बिहार में कोई विकास नहीं हुआ। राजद के राज में कोई शाम में नहीं निकलता था। जब 2005 के बाद हम लोगों की सरकार आई तब बिहार में विकास का काम हुआ: नीतीश कुमार**

चलाया। उस दौरान बिहार में कोई विकास नहीं हुआ। राजद के राज में कोई शाम में नहीं निकलता था। जब 2005 के बाद हम लोगों की सरकार आई तब बिहार में विकास का काम हुआ। उन्होंने इस दौरान लोगों को यह भी भरोसा दिलाया कि अब वे भाजपा से अलग नहीं होने वाले हैं।

## बिना सुरक्षा और सरकारी अमले के किसी गांव में पैदल नहीं चल सकते नीतीश कुमार : प्रशांत किशोर

**पटना।** जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके शासनकाल के लिए लोग अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। निचले स्तर तक जनता के बीच नीतीश कुमार के खिलाफ आक्रोश है। प्रशांत किशोर ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि सीएम नीतीश कुमार बिहार के किसी गांव में बिना सुरक्षा और सरकारी अमले के पैदल नहीं चल सकते। आज बिहार में अफसरशाही, भ्रष्टाचार अपने चरम पर है।

## भाजपा विधायक ने पार्टी के खिलाफ खोला मोर्चा

# मुझे डबल इंजन सरकार पर भरोसा नहीं : राजू सिंह

**मुजफ्फरपुर,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार में भाजपा की स्थिति अजीबो गरीब हो गई है। पार्टी के नेता लगातार आलाकमान को चुनौती दे रहे हैं। अब एक विधायक ने जनसभा कर कहा है-लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करिए। बीजेपी के विधायक ने कहा-मुझे डबल इंजन की सरकार पर कोई भरोसा नहीं है, पार्टी को जो करना है कर ले, मैं डरने वाला नहीं। ये बयान है मुजफ्फरपुर के साहेबगंज से भाजपा विधायक राजू सिंह का है राजू सिंह ने

**■ साहेबगंज से भाजपा विधायक बोले, मतदान का बहिष्कार करों**

मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र के गायघाट क्षेत्र में अपने स्वजातीय लोगों के साथ सभा की। सभा में पार्टी के खिलाफ खुला मोर्चा खोल दिया। विधायक ने लोगों से वोट बहिष्कार करने को कहा। अपनी पार्टी और गठबंधन की सरकार को ही जमकर कोसा । विधायक राजू सिंह ने लोगों के बीच कहा लोगों का विश्वास डबल इंजन की सरकार से



खत्म हो गया है। लोगों को ये भ्रम होगा कि पहले पार्टी है तो मैं हूं। लेकिन मैं समझता हूं कि पहले मेरे लोग हैं तब पार्टी है। अभी लोकसभा



चुनाव है तो वोट मांगने नेता आएंगे। आप वोट का बहिष्कार करिये। आप लोग एकजुट होकर वोट का बहिष्कार करने का एलान करिए।

### लोगों को न्याय नहीं मिल रहा

विधायक राजू सिंह ने कहा कि हम लोगों को डबल इंजन की सरकार से न्याय नहीं मिल रहा है इसलिए हमलोगों को इस सरकार पर विश्वास नहीं है। पार्टी मेरे साथ क्या करेगी इसकी चिंता मैं नहीं करता। मैं विधायक रहूं या नहीं रहूं मुझे इसकी परवाह नहीं। मैं समाज के साथ खड़ा रहूंगा। विधायक राजू सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में महिलाओं की इज्जत को तार-तार किया जा रहा है। ऐसी सरकार में विधायक बन कर रहने का क्या मतलब है। मैं विधायक नहीं रहने को तैयार हूं। राजू सिंह ने कहा कि मैं इस लड़ाई को छोड़ने वाला नहीं हूं और मैं इसके लिए आचार संहिता की भी परवाह नहीं करूंगा। गायघाट में विधायक के स्वजातीय लोग पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस के खिलाफ ही एक जाति के लोगों ने आज मीटिंग बुलायी थी। विधायक राजू सिंह उसी बैठक में शामिल होने पहुंचे थे और वहीं ये एलान कर दिया कि डबल इंजन सरकार पर भरोसा नहीं है।

उल्टा पुल्टा

पत्नी : 'पहले मेरा फिगर पेप्सी की बोतल की तरह था ...'
पति : 'वो तो अभी भी है...'
पत्नी खुश होकर : 'सच ...'
पति :'हां, पहले 300 एमएल की थी, अब 2 लीटर की है...!!!'

# बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं के लिए होगा घर से मतदान का विकल्प

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। कई बार दिव्यांगता और बुढ़ापे के कारण बड़ी संख्या में लोग मतदान नहीं कर पाते हैं। इससे देश में मतदान प्रतिशत कम होता जा रहा है। ऐसे में चुनाव आयोग पहली बार पोस्टल बैलेट के जरिए ऐसे मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा देने जा रहा है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए दिल्लीवाले 25 अप्रैल तक फॉर्म भर सकते हैं। दिव्यांग या 85 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए घर से मतदान करने या उन्हें मतदान केंद्र तक लाने व ले जाने की सुविधा चुनाव आयोग की ओर से दी जा रही है। इसके लिए ऐसे मतदाताओं को मतदाता फॉर्म 12 डी भरकर जमा करना होगा। यदि मतदाता को फार्म भरने में असुविधा हो रही है, तो इस फॉर्म को भरने में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) मतदाताओं की मदद करेंगे। यह फॉर्म चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। इसके बाद खुद फार्म भरकर रिटर्निंग आफिसर को जमा करें या बीएलओ की सहायता से फॉर्म भरकर जमा करा सकते हैं।

- **वोटिंग के लिए 25 अप्रैल तक भर सकते हैं फार्म**
- **मतदाता फॉर्म 12 डी भरकर जमा करना होगा**

दिल्ली में फॉर्म भरकर रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा करने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल निर्धारित की गई है। सुविधा का लाभ लेने के लिए निर्धारित समय से पहले ही पात्र मतदाता इस फॉर्म को भर दें।

**रिटर्निंग आफिसर तय करेंगे कैसे कराना है मतदान**

फार्म जमा करने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर स्थिति को देखते हुए निर्धारित करेंगे कि घर पर पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान कराना है या गाड़ी भेजकर दिव्यांग या बुजुर्ग व्यक्ति को मतदान केंद्र तक पिकअप एंड ड्रॉप की सुविधा देनी है। घर पर मतदान के लिए दो पोलिंग अधिकारी, वीडियोग्राफर और सुरक्षा कर्मी टीम निर्धारित तारीख और समय पर मतदाता के घर जाएगी। मतदाता को इसकी सूचना उसके मोबाइल नंबर पर पहले ही दे दी जाएगी, जिससे की वह घर पर उस वक्त मौजूद रहें। यदि किसी कारणवश पहली बार मतदाता घर पर नहीं है तो टीम दूसरी बार भी घर जाएगी।



### मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी मिलेगी सुविधा

मतदान के दिन अपने कार्य में व्यस्त होने के कारण कोई पत्रकार अपना मत देने के अधिकार से वंचित न रह जाए इसके लिए चुनाव आयोग पहली बार पोस्टल बैलेट के जरिए मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मतदान की सुविधा देने जा रहा है। इसके लिए उन्हें 30 अप्रैल से पहले फॉर्म 12 डी भरकर जमा करना होगा। फार्म जमा होने के बाद 3 मई तक रिटर्निंग ऑफिसर तक पहुंचेगा इसके बाद पत्रकार पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान कर सकेंगे।

**दिल्ली में 80 वर्ष से अधिक मतदाताओं की संख्या**

कुल मतदाता : 2,63,771
पुरुष : 1,29,059
महिला : 1,34,705

**दिल्ली में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या**

कुल मतदाता : 71,794
पुरुष - 44,439
महिला - 27,350

# भाजपा की भेदभाव की नीति के कारण स्वच्छ पेयजल के लिए तरस रहे दिल्लीवाले : कांग्रेस

## दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुकी है यमुना नदी

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत को विकसित बनाने का ढोल पीट रही भाजपा की केंद्र सरकार दिल्ली में जल आपूर्ति करने वाली यमुना नदी को साफ करने में पूरी तरह विफल रही है। भाजपा सरकार और उनके सांसदों की असंवेदनशीलता और निष्क्रियता के कारण पवित्र यमुना नदी नाला बनकर गई है। यह कहना है कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का। शुक्रवार को लवली ने कहा कि भाजपा सरकार की सत्ता का केंद्र में आने बाद पर्यावरणीय मुद्दों के मामलों का प्रबंधन करने वाले सभी भाजपा के मंत्री, सांसद तथा शीर्ष अधिकारियों के बैठने के बावजूद, जहरीली वायु और जल प्रदूषण राजधानी दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि गर्मी का तापमान बढने् के साथ यमुना में पानी का प्रवाह एक पतली धारा में सिमट रह गया है, जो नदी में गिरने वाले नालों के गंदे और अपशिष्ट जल से भर गया है, क्योंकि केंद्र सरकार ने भाजपा शासित हरियाणा सरकार से अधिक पानी छोड़ने के निर्देश को रोका हुआ है। उन्होंने कहा कि राजधानी के अधिकांश इलाके या तो गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं, या वहां गंदा पानी मिल रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की भेदभाव की नीति के कारण स्वच्छ पेयजल के लिए तरस रहे दिल्ली वालों की दुर्दशा चिंताजनक है। लवली ने याद दिलाया कि 23 अगस्त, 2017 को, राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने यमुना नदी के कायाकल्प और पुर्नस्थापना पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर पर्यावरण मंत्रालय पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया था।



**भाजपा सरकार की भेदभाव की नीति के कारण स्वच्छ पेयजल के लिए तरस रहे दिल्ली वालों की दुर्दशा चिंताजनक है : कांग्रेस**

# मेट्रो यात्रियों को निशाना बनाने के आरोप में पांच महिलाएं गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने मेट्रो में यात्रा करने वाले यात्रियों को निशाना बनाने वाली पांच महिलाओं को गिरफ्तार कर शुक्रवार को चोरों के एक गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया।

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सभी आरोपी आनंद पर्वत की रहने वाली हैं। वे ध्यान भटकाने के लिए या झूठे आरोप लगाने के बहाने साथी यात्रियों से झगड़ा करने के लिए गोद में बच्चों को ले जाती थीं। पुलिस के अनुसार, 9 अप्रैल को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि जब वह राजीव चौक मेट्रो स्टेशन और राजेंद्र प्लेस मेट्रो स्टेशन के बीच ब्लू लाइन पर मेट्रो ट्रेन में यात्रा कर रही थी, तो कुछ अज्ञात लोगों ने उसका पर्स चुरा लिया, जिसमें 50 हजार रुपये नकद थे Kजांच के दौरान, पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों को स्कैन किया और राजेंद्र प्लेस की ओर ब्लू लाइन पर मेट्रो ट्रेन में चढ़ने तक पीड़िता की गतिविधियों पर नज़र रखी। पुलिस उपायुक्त (मेट्रो) के.पी.एस. मल्होत्रा ने कहा कि इसके बाद मेट्रो बोगी के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई और यह स्पष्ट हो गया कि भीड़ में पांच महिलाओं ने शिकायतकर्ता को चारों तरफ से घेर लिया था। हैरानी की बात यह है कि उनमें से दो की गोद में नवजात थे और दोनों शिकायतकर्ता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही थीं। इसके बाद पुलिस टीम ने आरके आश्रम मार्ग पर संदिग्धों की गतिविधियों के फुटेज देखे, जहां उन्हें स्टेशन से बाहर निकलते और एक ऑटोरिक्शा में चढ़ते देखा गया। डीसीपी ने कहा कि सभी आरोपी महिलाओं को विशिष्ट जानकारी के आधार पर 10 अप्रैल को कनॉट प्लेस इलाके से उस समय पकड़ा गया, जब वे राजीव चौक मेट्रो स्टेशन की ओर जा रही थीं। पूछताछ करने पर आरोपियों ने खुलासा किया कि वे सभी भीड़भाड़ वाले मेट्रो स्टेशनों पर चोरी करने के सामान्य इरादे से एक समूह में काम करने के लिए एकजुट हुई थीं।



# राज कुमार आनंद के आवास के बाहर 'आप' कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली मंत्रिमंडल एवं पार्टी से इस्तीफा देने वाले राज कुमार आनंद के पटेल नगर स्थित आवास के बाहर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। आप कार्यकर्ता अंकुश नारंग ने कहा कि पिछले चार साल से आनंद 'आप' के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने उन लोगों से कई विकास परियोजनाओं का वादा किया था, जिन्होंने उन्हें वोट दिया था। उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। आनंद पटेल नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और उन्होंने 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रवेश रत्न को हराकर जीत हासिल की थी।



- **कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया**

नारंग ने कहा कि आज आप के कई कार्यकर्ताओं और यहां तक कि पटेल नगर के निवासियों ने भी उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। हमारे कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में भी लिया।

आप को तब एक झटका लगा था, जब दिल्ली सरकार में समाज कल्याण सहित विभिन्न विभाग संभाल रहे आनंद ने बुधवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था और भ्रष्टाचार एवं पार्टी में दलितों को प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए आप भी छोड़ दी थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने कुछ आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है।

## सार संक्षेप

### परमात्मा महाचेतना का सागर है और हमारी आत्मा उसकी एक बूंद है : संत राजिन्दर सिंह



**नई दिल्ली।** बैसाखी के महीने में प्रकृति के लिहाज़ से पेड़-पौधें में नई कोपलें निकलनी शुरू हो जाती हैं, इनमें एक नई जिंदगी की शुरूआत होती है तो हमें भी इससे कुछ नया सबक लेना चाहिए जिससे कि हमारे जीवन में भी नई कोपलें फूटें ताकि हमारी नई ज़िंदगी का आरंभ हो और हमारे दिल से सभी भेदभाव मिट जाएं। हरेक समाज में बैसाखी का महीना कई तरह से मनाया जाता है। सन् 1699 में बैसाखी के दिन ही दशम गुरु साहिब, गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज ने खालसा पंथ (सिख पंथ) की शुरुआत की थी। इस दिन दशम गुरु साहिब ने पाँच प्यारों को चुना। बौद्ध लोगों के लिए भी यह दिन बड़ा मुबारक है। इसी दिन महात्मा बुद्ध का भी जन्म हुआ था। बैसाखी के दिन ही उन्हें आत्म-ज्ञान भी हुआ और इसी दिन उनका निर्वाण भी हुआ। महापुरुष जब-जब भी इस दुनिया में आते हैं, वे एक ही बात को बार-बार पेश करते हें, वह क्या है? कि मानुष जन्म बड़े भागों से मिलता है, जिसमें हम अपने निजघर वापिस जा सकते हैं। परमात्मा महाचेतना का सागर है और हमारी आत्मा उसकी एक बूंद है। परमात्मा प्रेम है, हमारी आत्मा उसका अंश होने के नाते प्रेम है, इसमें कुदरती तौर से प्रभु से मिलने का भाव है, इसका गुण है अपने प्रीतम से जुड़ना।

### चार राज्यसभा सांसदों ने की सुनीता केजरीवाल से मुलाकात



**नई दिल्ली।** पंजाब से आम आदमी पार्टी (आप) के चार राज्यसभा सांसदों ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। इन सांसदों में डॉ. संदीप पाठक, संजीव अरोड़ा, विक्रम साहनी और अशोक मित्तल शामिल रहे। हालांकि, पंजाब से आम आदमी पार्टी के दो अन्य राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह और बलबीर सिंह अभी भी अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से दूरी बनाए हुए हैं। वहीं राघव चड्ढा विदेश में हैं। आम आदमी पार्टी के मुताबिक पंजाब से आए राज्यसभा के इन सांसदों ने सुनीता केजरीवाल से कहा कि वे अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल कथित शराब पॉलिसी में घोटाले के आरोप में जेल में बंद हैं। केजरीवाल के जेल जाने के बाद पंजाब से 'आप' सांसदों की सुनीता केजरीवाल से यह पहली मुलाकात है।

### टाटा संस की नकल करने वाली फर्जी वेबसाइट को बंद करने का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर बनी एक फर्जी वेबसाइट को बंद करने का आदेश दिया है, जिसके जरिए एक पॉन्जी स्कीम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने वेबसाइट के पीछे की इकाई टाटा रीस्टार्ट के खिलाफ एक अंतरिम निषेधाज्ञा का निर्देश जारी किया, जिसमें उसे 'टाटा' नाम या टाटा संस द्वारा पंजीकृत नामों के समान किसी भी चिह्न का उपयोग बंद करने का आदेश दिया गया। अदालत ने वेबसाइट को तत्काल हटाने और डोमेन नाम रजिस्ट्रार को डोमेन को ब्लॉक या निलंबित करने का निर्देश दिया है।

# दिल्ली के स्कूलों में अयुद्ध ने इंटरैक्टिव तनाव प्रबंधन सत्र का किया आयोजन

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। तनाव स्कूली छात्रों के बीच एक आम समस्या हो गई है, जिसके कारण अक्सर एकेडमिक परफॉर्मेंस में कमी, चिंता और अवसाद होता है। तनाव प्रबंधन के महत्व को पहचानते हुए, माता अमृतानंदमयी मठ की युवा शाखा, अयुद्ध ने पुष्प विहार, साकेत में अमृता विद्यालयम स्कूल में एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया। इस आयोजन का उद्देश्य युवा छात्रों को तनाव से निपटने और उनके समग्र कल्याण को बढ़ाने के लिए प्रभावी उपकरणों और युक्तियां प्रदान करना था।

सत्र की अध्यक्षता अमृता विद्यालय की उपप्राचार्य सुश्री विजयालक्ष्मी आनंदन ने की, जिसमें ब्र. मोक्षामृता नेशनल कॉर्डिनेटर, ब्र. हर्षामृता रीज़नल कॉर्डिनेटर, और उमा स्टेट फेसिलिटेटर सहित अयुद्ध के प्रतिनिधि शामिल थे। साथ ही डॉ. मीनाक्षी, ध्रुव और आस्था ने छात्रों को होने वाले तनाव के कारणों और परिणामों के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रतिभागियों ने तनाव से निपटने के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण प्राप्त किया और तनाव प्रबंधन तकनीकें सीखीं। विजयालक्ष्मी ने कहा कि तनाव प्रबंधन पर इस व्यावहारिक सत्र की मेजबानी करके हमें खुशी हो रही है। प्रभावी तनाव प्रबंधन कौशल के साथ युवाओं को सशक्त बनाना उनके समग्र कल्याण और विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

**तनाव प्रबंधन पर इस व्यावहारिक सत्र की मेजबानी करके हमें खुशी हो रही है : विजयालक्ष्मी**

# गैर-शिक्षण व जीडीएमओ भी बन सकेंगे अस्पताल में विभागाध्यक्ष

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। सफदरजंग, लेडी हार्डिंग और डॉ. राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के विभागों में गैर-शिक्षण विशेषज्ञ और जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ) कैडर के अधिकारी भी विभागाध्यक्ष बन सकेंगे।

केंद्र सरकार के इन तीन अस्पतालों और संबंधित मेडिकल कॉलेजों में विभागाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इसमें इन अस्पतालों और संबंधित मेडिकल कॉलेजों में विभागाध्यक्ष की नियुक्ति के लिए स्थायी चयन समिति बनाई गई है। इस समिति के अध्यक्ष स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस), सफदरजंग, आरएमएल और लेडी हार्डिंग के प्रमुख सदस्य व एमएएमसी, बीएसएएमसी व जीबी पंत अस्पताल से एक प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनके माध्यम से विभागाध्यक्षों के चयन के लिए नोटिस जारी होगा। आवेदन आने पर शीर्ष पांच वरिष्ठ आवेदकों की पहचान की जाएगी। इनमें से चयन समिति वरिष्ठता, बैच वर्ष, रैंक, सेवा में शामिल होने की तिथि सहित अन्य के आधार पर चयन करेंगे।

विभागाध्यक्ष का चयन केवल तीन वर्ष की एक अवधि के लिए या 62 वर्ष की आयु तक के लिए किया जाएगा। सेवा पूरी करने के बाद विभागाध्यक्ष को अधिकतम एक बार वह उक्त पद के लिए मौका मिल सकेगा। हालांकि इसके लिए स्थायी चयन समिति का कार्यकाल खत्म होने से पहले नियम के तहत इस दिशा में फैसला करना होगा। इसके बाद केवल विभागाध्यक्षों की शेष सीटों के लिए समिति उपरोक्त निर्धारित प्रक्रिया का पालन करेगी। वहीं विभागाध्यक्षों को नियम के तहत समय से पहले हटाया भी जा सकेगा।




- **सफदरजंग, आरएमएल, और लेडी हार्डिंग अस्पताल को लेकर जारी हुए दिशा निर्देश**

# राष्ट्रपति शासन का भय केजरीवाल के दिमाग का गढ़ा झूठ : भाजपा



**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा की बांसुरी स्वराज ने कहा है की अरविंद केजरीवाल 9 साल से अधिक से एक संवेदनहीन सरकार चला रहे हैं, एक ऐसी सरकार चला रहे हैं जो लोकहित में नही सत्ताहित में काम करती रही है। बांसुरी स्वराज ने कहा की अरविंद केजरीवाल ने सत्ता की नीतियों को सेवा का नही पार्टी विस्तार के लिए फंड उगाहने का माध्यम बनाया है और आज जब उनकी सरकार के घोटाले पकड़े जा रहे हैं तो वह अपने विधायकों को राष्ट्रपति शासन का भय दिखा कर बांधे रखना चाहते हैं।

**अरविंद केजरीवाल ने सत्ता की नीतियों को सेवा का नहीं पार्टी विस्तार के लिए फंड उगाहने का माध्यम बनाया है : बांसुरी स्वराज**

दिल्ली भाजपा के मंत्री हरीश खुराना ने कहा है की जो राष्ट्रपति शासन लगाने का भय आज भ्रष्टाचार में फंसे अरविंद केजरीवाल अपने विधायकों को दिल्ली में दिखा रहे हैं वही भय हमने कुछ माह पहले झारखंड में हेमंत सोरेन को भी विधायकों को दिखाते देखा था। प्रवीण शंकर कपूर ने कहा 'आप' एक झूठ गढ़ने की मशीन है जो अपने सभी नेताओं को एक साथ झूठ गढ़ने में लगा देते हैं ताकि जनता को भ्रमित कर सकें। कपूर ने कहा है की आज आप ने अपने कई प्रवक्ता उतार कर जनता को राष्ट्रपति शासन को लेकर भ्रमित करने की कोशिश की।

## भाजपा ने दिल्ली के लिए लॉन्च किया विजय संकल्प गीत

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सातों सीटों पर फिर से जीत हासिल करने के लिए भाजपा जोरशोर से अपना चुनावी अभियान चला रही है।

दिल्ली के चुनाव प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ ने शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम और पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर हर मतदाता तक पहुंचने की नसीहत दी। इस मौके पर धनखड़ ने पार्टी का विजय संकल्प गीत भी लॉन्च किया। पार्टी सूत्रों की माने तो आने वाले दिनों में भाजपा दिल्ली के लिए एक और विजय संकल्प गीत को लॉन्च कर सकती है।



धनखड़ ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है और पार्टी के कार्यकर्ता हर बूथ पर कमल खिलाने के संकल्प के साथ चुनावी मैदान में उतर गए हैं। दिल्ली की जनता जर्नादन का भरपूर आशीर्वाद भाजपा के प्रत्याशियों को मिल रहा है। देश की जनता के साथ दिल्ली की जनता ने भी एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। अब पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि हर मतदाता के पास पहुंचकर कमल का बटन दबाने का आह्वान करें। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को अति आत्मविश्वास से बचने की नसीहत देते हुए यह भी कहा कि उन्हें हर मतदाता तक पंहुचना ही है, क्योंकि चुनावी मैदान में जो आखिरी तक लड़ता है, वही चुनाव जीतता है।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा–201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर–छपरौला की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या–सी.एच.एच.01156बी, भूखण्ड संख्या–35/3, क्षेत्रफल 123.51 वर्ग मीटर सर्वश्री गजराज, गजेन्द्र त्यागी पुत्रगण श्री ब्रहमजीत, निवासी ग्राम रोजा याकूबपुर, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री गजेन्द्र त्यागी पुत्र श्री ब्रहमजीत की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती सुधा पत्नी स्व० श्री गजेन्द्र त्यागी, सर्वश्री शिवम त्यागी, शुभम त्यागी पुत्रगण स्व० श्री गजेन्द्र त्यागी, निवासी ग्राम रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्रीमती सुधा पत्नी स्व० श्री गजेन्द्र त्यागी, निवासी–ग्राम–रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ–पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके श्रीमती सुधा पत्नी स्व० श्री गजेन्द्र त्यागी, निवासी–ग्राम–रोजा याकूबपुर ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

आज़ादी का अमृत महोत्सव
**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** 25 केवी एसी ओएचई संशोधन कार्य के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग "जींद–पानीपत सेक्शन पर एस एंड टी बिल्डिंग और अन्य संबद्ध कार्यों के प्रावधान के साथ बीएचयूएल स्टेशन पर सिग्नलिंग गियर के प्रतिस्थापन और ट्रैक संरचना सुधार कार्यों और सिग्नलिंग गियर के प्रतिस्थापन के बाद टी/आउट का नवीनीकरण के संबंध में" |
| 2 | **अनुमानित लागत :** रु. 2,08,81,042.72/- |
| 3 | **बयाना राशि :** रु. 2,54,400/- |
| 4 | **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि :** 22.04.2024 (10.30 बजे) से 06.05.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | **ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय :** 06.05.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | **निविदा छपाई की लागत :** Deposit (00844521) |
| 7 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in |

सं.: 07-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक: 10.04.2024 1100/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"नमो भारत ट्रेन दिल्ली- गाजियाबाद- मेरठ कॉरिडॉर पर अभी 34 किमी के सेक्शन पर साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ तक संचालित हो रही है जिसके अंतर्गत 8 आरआरटीएस स्टेशन आम जनता के लिए उपलब्ध हैं। ये स्टेशन हैं- साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ व मोदीनगर नॉर्थ। दिनांक आठ मार्च से अतिरिक्त 17 किलोमीटर सेक्शन के खुलने के बाद से ही यात्रियों की संख्या 4 गुणी हो गई थी यानी दैनिक औसत यात्री संख्या 3000 से बढ़कर 12000 हो गई।"

**पुनीत वत्स, एनसीआरटीसी प्रवक्ता**

## बिल्डर बोले, खरीदार खुद रजिस्ट्री कराने में नहीं ले रहे रूचि

- खरीदारों ने फ्लैटों को किराए पर दिया
- मूल पते पर रजिस्ट्री के लिए भेजे जा रहे नोटिस

**नोएडा,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में फ्लैट बोले खरीदार की रजिस्ट्री कराने के प्रयास किए जा रहे है। इस सिलसिले में अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के साथ अब तक कुल 57 बिल्डरों में से 42 बिल्डरों कुल देय धनराशि का 25 प्रतिशत जमा कराने की सहमति दी गई है। जिनमें 15 बिल्डरों द्वारा 10 अप्रैल 2024 तक कुल देय धनराशि का 25 प्रतिशत धनराशि जमा करा दी गई है। इन 15 बिल्डरों को लगभग 1400 रजिस्ट्रियां करानी है। लेकिन अभी तक मात्र 325 रजिस्ट्रियां ही बिल्डरों द्वारा कराई गई। इस संबंध में शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण में सीईओ ने बिल्डरों के साथ समीक्षा बैठक की।




बैठक में बिल्डरों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा सभी रजिस्ट्री जल्द से जल्द कराने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन फ्लैट बायर्स द्वारा रजिस्ट्री कराने में अपेक्षित रुचि नहीं ले रहे है। कुछ बायर्स देश से बाहर हैं, कुछ बोले खरीदारों द्वारा फ्लैट को किराए पर दिया हुआ है। बोले खरीदार को उनके मूल पते पर रजिस्ट्री कराने के लिए नोटिस भेजे जा रहे है। बिल्डर द्वारा आश्वासन दिया गया कि नवरात्रि में ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रियां करा दी जाएगी। प्रयास रहेगा कि इस माह के अंत तक सभी स्वीकृत रजिस्ट्रियां करा दी जाए।

ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-3, सेक्टर-78, नोएडा के आवंटी आईआईटीएल निम्बस के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें स्वीकृत 218 रजिस्ट्रियों में से 148 रजिस्ट्रियां अवशेष बची हैं। जिनमें 41 रजिस्ट्रियों के दस्तावेज तैयार हैं। इनका रजिस्ट्रेशन अगले सप्ताह करा दिया जाएगा। शेष रजिस्ट्रियां माह के अन्त तक कराने का आश्वासन दिया गया।

ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-3डी, सेक्टर-144, जीएच-3सी, सेक्टर-144 एवं जीएच-3/ए, सेक्टर-143, नोएडा के आवंटी गुलशन होम्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रालि के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी तीनों परियोजनाओं में कुल स्वीकृत 316 रजिस्ट्रियों में से 226 रजिस्ट्रियां अवशेष बची हैं, जिनमें 25 रजिस्ट्रियों के दस्तावेज तैयार हैं। इनका रजिस्ट्रेशन अगले सप्ताह करा दिया जाएगा। शेष रजिस्ट्रियां माह के अन्त तक कराने का आश्वासन दिया गया। ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-1/ई, सेक्टर-168 के आवंटी मैसर्स कैपिटल इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रालि के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि कुल स्वीकृत 68 रजिस्ट्रियों में से 38 रजिस्ट्रियों के दस्तावेज तैयार हैं। इनका रजिस्ट्रेशन अगले सप्ताह करा दिया जायेगा। शेष रजिस्ट्रियों माह के अंत तक कराने का आश्वासन दिया गया। ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच 4, सेक्टर-108 के आवंटी मैसर्स डिवाइन इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि के प्रमोटर द्वारा अवगत कराया गया कि कुल स्वीकृत 35 रजिस्ट्रियों में से 17 रजिस्ट्रियां अवशेष बची हैं। इनका रजिस्ट्रेशन माह के अन्त तक कराने का आश्वासन दिया गया है।

ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच-12/ए, ईकोसिटी सेक्टर-75 के आवंटी मैसर्स ऐपेक्स ड्रीम होम्स प्रालि के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया। कुल स्वीकृत 154 रजिस्ट्रियों में से 20 रजिस्ट्रियों माह के अन्त तक कराने का आश्वासन दिया गया। अन्य बायर्स को भी नोटिस देकर रजिस्ट्री कराने का प्रयास किया जाएगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बिल्डर्स को यह भी आश्वासन दिया गया कि यदि रजिस्ट्रियां कराने हेतु बिल्डर परियोजना के कैंपस में अथवा इन्दिरा गांधी कला केन्द्र, सेक्टर-6, नोएडा में रजिस्ट्री कैंप भी लगाने की आवश्यकता होगी तो रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

## 30 दिन में 56 हजार वर्गमी जमीन कब्जा मुक्त



**नोएडा,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। अवैध निर्माण को लेकर प्राधिकरण सख्त है। प्राधिकरण ने अवैध निर्माण को लेकर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उनको अवगत कराया गया कि एक महीने में 12 स्थलों से अवैध निर्माण को हटाया गया। जिसमें 17 खसरों की करीब 56 हजार 885 वर्गमीटर जमीन जमीन है। ये जमीन सदरपुर, ममूरा, सोरखा, सलरपुर, असदुल्लापुर, मोहियापुर, गढ़ी समस्तीपुर, गुलावली गांव की है। इसकी लागत करीब 236.80 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि अवैध निर्माण और कब्जे पर अभियान जारी रहेगा। इन जमीनों पर भू माफियाओं ने अवैध रूप से कब्जा कर यहां कालोनी काटी थी। सीईओ ने लोगों से अपील की बिना प्राधिकरण में चेक करें किसी भी जमीन पर अपना पैसा न लगाए। कालोनाइजरों या लुभावने और फ्रॉड विज्ञापनों के जाल में न फंसे। अन्यथा आपकी जमा पूंजी डूब सकती है।

- 236 करोड़ आंकी गई कीमत
- अभियान लगातार रहेगा जारी

### अब बताते है किस गांव से कितना खाली कराया गया अवैध कब्जा

सदरपुर गांव से 6385 वर्गमीटर जमीन खाली कराई गई, ममूरा में 500 वर्गमीटर जमीन लागत करीब 3.5 करोड़, सेक्टर-118 सोरखा जाहिदाबाद 3500 वर्गमीटर जमीन लागत करीब 35 करोड़, सेक्टर-76 सोरखा जाहिदाबाद 500 वर्गमीटर लागत 55 करोड़, सेक्टर-78 सलारपुर 2000 वर्गमीटर 20 करोड़, सेक्टर-79 सोरखा जाहिदाबाद 12000 वर्गमीटर जमीन लागत करीब 45 करोड़, सेक्टर-78 सलारपुर 1500 वर्गमीटर जमीन लागत करीब 10 करोड़, सेक्टर-76 सोरखा जाहिदाबाद 5000 वर्गमीटर लागत करीब 30 करोड़, असुदुल्लापुर 5000 वर्गमीटर लागत करीब 10 करोड़, मोहियापुर 10000 वर्गमीटर लागत करीब 25 करोड़, गढ़ी समस्तीपुर सेक्टर-150 जमीन 5000 वर्गमीटर 2.75 करोड़, गुलावली सेक्टर-162 जमीन करीब 1000 वर्गमीटर लागत करीब 0.55 करोड़।

## सार संक्षेप

### साइड नहीं देने पर दंपती को पीटा



**नोएडा।** नोएडा में सड़क पर साइड नहीं देने पर आरोपी ने एक दंपती की पिटाई कर दी। पीड़ित दंपती के सिर, हाथ पैर में चोट लगी है। उनका मेडिकल कराया गया। पीड़ित के शिकायत पर थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित मोमिन ने बताया कि वह पर्थल स्थित एक स्कूल की बस चलाते है। उसका साथ उसकी पत्नी शहनाज भी देती है। 10 अप्रैल को वह बच्चों को घर छोड़कर बस लेकर वापस स्कूल आ रहा था। जैसे की हम बस लेकर स्कूल के सामने पहुंचे सामने से थार आ रही थी। उन्होंने निकलने के लिए साइड मांगी। मैंने उन्हें रास्ता देने का प्रयास किया। लेकिन रास्ता छोटा होने की वजह से समय लग गया।

### गोदाम में लगी भीषण आग से लाखों का सामान जलकर राख

**नोएडा।** हरौला स्थित दोने और पत्तल के गोदाम में शुक्रवार शाम आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। तेज धुआं और लपटें उठने के कारण आसपास अफरातफरी मच गई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस स्टेशन पर दी। सूचना पर पहुंची आठ गाड़ियों की मदद से आग के असर को कम करने का प्रयास देर रात तक होता रहा। रात नौ बजे की करीब आग का दायरा कम हुआ। अग्निशमन विभाग के साथ ही स्थानीय लोग भी आग बुझाने में जुटे रहे। फेज वन थाना प्रभारी पुलिसबल के साथ घटनास्थल पर मौजूद रहे। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जाहिर की जा रही है। इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि आग गोदाम में प्रथम तल पर लगी थी। गोदाम के अंदर भारी मात्रा में घी और तेल रखा हुआ था। जिसके कारण आग कुछ ही देर में तीन मंजिले की पूरी बिल्डिंग में फैल गई। आग की घटना से गोदाम में रखा किराने का सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया। सैकड़ो की संख्या में लोग घटनास्थल पर आ गए। गोदाम में तेल और घी होने के कारण लगातार आग के गोले उठ रहे थे। जिसकी वजह से अग्निशमन कर्मियों को आग को बुझाने में कड़ी मशक्कत उठानी पड़ी।

### सफाईकर्मी की हत्या के मामले में प्रेमिका का पति गिरफ्तार

**नोएडा।** निजी अस्पताल में काम करने वाले सफाई कर्मी की हत्या के मामले में फेज तीन पुलिस ने शुक्रवार को हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। मृतक का जिस महिला से प्रेम प्रसंग था, आरोपी उसका पति है। आरोपी की पहचान उड़ीसा के 31 साल राजो भूमिज के रूप में हुई है, जो वर्तमान में परिवार के साथ सेक्टर-70 स्थित बसई गांव में रह रहा है। 27 मार्च को सेक्टर-71 स्थित खाली ग्राउंड में पुलिस को एक युवक का शव मिला था। कुछ ही घंटे बाद मृतक के चाचा ने शव की पहचान कर ली।

## वित्त व लेखधिकारी बेसिक शिक्षा पर स्वेच्छा सेवानिवृत्ति पेंशन पत्रावली जानबूझकर न भेजने की डीएम से शिकायत

**गाजियाबाद,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ गाजियाबाद इकाई में वित्त एवं लेखधिकारी बेसिक शिक्षा पर स्वेच्छा सेवानिवृत्ति पेंशन पत्रावली जानबूझकर न भेजने का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी को लिखे गए पत्र में लोगों ने आरोप लगाया है कि बेसिक शिक्षा अधिकारी हस्ताक्षर के बावजूद लेखधिकारी ने पत्रावली पर अपने साइन नहीं किया। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच के मांग की है। वहीं सम्बंधित अधिकारी मनप्रीत कौर का कहना है कि पत्रावली नियमानुसार भेजी गई है और जो आरोपी पर लगाए गए हैं वह निराधार हैं है।

संघ के अध्यक्ष दीपक शर्मा, महानगर अध्यक्ष अमित गोस्वामी व अन्य पदाधिकारी लाइक अहमद के हस्ताक्षरित पत्र 1 जिलाधिकारी को लिखकर कहा है कि औरंगाबाद रिस्तल में तैनात मशकूर अली नामक शिक्षक ने स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति ली थी। जिसमें पेंशन और ग्रेच्युटी संबंधी पत्रावली न भेजे जाने की आरोप लगाया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि बिना ग्रेच्युटी की बिना गणना किये ही पत्रावली को भेज दिया गया। अब बेसिक शिक्षा अधिकारी ने भी अपने हस्ताक्षर कर आगे भेजा लेकिन सम्बन्धिफ अधिकारी ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किया। यानी जानबूझकर यह किया किया जा रहा है।

## गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा को लेकर डायवर्जन प्लान तैयार

**नोएडा,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में कल केंद्रीय गृह मंत्री शाह की जनसभा है। कार्यक्रम सेक्टर-33 के शिल्पहॉट के सामने शिवालिक पार्क में होगा। इसकी तैयारी की जा रही है। यहां टेंट लगाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। सुरक्षा के पुख्ता इंजमाम किए जा रहे है। जनमानस को दिक्कत न हो इसके लिए यातायात पुलिस की ओर से एक घंटे का रूट डायवर्जन प्लान जारी किया गया है। ये प्लान बॉटनिकल गार्डन, सेक्टर 37, शशि चौक, सेक्टर 31- 25 चौक, एनटीपीसी, इस्कॉन मंदिर व कार्यक्रम स्थल के पास लागू रहेगा। डीसीपी ने बताया कि गृह मंत्री के प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए है। 500 से ज्यादा पुलिसकर्मी और महिला कांस्टेबल के साथ अन्य एजेंसी भी यहां लगाई गई है।



- कल शिवालिक पार्क में भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगेगे मत
- डीसीपी ने कहा, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

### इन रास्तों के लिए बनाया गया डायवर्जन

कालिन्दी कुंज, महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर 37 की ओर आने वाले यातायात को सेक्टर 44 यू-टर्न, छलैरा फ्लाईओवर से डायवर्ट कर गंतव्य को भेजा जाएगा। सेक्टर 49/छलैरा-आगाहपुर से सेक्टर 18 की ओर जाने वाले यातायात छलेरा, सेक्टर 37 अंडरपास के ऊपर से लेफ्ट टर्न कराकर महामाया फ्लाईओवर से गंतव्य को भेजा जाएगा।

सेक्टर 18 से सेक्टर 37, छलैरा की ओर जाने वाले यातायात बॉटनिकल गार्डन से पहले यू-टर्न कर जीआईपी/गार्डन गलेरिया के सामने से होते हुए गंतव्य को भेजा जाएगा।

सेक्टर 41 से शशि चौक गोल चक्कर की ओर आने वाले यातायात को शशि चौक से पूर्व थाना सेक्टर 39 की ओर डायवर्ट कर गंतव्य को भेजा जाएगा।

एडोब से एनटीपीसी, इस्कॉन मंदिर की ओर आने वाले यातायात को एनटीपीसी अंडरपास से होकर भेजा जाएगा।

सेक्टर 60 से एलिवेटेड होकर इस्कॉन मन्दिर की ओर उतरने वाले यातायात को प्रतिबन्धित कर सेक्टर 18 की ओर भेजा जाएगा।

गिझौड़ चौक से इस्कॉन मन्दिर की ओर आने वाले यातायात को गिझौड़ चौक से सेक्टर 57 की ओर डायवर्ट कर गंतव्य को भेजा जाएगा।

थाना फेस-3, सेक्टर 67 से एलिवेटड होकर सेक्टर 18 की ओर आने वाला यातायात सेक्टर 60 अंडरपास के ऊपर से बाए टर्न कर सेक्टर 71, सेक्टर 52 होकर गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

बॉटनिकल, सेक्टर 37 से जीआईपी की ओर जाने वाले यातायात को अट्टा चौक से सेक्टर 18 की ओर डायवर्ट कर गंतव्य को भेजा जाएगा।

## महिला शक्ति का अपमान करने वाली कांग्रेस का नामलेवा भी नहीं बचेगा : गीता शाक्य

**गाजियाबाद,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता शाक्य ने शुक्रवार को यहां कहा कि महिला शक्ति का अपमान करने वाली कांग्रेस



का नामलेवा भी नहीं बचेगा। शहर मंडल में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के मंडल संवाद सम्मेलन में शाक्य बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से ही नारी शक्ति का अपमान किया है। जिसका खामियाजा कांग्रेस भुगत रही है। आगे आने वाले समय मे कांग्रेस की और ज्यादा बुरी गत होगी। उन्होंने महिला कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी शक्ति झोंक दें। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा वर्षा कौशिक, पूर्व मेयर आशा शर्मा, लोकसभा प्रभारी एवम महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रज्ञा पाठक, महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह, पूनम सिंह, क्षेत्रीय मंत्री सिद्धि प्रधानभी शामिल रहीं। महानगर महामंत्री महिला मोर्चा भक्ती सिंह ने मंच संचालन किया।

## नमो भारत ट्रेन में 11 अप्रैल को सर्वाधिक यात्रियों ने किया सफर

**गाजियाबाद,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। देश के पहले आरआरटीएस कॉरिडॉर पर नमो भारत ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या दैनिक आधार पर लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम मे कल ईदुल फितर (गुरुवार) 11 अप्रैल को अभी तक के सर्वाधिक यात्रियों ने नमो भारत ट्रेन में सफर किया। इस दिन लगभग 13500 लोगों ने नमो भारत ट्रेन में यात्रा की। मोदी नगर नॉर्थ, मुराद नगर और गाजियाबाद से सबसे ज्यादा यात्रियों ने यात्रा की। यात्रियों मे बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग आदि शामिल थे। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि नमो भारत ट्रेन दिल्ली- गाजियाबाद- मेरठ कॉरिडॉर पर अभी 34 किमी के सेक्शन पर साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ तक संचालित हो रही है जिसके अंतर्गत 8 आरआरटीएस स्टेशन आम जनता के लिए उपलब्ध हैं। ये स्टेशन हैं- साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ व मोदीनगर नॉर्थ। दिनांक आठ मार्च से अतिरिक्त 17 किलोमीटर सेक्शन के खुलने के बाद से ही यात्रियों की संख्या 4 गुणी हो गई थी यानी दैनिक औसत यात्री संख्या 3000 से



बढ़कर 12000 हो गई। इसी क्रम मे कल यानि 11 अप्रैल, गुरुवार को सबसे ज्यादा लगभग 13500 यात्रियों ने नमो भारत ट्रेन में सफर किया है। दिल्ली- गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडॉर अभी दिल्ली या मेरठ से नहीं जुड़ा है, बल्कि गाजियाबाद मे ही अपनी सेवाएं दे रहा है। 21 अक्टूबर से 7 मार्च की अवधि मे 5 स्टेशन के साथ सिर्फ 17 किलोमीटर का सेक्शन ही जनता के लिए परिचालित था। आपको बता दें कि 11 अप्रैल नको ईदुल फितर का पर्व था। एनसीआरटीसी यात्रियों की सुविधा के लिए आरआरटीएस कनेक्ट मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से डिजिटल क्यूआर कोड-आधारित टिकट, 'वन-टैप' या ऑरिजिन-डेस्टिनेशन चयन द्वारा पेपर क्यूआर कोड-आधारित टिकट जैसे विभिन्न टिकटिंग विकल्प प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही यात्री स्टेशनों पर लगाई गई टिकट वेंडिंग मशीनों (टीवीएम) से यूपीआई, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी), डेबिट-क्रेडिट कार्ड और बैंक नोट के जरिए भी पेपर क्यू आर कोड जनरेट कर सकते हैं।

प्रत्येक नमो भारत ट्रेन में 6 कोच हैं। एक स्टैंडर्ड कोच में 72 सीटें और प्रीमियम कोच में 62 सीटें उपलब्ध हैं। प्रत्येक नमो भारत ट्रेन में प्रीमियम कोच के साथ वाला डिब्बा महिलाओं के लिए आरक्षित है। इसके साथ ही, ट्रेन के अन्य डिब्बों में भी महिलाओं, दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सीटें आरक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, सभी यात्रियों को सहायता और सुविधा के लिए प्रत्येक आरआरटीएस ट्रेन में एक ट्रेन अटेंडेंट भी उपलब्ध है।

## इंडिया गठबंधन का कार्यकर्ता सम्मेलन

**बुलंदशहर,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कॉंग्रेस क्रमेटी के राष्ट्रीय सचिव अविनाश पांडे के बुलंदशहर आगमन पर जिला अध्यक्ष राकेश भाटी ने अपनी टीम के साथ अविनाश पांडे का स्वागत किया। समाजवादी पार्टी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अविनाश पांडे ने कहा बुलंदशहर की जमीन क्रांतिकारी जमीन रही है यहां के लोगों ने आजादी की लड़ाई मे अपनी जान न्यौछावर की थी। 2024 में बुलंदशहर एक बार फिर इतिहास लिखने जा रहा हैं। राहुल के नेत्रत्व मे भारत जोड़ों यात्रा से देश की राजनीति नए आयाम स्थापित करने जा रही है जो भविष्य की दशा और दिशा तय करेगी।



कार्यक्रम का समापन भाषण समाजवादी पार्टी के जिला अध्ययक्ष मतलूब अली और शैलेन्द्र लोधी के सम्बोधन से हुआ। इस मौके पर पूर्व विधायक हूसियार सिंह, प्रदीप नरेवाल, पारस शुक्ल उनके साथ टीम मे आए शिव पांडे मतलूव अली प्रेमवीर यादव, शशि भूषण शर्मा संजीव सिरोही इज़राइयाल गहलोत, शैलेन्द्र लोधी, मुनीर अकबर, साजिद चौधरी, ब्रह्मपाल यादव, अमित यादव, मनीष शर्मा, पेश आर्य, देवरंजन नागर, सुभाष गांधी, जियाउल रहमान, संजय शर्मा, विपुल कौशिक, ज्ञानेद्र राघव, प्रज्ञा गौड़ आदि मौजूद रहे।

## नोएडा के उद्यमियों ने मांगी 'क्राइसिस पॉलिसी'

- इनोवेटिव आईडियास के साथ अनपढ़ महिलाओं को दिया जाए मौका
- सस्ता लोन और मिले कच्चे मॉल का बाजार



**नोएडा,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा प्रदेश में निवेश का केंद्र है। नया नोएडा तक विस्तृत होता जा रहा है। उत्तर प्रदेश का ग्रोथ इंजन बना दिया है, लेकिन प्रदेश का शो विंडो कहे जाने वाले शहर में अब भी काफी समस्या है। उद्यमियों को उम्मीद है आने वाले समय में हमारे लिए क्राइसिस पॉलिसी बनाए जाए। जिससे आपदा आने पर भी हमे राहत मिल सके। अपनढ़ महिलाओं को पूरा मौका दिया जाए। गौतमबुद्ध नगर में करीब 25 हजार एमएसएमई इंडस्ट्री है। जिसमें लाखों श्रमिक काम कर रहे है। इस सिलसिले में चुनावी माहौल में गौतमबुद्ध नगर के उद्यमियों से बातचीत की। एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र नाहटा ने कहा कि कोरोना कॉल में बीजेपी ने मजबूती से काम किया। श्रमिकों को आवास और इंडस्ट्री के लिए और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर दिया जाए। बिजली के बिल की नीतियों में बदलाव होना चाहिए। मैं यहां 20 साल से उद्यमियों का प्रतिनिधित्व करता आ रहा हूं और खुद भी एक उद्यमी हूं। कच्चे मॉल का बाजार, मशीनरी बाजार, प्रोडेक्ट जांच लैब और श्रमिकों के वेलफेयर जैसे काम होने चाहिए। इस बार हमें उम्मीद है जो काम 10 सालों में नहीं हुए इस बार जरुर होंगे। विदेश नीति की वजह से निवेश बढ़ा, जेवर एयरपोर्ट से लेकर काफी काम हुए।

एमएसएमई की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रीना राणा ने बताया कि 10 सालों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ी ये बेहतर है। उनका मानना है महिलाएं उद्यम शुरू करना चाहती है। उनको शुरुआत में बिना ब्याज या सस्ती दरों पर लोन दिया जाए। आज की महिला दुकान पर नहीं बैठ सकती। महिलाओं को आगे आने लिए और प्रोत्साहित किया जाए। पढ़ी लिखी महिलाएं तो आगे आ रही है लेकिन अनपढ़ महिलाएं भी हमारे साथ कदम बढ़ाएं। पढ़ी लिखा नहीं होने के बाद भी इनके पास इनोवेटिव आइडियास है। इसलिए उनको लोन दिया जाए और उद्यम की शुरूआत कराई जाए। अभिषेक कृष्णन पेशे से एडवोकेट है उनका मानना है सांसद एक पॉलिसी मेकर हो सकता है वो संसद में बहस कर सकता है हमारे मुद्दों को उठा सकता है। इसलिए सुरक्षा के लिए एक ऐसी पॉलिसी फ्रेम की जाए जो इंडस्ट्री और उद्यमी फ्रेंडली हो। उद्यमियों के लिए आरबीआई की गाइड फ्रेंडली होनी चाहिए। यदि उद्यमियों को फाइनेंशियल दिक्कत आती है तो ऐसी पॉलिसी बनाई जाए जिससे उद्यमियों की छति की भरपाई की जा सके। उद्यमियों के साथ किसी तरह की मिस हैपनिंग होने पर उनका लोन माफ किया जाए।

मुकेश भल्ला सेक्टर-4 में इंडस्ट्री चलाते है उनका मानना है हमने तो इंडस्ट्री बना ली। लेकिन हमारे बच्चे अगर इस काम और आगे बढ़ाना चाहे तो कम से कम प्राधिकरण की ओर से उद्यमियों के विस्तार के लिए सस्ती दरों पर प्लाट दिए जाए। योजनाओं में उद्यमियों को आरक्षण दिया जाए। इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर किया जाए। यहां सिवरेज की व्यवस्था खराब है इसे ठीक किया जाए। नोएडा में आने जाने समय बहुत किल होता है। ट्रैफिक मैनेजमेंट को बेहतर किया जाए। ताकि हम इंडस्ट्री में पहुंचकर समय से काम कर सके।

## नोएडा एक्सप्रेस वे पर स्टंट का वीडियो वायरल

**नोएडा,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। इन दिनों नोएडा के युवाओं में सोशल मीडिया पर तेजी से फेमस होने का शौक चढ़ गया है। जिसके चलते आए दिन नोएडा की सड़कों पर गाड़ियों या कार से युवा स्टंट करते नजर आते ही रहते हैं। इसी क्रम में एक ओर से वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर कुछ युवा कार की खिड़की से आधो लटके स्टंट करते दिखाई दे रहे हैं। कार की स्पीड काफी ज्यादा है। पीछे से किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस स्टंट बाजों की तलाश कर रही है। वहीं यातायात पुलिस ने कार नंबर के आधार पर 24 हजार का चालान किया है। सोशल मीडिया पर 24 सेंकेंड का ये वीडियो वायरल है। वीडियो नोएडा -ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे का है। जिसमें साफ देखा जा रहा है कि कैसे तेज रफ्तार में दौड़ रही कार की खिड़की से बाहर निकल कर दो युवक स्टंट कर रहे हैं। ऐसे लोग खुद की जान को जोखिम में डालने के साथ ही सड़क पर चल रहे दूसरों लोगों की जान को भी खतरे में डालते हैं। वीडियो में दिख रहा है कि इस कार के आसपास से कई और कार भी निकल रही है। जरा से डिस्बैलेंस होने पर बड़ा हादसा हो सकता है।



- 24 हजार का किया चालान
- तेज रफ्तार कार के दोनों साइड की खिड़की पर बैठे हैं युवक

उवाच "

कोई भी प्रत्याशी इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया पर कोई भी राजनीतिक विज्ञापन एमसीएमसी कमेटी से पूर्व अनुमति लिए बिना न चलाए। यदि किसी भी प्रत्याशी का इलेक्ट्रॉनिक या सोशल मीडिया पर बिना अनुमति के कोई भी राजनीतिक विज्ञापन प्रसारित होता पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मनीष कुमार वर्मा, जिला निर्वाचन अधिकारी



### मुख्यमंत्री योगी ने कैराना और सहारनपुर के देवबंद में जनसभा को किया संबोधित

# कोई नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करेगा तो उसके बाप दादा की प्रॉपर्टी जब्त करके गरीबों में बंटवा देंगे

**कैराना/सहारनपुर,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। हमारी सरकार ने दंगा और कर्फ्यू मुक्त उत्तर प्रदेश दिया है। वहीं दंगा और कर्फ्यू लगाने वालों की गर्मी को शांत करके आपको एक शांत और शुद्ध वातावरण दिया है। उनको फिर से पनपने का अवसर मत दीजिएगा क्योंकि यह जातिवाद की राजनीति करके पहले दंगों और कर्फ्यू के आमंत्रण की एक शुरुआत करेंगे। शुक्रवार मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ कैराना और सहारनपुर के देवबंद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज कोई भी नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं कर सकता। यदि कोई ऐसा प्रयास भी करता है तो उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी जब्त करके गरीबो में बंटवा देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिशन ही हमारा मिशन है। हम उनके राष्ट्रवाद के विजन और मिशन के साथ जुट कर नए भारत के निर्माण के लिए कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि माफिया रक्तबीज हैं, इन्हें किसी भी हाल में दोबारा पनपने नहीं देना है। इनके सामने कांग्रेस नतमस्तक थी और सपा दुम दबाकर चलती थी, मगर आज इनमें से कुछ जेल में हैं तो कुछ जहन्नुम चले गए हैं। इनकी गर्मी को पूरी तरह से शांत कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद सीएम योगी 27 मार्च से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में डेरा डाले हुए हैं। पहले उन्होंने हर जिले में बौद्धिक सम्मेलन किया। उसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हर लोकसभा चुनाव क्षेत्र में चुनावी जनसभा कर रहे हैं। शुक्रवार को सहारनपुर में पांचवीं बार देवबंद में




- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 दिन के अंदर पांचवीं बार सहारनपुर ने किया चुनावी जनसभा**
- **पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हर जिलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्य कर चुके है जनसभा**
- **मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ 27 मार्च से लगातार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हर जिले में कर चुके बौद्धिक सम्मेलन**

जनसभा किया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव स्पष्ट रूप से दो ध्रुवों में बंट चुका है। एक तरफ जातिवादी लोग हैं, दूसरी तरफ राष्ट्रवाद को समर्पित लोग हैं। एक तरफ सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाले हैं तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत माता का स्वाभिमान ऊंचा रहे, तेरा वैभव अमर रहे के भाव वाले लोग हैं।

#### सहारनपुर वीरों की उर्वरा भूमि है

मुख्यमंत्री ने जनसभा में आई जनता को चौत्र नवरात्रि की चतुर्थ तिथि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता बालासुंदरी, मां शाकम्भरी और मां यमुना की पावन गोद में बसा सहारनपुर जनपद वीरों की उर्वरा भूमि है। आज महाप्रतापी महाराणा सांगा की पावन जयंती है। उनकी जयंती पर उनके सुपौत्र महाराणा प्रताप की मूर्ति पर पुष्पांजलि प्रदान करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। सैकड़ों साल के बाद भी देश महाराणा प्रताप को गर्व के साथ याद करता है, क्योंकि उनका त्याग देश और धर्म के लिए था, सत्ता के लिए नहीं था। मगर कांग्रेस और सपा, बसपा के लोग 20 साल से यहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा बनने नहीं दे रहे थे।

#### सच्चा राष्ट्रभक्त उसके साथ होगा जो राम को लाए हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी के पहले कई सरकारें आईं, मगर क्या कोई अयोध्या में राममंदिर का निर्माण करा सकता था। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि राम हुए ही नहीं। जैसे हनुमान जी जब संजीवनी बूटी लेने गये थे तो कालनेमी रामनाम का जप कर रहा था। इस चुनाव में भाी आपके पास कालनेमी आएंगे और रामनाम का जप करेंगे। मगर सच्चा राष्ट्रभक्त उसके साथ होगा जो राम को लाए हैं। आपने देश में 10 साल और प्रदेश में 7 साल से हमारी सरकार को देखा है। आज दंगाई दंगा करना भूल गए हैं।

#### कोई माफिया जेल में है तो कोई जहन्नुम में

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की व्यवस्था को माफिया संचालित नहीं कर सकता। माफिया वहीं जाएगा जहां उसकी जगह है। कोई बेटी और व्यापारी के लिए खतरा बनेगा तो उसे मिट्टी भी नहीं मिलेगी। आज कोई माफिया जेल में है तो कोई जहन्नुम में है। बाकी जो बचे हैं स्वयं ही रामनाम सत्य की यात्रा पर निकल गए हैं। यहां बड़े बड़े धुरंधर हुआ करते थे। जब वे चलते थे तो मुख्यमंत्री और मंत्री के काफिले रुक जाते थे। हमने उनकी गर्मी को शांत कर दिया है। जिनकी गर्मी शांत हो चुकी है, उनको ये जातिवादी संगठन फिर से पैदा करना चाहते हैं। इन्हें पैदा नहीं होने देना है, ये रक्तबीज हैं, सामान्य नागरिक का जीना हराम करते हैं। ऐसे जातिवादियों को दो टूक जवाब दीजिए।

## दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत



**ग्रेटर नोएडा,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। बीटा-दो थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। शुक्रवार को सुबह ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र के परी चौक पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। कुलेसरा के रहने वाले सुरेंद्र (28) अपनी बहनों के साथ में मोटरसाइकिल से कासना से कुलेसरा जा रहे थे। वह चार लोग मोटरसाइकिल पर सवार थे। रात करीब 2 बजे जब वह लोग परीचौक पर पहुंचे तो ब्रेकर पर उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आये अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को रौंद दिया। इस दौरान बाइक पर सवार सुरेंद्र (28), शैली (26), अंशु (14) व बहन की सहेली हादसे में घायल हो गए। आनन फानन में सभी को अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। एक युवती

- **मोटरसाइकिल से शादी समारोह से लौट रहे थे अज्ञात वाहन ने मारी टक्टर**
- **दुर्घटना में भाई सहित दो बहनों की हुई मौत, सहेली है घायल**

अस्पताल में भर्ती है और उसका उपचार चल रहा है। इस हादसे में सुरेंद्र सिंह, शैली और अंशु को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस द्वारा जानकारी दी गई कि यह लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए कसाना गए थे और रात्रि में करीब 2 बजे कासना से कुलेसरा के लिए आ रहे थे, लेकिन तभी रात्रि में एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी और इस हादसे में तीन की मौत हो गई। इस घटना के बारे में उनके परिजनों को जानकारी दे दी गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है और पुलिस का कहना है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भाकियू के राष्ट्रीय सचिव ने पद से दिया त्यागपत्र

**जेवर,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय सचिव ने शुक्रवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पद से त्यागपत्र सौंपते हुए पदमुक्त करने की मांग की है तथा संगठन में कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने की गुहार लगाई है। जेवर के मोहल्ला बनीइसराइल चौरोली रोड के रहने वाले वरिष्ठ किसान नेता ओमपाल तालान काफी वर्षो से किसान संगठनों से जुड़े रहकर किसानों के हितों की आवाज उठाते रहे है। किसान मसीहा स्व0 महेंद्र सिंह टिकैट के नेतृत्व में उन्होंने संगठन में कार्य शुरू किया था तथा उसके बाद राष्ट्रीय किसान यूनियन व किसान कामगार मोर्चा का गठन किया। कुछ वर्ष पूर्व उन्होनें टिकैत संगठन से जुड़कर राष्ट्रीय सचिव के रूप में कार्य किया। ओमपाल तालान ने बताया कि उन्होंने निजी व्यस्ताओं की वजह से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अपने पद से त्यागपत्र सौंपा है।

## ब्रिटिश एंडोडोंटिक सोसाइटी स्प्रिंग कॉन्फ्रेंस में डॉ. मल्लिका ने प्रस्तुत किया पेपर



**ग्रेटर नोएडा,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। लंदन में इंटरनेशनल पेपर प्रेजेंटेशन में शारदा स्कूल ऑफडेंटल साइंसेज की पीजी छात्रा डॉ. मल्लिका बनाती ने पेपर प्रस्तुत किया। लंदन के वन ग्रेट जॉर्ज स्ट्रीट पर ब्रिटिश एंडोडोंटिक सोसाइटी स्प्रिंग कॉन्फ्रेंस में शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफडेंटल साइंसेज की पीजी छात्रा डॉ. मल्लिका बनाती ने कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री और एंडोडोंटिक्स विभाग की डॉ. एकता चौधरी के मार्गदर्शन में इंटरनेशनल पेपर प्रेजेंटेशन कार्यक्रम में अपने पेपर को प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में दुनिया के भर के सर्वश्रेष्ठ पांच पेपर को चुना गया। स्कूल ऑफडेंटल साइंसेज की पीजी छात्रा डॉ. मल्लिका बनाती ने बताया कि पेरिसर्विकल डेंटिन एंडोडोंटिक सफलता में एक महत्वपूर्ण प्रतिमान है।

## चुनाव प्रेक्षक ने हाई राइज सोसाइटियों में बनाए गए मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण



**ग्रेटर नोएडा,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा प्रेक्षक सिमरनदीप सिंह ने नोएडा विधानसभा क्षेत्र में हाई राइज सोसाइटियों में पहली बार बनाए गए मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया। सामान्य प्रेक्षक ने क्लब हाउस जेपी विशटाउन सेक्टर 128 नोएडा एवं क्लब हाउस वन हेमलेट सोसाइटी सेक्टर 104 नोएडा में बनाए गए मतदेय स्थलों पहुंच कर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्था तथा मतदाता पर्ची वितरण की स्थिति का अवलोकन किया। प्रेक्षक ने इस अवसर पर सोसाइटियों में उपस्थित मतदाताओं से चर्चा करते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की उनसे अपील की और कहा मतदान तिथि 26 अप्रैल दिन शुक्रवार को घर से निकले और अपने बूथ पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करें। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक के साथ उप जिलाधिकारी दादरी विवेकानंद मिश्र भी उपस्थित रहे।

- **मतदाताओं को घर-घर मतदाता पर्ची वितरण की स्थिति का भी किया अवलोकन**

## जल समस्या को लेकर ग्रेनो प्राधिकरण की एसीईओ से मिला एओए का प्रतिनिधिमंडल



**ग्रेटर नोएडा,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ऐस सिटी सोसायटी की अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन के सदस्य एवं अन्य नागरिक सोसायटी में बाधित हो रही जलापूर्ति से होने वाले पेयजल संकट के निराकरण के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी अन्नपूर्णा से मिले।

एसीईओ और जलबोर्ड के अधिकारियों को ज्ञापन देते हुए एओए के प्रतिनिधि मंडल ने ऐस सिटी सोसायटी में व्याप्त पेयजल समस्या को बिंदुवार रखा। एसीईओ ने जलबोर्ड के अधिकारियों को उचित निर्देश भी जारी किए और कहा कि लापरवाही होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जल से सम्बंधित कंट्रेटर को दुरुस्त करने को भी कहा। उन्होंने जल बोर्ड से गंगाजल परियोजना को यथा शीघ्र ऐससिटी से जोड़ने के लिए सहित तारीख व विस्तृत रूपरेखा साझा करने के भी निर्देश जारी करने को कहा। उल्लेखनीय है कि ऐससिटी सोसायटी में लगभग ढाई हजार से अधिक फ्लैट हैं जिसमें लगभग सात हजार से ज्यादा लोग निवास करते हैं। इन सब की जलापूर्ति अथॉरिटी के पंप पर पूरी तरफ से निर्भर है। इस अवसर पर एओए प्रतिनिधि मंडल में सौरभ कुमार, पवन गौतम, नम्रता, रूबी, नवनीत चौहान और विवेक श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद थे।

- **बिंदुवार समस्याएं सुनकर एसीईओ ने दिए सम्बंधित अधिकारियों को समस्या निस्तारण के निर्देश**

## जेवर हवाई अड्डा, रैपिड मेट्रो पर डेकर फ्लाई ओवर बनाने की मांग

**ग्रेटर नोएडा,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर विकास ने जेवर हवाई अड्डे रैपिड मेट्रो के लिए यातायात बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से यमुना प्राधिकरण एवं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट सीईओ अरुण वीर सिंह को सुझाव पत्र सौपा। समिति की अध्यक्ष रश्मि पांडेय ने शुक्रवार को सीईओ को सौंपे सुझाव पत्र के माध्यम से कहा कि जेवर हवाई अड्डे के आने से यहां भविष्य में जनसंख्या विस्तार होगा जिससे भविष्य ने स्थानीय जगह पर भविष्य में रोड पर भीषण जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यदि रैपिड मेट्रो के पिलर के साथ ही एक डबल डेकर फ्लाई ओवर निर्मित की जाए, जो नागपुर के फ्लाईओवर के सफल मॉडल से प्रेरित हो। इससे हम कम लागत में एलिवेटेड रोड एवं स्थानीय यातायात के लिए एक विकल्प बना सकते है जो की रैपिड मेट्रो पिलर पर ही स्थापित होगा जो भविष्य में लोकल, हाईवे जैसे यातायात की कई स्तरीय कनेक्टिविटी का लाभ उठाया जा सकता है।



- **गौतमबुद्धनगर विकास समिति ने सीईओ यमुना प्राधिकरण को पत्र देकर प्रस्ताव व सुझाव दिया**

सुझाव पत्र में कहा गया कि डेकर फ्लाई ओवर को रैपिड मेट्रो प्रणाली को इस प्रकार डिजाइन किया जाए जिससे हवाई अड्डे के यात्रियों के लिए सुगम यातायात विकल्प मिल सके, यह समय और आने जाने की सुविधा को बढ़ावा देगा। इस मॉडल से मेट्रो के स्तंभों के साथ ही एक एलिवेटेड सड़क बनायी जा सकती है, जो आगरा-मेरठ और लखनऊ एक्सप्रेस जैसे प्रमुख हाई वे को जोड़ती हो, साथ ही यह एलिवेटेड सड़क नेटवर्क सिटी स्तरीय रास्तों पर यातायात भीड़ को काफी कम करेगा। डेकर फ्लाई ओवर में तीसरी स्तरीय सड़क शामिल की जा सकती है, जो चिल्ला बॉर्डर, नोएडा से शुरू हो और स्थानीय यातायात के लिए विशेष रूप से डिजाइन की जाए। तथा यह डिजाइन यह सुनिश्चित करे है कि विभिन्न प्रकार के यातायात - मेट्रो यात्री, लंबी दूरी के यात्री, और स्थानीय निवासी - को प्रभावी रूप से अलग अलग रूप से विभाजित करेगा जो भविष्य में यातायात को अनुकूलित करेगा। यमुना प्राधिकरण एवं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ अरुण वीर सिंह ने कहा कि समिति का प्रस्ताव वह एनसीआर प्लानिंग बोर्ड (एनसीआरपीबी) को भेजेंगे ताकि अगर यह मॉडल संभव होगा तो आगे चर्चा को बढ़ाया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष रश्मि पाण्डेय, महासचिव आदित्य अवस्थी, सचिव (ग्रेटर नोएडा) आरपी पाण्डेय, उपाध्यक्ष हिमांशु राजपूत एवं नमित रंजन मौजूद थे।

## बढ़ती गर्मी को लेकर शिक्षक संघ ने समय परिवर्तन को लेकर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गौतम बुध नगर का प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से मुलाकात कर भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय विद्यालय में समय परिवर्तन करने हेतु मांग पत्र सौंपा। जिलाधिकारी ने तत्काल बीएसए को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पति पत्नी दोनों की निर्वाचन ड्यूटी लगने पर एक को मुक्त करने के संबंध में सीडीओ से मुलाकात कर चर्चा सकारात्मक प्रयास कर ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयुक्त उत्तर प्रदेश का मौखिक आदेश है कि उक्त आदेश केवल 2022 के लिए प्रभावी था। प्रतिनिधि मंडल में मेरठ मंडल के अध्यक्ष मेघराज भाटी, जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, जिला संरक्षक अशोक शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष हेमराज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## बिना पूर्व अनुमति के सोशल मीडिया पर विज्ञापन करना प्रत्याशियों को पड़ सकता है भारी



**ग्रेटर नोएडा,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की उपस्थित में मीडिया प्रमाणीकरण एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कोई भी प्रत्याशी इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया पर कोई भी राजनीतिक विज्ञापन एमसीएमसी कमेटी से पूर्व अनुमति लिए बिना न चलाए। यदि किसी भी प्रत्याशी का इलेक्ट्रॉनिक या सोशल मीडिया पर बिना अनुमति के कोई भी राजनीतिक विज्ञापन प्रसारित होता पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही कहा कि प्रिंट मीडिया में भी मतदान दिवस एवं मतदान से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु एमसीएमसी कमेटी से पूर्व अनुमति लेनी होगी। बैठक में समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र नागर द्वारा फेसबुक पेज पर कमेटी की पूर्व अनुमति लिए बगैर प्रसारित किया जा रहे, राजनीतिक विज्ञापनों के संबंध में चर्चा की गई, जिस पर डॉक्टर नागर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। बैठक में मीडिया प्रमाणीकरण एवं निगरानी समिति के नोडल अधिकारी, सदस्य सचिव एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

## नोएडा एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग सुविधाओं के लिए बर्ड ग्रुप के साथ करार

- **विमान तक यात्रियों का सामान पहुंचाने, रैंप सुविधा, चेकिंग, ट्राली बैग व व्हीलचेयर आदि सुविधाएं मिलेंगी**



**ग्रेटर नोएडा,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)।। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हवाई जहाजों की उड़ान व लैंडिंग के दौरान यात्रियों को प्रदान की जानी वाली सुविधाओं को बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए बर्ड ग्रुप कंपनी के साथ करार किया गया है। कंपनी टर्मिनल बिल्डिंग से हवाई जहाज तक यात्रियों का सामान पहुंचाने, रैंप की सुविधा, जांच, ट्राली बैग व व्हीलचेयर आदि सुविधाएं प्रदान करेगी। इस काम में कंपनी नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करेगी।

दरअसल नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आगामी सितम्बर माह में हवाई जहाजों की उड़ान प्रस्तावित है। रनवे, टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी टॉवर का निर्माण सहित एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों को प्रदान की जानी वाली सुविधाएं बढ़ाने का काम शुरू कर दिया गया है।

ग्राउंड हैंडलिंग के तहत उड़ान की तैयारी और उसके समापन पर यात्रियों को प्रदान की जानी वाली सुविधाओं के लिए बर्ड ग्रुप के साथ करार किया गया है। बता दें कि बर्ड ग्रुप एक भारतीय कंपनी है, जो देश में 21 एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। नोएडा एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने बताया कि एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों को सभी जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। यात्रियों को अलग अनुभव प्रदान होगा। वहीं बर्ड ग्रुॅप के कार्यकारी निदेशक गौरव भाटिया का कहना है कि नई प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकियों को पेश करके सेवा प्रदान की जाएगी। एक रनवे और एक टर्मिनल एयरपोर्ट के पहले चरण में प्रतिवर्ष 12 मिलियन यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। सभी चार विकास चरणों के पूरा होने पर नोएडा एयरपोर्ट प्रतिवर्ष 70 मिलियन यात्रियों को सेवा प्रदान करने में सक्षम होगा।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला गौतमबुद्व नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-रोजा याकूबपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-आर.ओ.जे.01466, भूखण्ड संख्या-208, क्षेत्रफल-610 वर्ग मीटर श्री गजेन्द्र पुत्र श्री ब्रहमजीत, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री गजेन्द्र पुत्र श्री ब्रहमजीत की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री शिवम त्यागी, शुभम त्यागी पुत्रगण स्व० श्री गजेन्द्र त्यागी, श्रीमती सुधा पत्नी स्व० श्री गजेन्द्र त्यागी, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से सर्वश्री शिवम त्यागी, शुभम त्यागी पुत्रगण स्व० श्री गजेन्द्र त्यागी, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री शिवम त्यागी, शुभम त्यागी पुत्रगण स्व० श्री गजेन्द्र त्यागी, निवासी-ग्राम रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला गौतमबुद्व नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-रोजा याकूबपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-आर.ओ.जे.01462, भूखण्ड संख्या-231, क्षेत्रफल-610 वर्ग मीटर सर्वश्री गजराज, गजेन्द्र त्यागी पुत्रगण श्री ब्रहमजीत, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री गजेन्द्र त्यागी पुत्र श्री ब्रहमजीत की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती सुधा पत्नी स्व० श्री गजेन्द्र त्यागी, सर्वश्री शिवम त्यागी, शुभम त्यागी पुत्रगण स्व० श्री गजेन्द्र त्यागी, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्रीमती सुधा पत्नी स्व० श्री गजेन्द्र त्यागी, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्रीमती सुधा पत्नी स्व० श्री गजेन्द्र त्यागी, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# अभिमत

*जैव विविधता में मिट्टी के बाद पानी एक महत्वपूर्ण संसाधन है। जीवन के लिए हवा के बाद पानी बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसे संजोया जाना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। भोजन की तरह पानी को भी किसी कारखाने व कृत्रिम तरीके से नहीं बनाया जा सकता। यह प्राकृतिक संसाधन है, और इसे बचाया जाना अत्यंत जरूरी है। भोजन के बिना तो 15-20 दिन जिया जा सकता है, पानी के बिना एक सप्ताह तक जीना मुश्किल है। पानी से मानव ही नहीं, समस्त जीव-जगत, पशु पक्षियों का जीवन जुड़ा हुआ है।*

## पानी में भी आत्मनिर्भरता जरूरी

नवाचार

■ बाबा मायाराम

**पानी की कमी का एक कारण शहरीकरण भी है। पक्के घरों का निर्माण, बागवानी या रोजमर्रा के सभी कार्यों के लिए ज्यादा पानी की जरूरत है। पानी शहरों में तो होता नहीं है, वहां इसकी आपूर्ति के लिए आसपास के इलाकों के बांधों, नहरों और दूसरे जलस्त्रोतों का दोहन होता है, जो पानी की किल्लत का कारण बन रहा है। हमें भोजन के साथ पानी में भी आत्मनिर्भरता जरूरी है।**

बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ, जब मध्यप्रदेश के सतपुड़ा अंचल में बहुत अच्छे हरे-भरे जंगल थे, सदानीरा नदियां थीं, कुएं, तालाब, बाबड़ियां पानीदार थीं। नदी-नालों में पानी की बहुतायत थी। लेकिन अब जंगल कम हो गए हैं, नदियां सूखने लगी हैं, और कुएं और तालाब तो लगभग गायब ही हो गए हैं।

हमारे छुटपन में गांव में मिट्टी के घर होते थे। घर के आगे-पीछे काफी जगह होती थी। खेती-किसानी के काम के लिए घरों में ज्यादा जगह होती थी। घर के पीछे बाड़ी होती थी। बाड़ी में हरी पत्तीदार सब्जियां लगाई जाती थीं। मुनगा, आम, अमरूद, नींबू, इमली के फलदार पेड़ होते थे। भूमि की सतह का पानी नीचे जज्ब होता था और धरती का पेट भरता था।

होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले के पूर्वी छोर पर स्थित गांव में मेरा बचपन बीता है। हमारे घर कुएं से पानी आता था। कुएं बहुत उथले थे, 15-20 फुट नीचे पानी था। हम नदी में नहाने जाते थे। नदी का नाम था- दुधी था। यानी दूध की तरह मीठा दूधिया पानी। गांव के सभी मवेशी भी वहीं पानी पीते थे।

वहां नदी की रेत तरबूज-खरबूज की खेती होती थी। खीरा और सब्जियां भी होती थीं। झील, तालाब व नदियों के किनारे थोड़ी सी गहराई पर ही पानी निकल आता था। झिरिया (एक डेढ़ फुट गहराई) खोदकर लोग पानी पीते थे।

इस इलाके में मिश्रित खेती होती थी। मिश्रित खेती में यहां उतेरा पद्धति व बारिश की नमी से खेती होने वाली हवेली पद्धति थी। उतेरा पद्धति में 6-7 प्रकार के अनाजों को मिलाकर खेत में बोया जाता है। फसलें जून में बोई जाती हैं और पकने पर काट ली जाती हैं। इसमें ज्वार, धान, तिली, तुअर और समा, कोदो मिलाकर बोते हैं।

हवेली खेती पद्धति में रबी फसल के लिए ऊंची मेड़ बनाकर बारिश का पानी रोककर रखा जाता था। चार माह पानी भरकर रखने से कई तरह की खरपतवार सड़कर मिट्टी को उर्वर बनाती थी। जमीन सूखने पर पानी निकाल दिया जाता था और इसी नमी में बीज बो दिए जाते थे। इसमें सिंचाई की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। लेकिन अब मिश्रित पद्धति तो जंगल वाले व असिंचित इलाके में प्रचलित है, पर हवेली पद्धति खत्म हो गई है।

जैव विविधता में मिट्टी के बाद पानी एक महत्वपूर्ण संसाधन है। जीवन के लिए हवा के बाद पानी बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसे संजोया जाना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। भोजन की तरह पानी को भी किसी कारखाने व कृत्रिम तरीके से नहीं बनाया जा सकता। यह प्राकृतिक संसाधन है, और इसे बचाया जाना अत्यंत जरूरी है। भोजन के बिना तो 15-20 दिन जिया जा सकता है, पानी के बिना एक सप्ताह तक जीना मुश्किल है। पानी से मानव ही नहीं, समस्त जीव-जगत, पशु पक्षियों का जीवन जुड़ा हुआ है।

मध्य भारत की स्थिति उत्तर भारत से भिन्न है। उत्तर भारत की नदियां हिमजा हैं, वहां वर्षा न भी हो तो उनमें बर्फ पिघलने से पानी आएगा, लेकिन मध्य भारत की नदियां वनजा हैं, यानी वन नहीं होंगे तो ये शुष्क हो जाएंगी। यह हाल यहां की अधिकांश नदियों का हो गया है, यहां की जीवनरेखा कहलाने वाली नर्मदा की ज्यादातर सहायक नदियां सूख चुकी हैं। कभी मध्यप्रदेश के सतपुड़ा अंचल की शक्कर, दुधी, मछवासा, पलकमती आदि नदियां बारह महीनों बहती थीं, जो अब बरसाती हो गई हैं। इससे नर्मदा भी कमजोर हो गई है।

जंगलों में आई कमी का नतीजा तापमान में वृद्धि के रूप में सामने है। कुछ समय पहले तक गांवों में और पर्यटन स्थल पचमढ़ी जैसे ठंडे स्थानों में पंखों की जरूरत नहीं पड़ती थी। अब पंखे-कूलर के बिना रहना मुश्किल है। जंगल पानी के स्त्रोत तो थे ही, वह तापमान को भी नियंत्रित करते थे।

अब सतपुड़ा पहाड़ों से निकलने वाली नदियां दम तोड़ रही हैं। फसलचक्र परिवर्तन के बाद अब ज्यादा पानी पीने वाली बौनी किस्में आ गई हैं। इस कारण खेत-खेत में नलकूप हो गए हैं, और बिना रोक-टोक पानी उलीचा जा रहा है। तालाब पाट दिए गए हैं। नदियों के स्वाभाविक प्रवाह को रोककर बांध बनाए जा रहे हैं। जो रेत पानी को स्पंज की तरह सोखकर रखती थी, उसका खनन बेतहाशा बढ़ गया है।

हाल के कुछ बरसों में मौसम बदलाव हो रहा है। किसानों की एक बड़ी समस्या है बारिश न होना या बेमौसम बारिश होना। इसलिए भूजल उलीचा जा रहा है। भूजल बरसों में एकत्र होता है, यही हमारा सुरक्षित जल भंडार है। फिर बिना बिजली के उसे ऊपर खींचना मुश्किल है। जितनी गहराई पर पानी होगा, उसे निकालने के लिए उतनी ही ज्यादा ऊर्जा की जरूरत होगी। यानी ज्यादा बिजली लगेगी। पूर्व से आसन्न बिजली का संकट साल दर साल बढ़ते जा रहा है।

पहले हर साल वर्षा ऋतु में बारिश रिम-झिम यानी धीरे-धीरे होती थी, अब एक साथ हो जाती है। यानी वर्षा के दिन कम हो गए हैं। बारिश की फसलें अब कम हो गई हैं। कोदो, कुटकी, मड़िया, सांवा जैसी फसलें अब नहीं के बराबर हैं। यह पौष्टिक फसलें थीं और बहुत ही कम पानी में हो जाती थीं। तीन पाख दो पानी, पक आई कुटकी रानी जैसी कहावतें थीं। यह डेढ़ महीने की फसल होती थी। इसके औषधीय गुण भी थे।

पानी की कमी का एक कारण शहरीकरण भी है। पक्के घरों का निर्माण, बागवानी या रोजमर्रा के सभी कार्यों के लिए ज्यादा पानी की जरूरत है। पानी शहरों में तो होता नहीं है, वहां इसकी आपूर्ति के लिए आसपास के इलाकों के बांधों, नहरों और दूसरे जलस्त्रोतों का दोहन होता है, जो पानी की किल्लत का कारण बन रहा है।

हमें भोजन के साथ पानी में भी आत्मनिर्भरता जरूरी है। अब सवाल है पानी कैसे बचाया जाए? इसके कुछ तरीके हो सकते हैं। जैसे भी हो, जहां भी संभव हो, बारिश के पानी को रोकना चाहिए। जहां बारिश का पानी गिरता है, उसे सरपट न बह जाने दें, वहीं रोक दें। स्पीड ब्रेकर जैसी पार बांधकर, उसकी चाल को कम करके धीमी गति से जाने दें, जिससे धरती का पेट भी भरेगा और पानी भी मिलेगा।

इसके साथ, खेत का पानी खेत में रहे, इसके लिए मेड़बंदी की जा सकती है। कंटूर बंडिंग की जा सकती है, यानी मिट्टी के कटाव और मिट्टी में नमी बनाए रखने के लिए मेड़ें बनाई जा सकती हैं। गांव का पानी गांव में रहे, इसके लिए तालाब और छोटे बंधान बनाए जा सकते हैं। चैक डेम बनाए जा सकते हैं। चौड़ी पत्ती के पेड़, तरह-तरह की झाड़ियां व घास की हरियाली बढ़ाकर जल संरक्षण किया जा सकता है।

शहरों में जल संचयन (वाटर हारवेस्टिंग) के माध्यम से पानी को एकत्र कर भूजल को ऊपर लाया जा सकता है। इसके माध्यम से कुओं व नलकूप को पुनर्जीवित किया जा सकता है। नदी-नालों में बोरी बंधान बनाए जा सकते हैं। सूखी नदियों को गहरा किया जा सकता है।

इसके साथ ही सबसे जरूरी है खेती में हमें फसलचक्र बदलना होगा। देशी बीज और हल-बैल की गोबर खाद वाली की खेती की ओर मुड़कर मिट्टी-पानी का संरक्षण करना होगा। यानी समन्वित प्रयास से ही हम पानी जैसे बहुमूल्य संसाधन का संरक्षण व संवर्धन कर सकते हैं।

यहां उत्तराखंड में वनों के संरक्षण से पानी के परंपरागत स्त्रोत बचाने का अनूठा उदाहरण देना उचित होगा। यहां अस्सी के दशक में हेंवलघाटी के परंपरागत जलस्त्रोत लगभग सूख चुके थे। लेकिन जब लोगों को गहरा अहसास हुआ कि हमारा बांज-बुरास का जंगल उजड़ रहा है और सदाबहार जलस्त्रोत सूख रहे हैं, उन्होंने इन्हें पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया।

इस काम के पीछे चिपको आंदोलन की प्रेरणा थी। जड़धार गांव में जहां पहाड़ी के वनों को लोगों ने संरक्षित किया, बीज बचाओ आंदोलन के जंगल बचाने के प्रयास से वहां के जलस्त्रोत फिर सदानीरा हो गए। जब वन होंगे तो बादल आएंगे, बारिश होगी।

इसी प्रकार, वृक्षारोपण और जंगल बचाने के साथ मेड़बंदी, तालाब बनाने का काम कई जगह हुआ है। राजस्थान व छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में तालाबों की पानीदार परंपराएं रही हैं। राजस्थान में बरसों पुराने तालाब हैं, और आज भी लोग उनका पानी पीते हैं। छत्तीसगढ़ में एक गांव कई कई तालाब हैं। इनके संरक्षण व रख-रखाव के तौर-तरीके भी हैं। इन सबसे सीखकर अगर इस दिशा में समन्वित प्रयास किए जाएं तो जलसंकट का समाधान हो सकेगा।

## बीता सप्ताह

**6 अप्रैल**

- रायपुर छत्तीसगढ़ के पावर कंपनी के गोदाम में भीषण आग लगने से गोदाम में रखे ट्रांसफार्मर एवं अनेक सामान जल जाने से 100 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ।
- दिल्ली सरकार की मंत्री अतिशि मार्लेना को चुनाव आयोग ने भाजपा पर लगाए आरोप के कारण नोटिस दिया।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया जिसमें गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख राशि देने का वादा किया।
- आरबीआई गर्वनर शशिकांत दास ने घोषित किया कि अब यूपीआई के माध्यम से भी बैंक खातों में राशि जमा की जा सकेगी।

**7 अप्रैल**

- इंडिया एम्प्यलायमेंट रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ कि देशभर के बेरोजगार 83 फीसदी शिक्षित युवा हैं।
- उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीश धनकड़ ने जेपी नड्डा सहित अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा सदस्यता की शपथ दिलाई।
- पं. बंगाल में पूर्व मिदनापुर के भूपति नगर में अज्ञात लोगों ने एनआईए टीम पर हमला कर दिया।
- डॉ. मीनेश शाह राष्ट्रपति सहकारी डेरी फेडरेशन के अध्यक्ष चुने गए।

**8 अप्रैल**

- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई तेज की जाएगी।
- चुनाव आयोग ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी को एम चंद्रबाबू नायडू पर की गई टिप्पणी को लेकर नोटिस भेजा।
- ब्रिटेन में तूफान कैथलीन के कहर के कारण हवाई उड़ानें रद्द कर दी गई।
- आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विप्रो के श्रीनी पल्लिपा नए सीईओ बने।

**9 अप्रैल**

- छत्तीसगढ़ प्रदेश में शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इडी की याचिका खारिज की, कहा पर्याप्त सबूत नहीं।
- छत्तीसगढ़ के बस्तर में एक चुनावी सभा में पीएम मोदी ने कहा कि जब तक गरीब की चिंता दूर नही करूंगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा।
- दक्षिण कोरिया ने अपना दूसरा सैन्य उपग्रह प्रक्षेपित किया।
- इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रोत में वाहनों की टक्कर से 12 लोगों की मौत हो गई।

**10 अप्रैल**

- दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल शराब नीति केस में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दी।
- छत्तीसगढ़ के कुम्हारी में केडिया डिस्टलरी के कर्मियों से भरी बस 50 फीट गहरी खाई में गिर जाने से 15 लोगों की मौत हो गई। 12 कर्मी घायल हो गए।
- मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई।
- इजरायल ने तुर्की वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाया।

**11 अप्रैल**

- शराब नीति घोटाले मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में दायर याचिका हाईकोर्ट में खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सदन के दस नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई।
- दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आप की नीति का विरोध करते हुए इस्तीफा दे दिया।
- नोबल पुरस्कार विजेता भौतिक वैज्ञानिक पीटर हिग्स का निधन हो गया।
- ताईवान के नए प्रधानमंत्री बने जो जंग ताई। जो जंग ताई डेमोक्रेटिक प्रोगेसिव पार्टी के पूर्व अध्यक्ष रहे है।

**12 अप्रैल**

- हरियाणा के महेंद्रगढ़ में स्कूली बस पलटने से 7 स्कूली बच्चों की मौत हो गई।
- एसबीआई ने आरटीआई के तहत चुनावी बांड की जानकारी देने से इंकार कर दिया।
- दक्षिण कोरिया में चुनावी हार के बाद सत्तारूढ़ पार्टी के प्रधानमंत्री हान डक सू ने इस्तीफा दे दिया।
- अंकुर कुमार स्वतंत्र बिजली उत्पादन एस्सार पावन लिमिटेड के नवीनीकरण व्यापार प्रभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किए गए।

## 'भारत रोजगार रिपोर्ट : 2024' - युवा-रोजगार की पड़ताल

■ अमित कोहली

भारत अपनी बढ़ती युवा आबादी के साथ, एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। 'मानव विकास संस्थान' (आईएचडी) और 'अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन' (आईएलओ) द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई 'भारत रोज़गार रिपोर्ट- 2024' युवाओं में रोज़गार के बहुआयामी परिदृश्य पर प्रकाश डालती है। भारत की युवा आबादी विश्व में सबसे अधिक है। भारत का यह जनसांख्यिकीय लाभ हमारे लिए अवसर और चुनौतियां दोनों प्रस्तुत करता है।

'भारत रोज़गार रिपोर्ट-2024' से पता चलता है कि राष्ट्र में युवा बेरोज़गारी की समस्या चिन्ताजनक स्तर तक पहुंच गई है, खासकर शिक्षित युवाओं के बीच उच्च बेरोज़गारी चिन्ता का विषय है। भारत के युवाओं में कुल बेरोज़गारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो संकट को और भी बढ़ा देती है। इसके अलावा, महिला श्रमबल की भागीदारी में चिन्ताजनक गिरावट दर्ज की गई है, जो इस जटिल मुद्दे में एक और परत जोड़ती है।

वर्तमान में, भारत की कुल बेरोज़गार श्रमशक्ति में युवाओं की हिस्सेदारी आश्चर्यजनक रूप से 83 प्रतिशत है। इसके अलावा, कुल बेरोज़गारों में शिक्षित युवाओं का हिस्सा दो वर्षों के दौरान दोगुना हो गया है, वर्ष 2000 में यह 35.2 प्रतिशत था जो बढ़कर वर्ष 2022 में 65.7 प्रतिशत हो गया है। ये आंकड़े स्थिति की गम्भीरता को रेखांकित करते हैं और शिक्षित युवाओं द्वारा लाभप्रद रोज़गार के अवसर हासिल करने में आने वाली चुनौतियों को उजागर करते हैं।

> **भारत के युवाओं ने पिछले दो दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उच्च शिक्षा, जो गुणवत्तापूर्ण नौकरियों तक पहुंचने का एक प्रमुख कारक है, अनेक लोगों के लिए अब सुलभ है। हालांकि, केवल शिक्षा ही रोज़गार की गारंटी नहीं है। कक्षाओं से निकलकर युवाओं का कार्यस्थलों तक पहुंच पाना एक बड़ी बाधा बनी हुई है। रिपोर्ट इस अन्तर को प्रभावी ढंग से पाटने की आवश्यकता पर ज़ोर देती है।**

इन चिन्ताजनक आंकड़ों के अलावा, महिला श्रमबल की भागीदारी में एक उल्लेखनीय गिरावट हुई है, जो समस्या को और भी बढ़ाती है। राष्ट्र के कामगारों में महिलाओं की कमी सिर्फ उनके आर्थिक सशक्तिकरण को ही नकारात्मक रूप से प्रभावित नहीं करती, बल्कि व्यापक सामाजिक चुनौतियों में भी इज़ाफा करती है।

भारत के श्रम परिदृश्य की एक प्रमुख विशेषता अनौपचारिक क्षेत्र का रोज़गार है। 82 प्रतिशत श्रमशक्ति अनौपचारिक क्षेत्र के रोज़गार में लगी हुई है, जिसमें लगभग 90 प्रतिशत अनौपचारिक रूप से कार्यरत है। कुरियर डिलवरी, घर-घर खाना पहुंचाना, टैक्सी और रैपिडो मोटरसाइकिल पर सवारियां ढोना जैसे नए किस्म के रोज़गार बढ़ते हुए नज़र आते हैं। इनका जुड़ाव बड़ी-बड़ी कम्पनियों से है, लेकिन इनमें काम करने वाले युवा उन बड़ी कम्पनियों के कर्मचारी ना होकर स्व-रोजगार और अनौपचारिक काम की श्रेणी में आते हैं। अनौपचारिक काम की यह व्यापकता अर्थव्यवस्था और युवाओं के भविष्य के लिए सुरक्षित विकल्प नहीं है।

भारत के युवाओं ने पिछले दो दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उच्च शिक्षा, जो गुणवत्तापूर्ण नौकरियों तक पहुंचने का एक प्रमुख कारक है, अनेक लोगों के लिए अब सुलभ है। हालांकि, केवल शिक्षा ही रोज़गार की गारंटी नहीं है। कक्षाओं से निकलकर युवाओं का कार्यस्थलों तक पहुंच पाना एक बड़ी बाधा बनी हुई है। रिपोर्ट इस अन्तर को प्रभावी ढंग से पाटने की आवश्यकता पर ज़ोर देती है।

शिक्षा प्रणाली को रटने के दायरे से बाहर निकलकर व्यावसायिक कौशलों पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट कहती है कि व्यावसायिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और अपरेंटिसशिप को पाठ्यक्रम में समाहित किया जाना चाहिए। साथ ही, उचित समय पर कॅरियर परामर्श और मार्गदर्शन छात्रों को उनके शैक्षिक भविष्य के बारे में समझ-बूझकर निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं। रिपोर्ट कहती है कि शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं के साथ मेल करके, हम रोज़गार क्षमता को बढ़ा सकते हैं और शिक्षा तथा कौशल की असंगतता को कम कर सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिवर्ष लगभग 70-80 लाख युवा श्रम बाज़ार में प्रवेश करते हैं। ये युवा विविध आकांक्षाएं, कौशल और आशाएं लेकर आते हैं। यद्यपि शैक्षिक उपलब्धियों में सुधार हुआ है, यानी नामांकन बढ़ा है, ड्रापआउट घटा है, स्नातक और उससे ज़्यादा शिक्षा प्राप्त करने की दर में इज़ाफा हुआ है, तथापि शिक्षा क्षेत्र की इन उपलब्धियों को सार्थक रोज़गार में बदलना एक चुनौती बनी हुई है।

श्रम बाज़ार की चुनौतियाँ शिक्षित युवाओं के बीच बढ़ती बेरोज़गारी दरों के कारण और भी बढ़ जाती हैं। वर्ष 2000 से 2019 तक युवा बेरोज़गारी में तिगुनी वृद्धि हुई, लेकिन वर्ष 2022 में 12.1 प्रतिशत तक गिरने का संकेत एक अस्थिर परिदृश्य को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, शिक्षित युवाओं की बेरोज़गारी दर वर्ष 2000 में 23.9 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2019 में 30.8 प्रतिशत हो गई, लेकिन वर्ष 2022 में यह 18.4 प्रतिशत तक गिर गई, जो रोज़गार की सम्भावनाओं के अस्थिर स्वरूप को दर्शाती है।

भारतीय श्रम बल का कृषि से गैर-कृषि क्षेत्रों में संक्रमण एक महत्वपूर्ण घटना है, जिसके परिणामस्वरूप रोज़गार पैटर्न और अनौपचारिक काम की प्रवृत्ति में बदलाव हुआ है। यह परिवर्तन 'भारत रोज़गार रिपोर्ट-2024' के डेटा से स्पष्ट है, जो हाल के वर्षों के दौरान स्वयं रोज़गार, नियमित रोज़गार और आकस्मिक रोज़गार में हुए परिवर्तनों को दर्शाता है। अनौपचारिक रूप से रोज़गार प्राप्त व्यक्तियों की ज़्यादा तादाद ने इस वर्ग के लिए नौकरी की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और लाभों को प्राप्त करने से सम्बन्धित मुद्दों की विफलता को उजागर किया है।

रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि उभरती हुई प्रौद्योगिकियों, जैसे 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) का रोज़गार गतिविधियों पर प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' की प्रगति के कारण आउटसोर्सिंग उद्योग में आने वाले सम्भावित संकटों से निपटने के लिए त्वरित और ठोस उपायों की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया है। रिपोर्ट में इसके युवा रोज़गार पर पड़ने वाले प्रभावों को समझने पर भी बल दिया गया है।

भारत के युवाओं के लिए एक समृद्ध भविष्य की ओर जाने का मार्ग सशक्तिकरण और अवसर निर्माण के लिए समन्वित और सहयोगी प्रयासों में निहित है। युवा सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने वाले माहौल को बढ़ावा देकर, भारत अपने जनसंख्या लाभ की क्षमता का फायदा उठा सकता है। इसके परिणामस्वरूप सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सकता है। सतत रोज़गार के पर्याप्त अवसर बनाने के लिए यह ज़रूरी है कि लक्षित नीतियों और पहलों के माध्यम से युवा राष्ट्रीय विकास में सक्रिय रूप से योगदान कर सकें।

भारत के युवा उसकी सबसे बड़ी सम्पत्ति हैं। इस जनसंख्या का फायदा उठाने के लिए नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और नियोक्ताओं को आपस में सहयोग करना होगा। शिक्षा, कौशल विकास और नौकरी निर्माण में निवेश आवश्यक है। 'भारत रोज़गार रिपोर्ट-2024' भविष्य की ओर मार्गदर्शन करती है जहाँ युवा आकांक्षाएं श्रम बाज़ार की वास्तविकताओं के साथ सहजतापूर्वक मेल खा सकें।

**(लेखक घूमने और पढ़ने के शौकीन हैं।)**

## एक बड़े राजनीतिक पतन को दर्शाते हैं चुनावी बॉन्ड्स



जगदीश रत्तनानी

किसी भी समझदार व्यक्ति के सामने यह बात तय और स्पष्ट है कि चुनावी बॉन्ड्स की योजना एक जबरन वसूली रैकेट थी। भले ही इसे जारी करते समय इसका वह (इसे बनाने वालों के चैरिटेबल होने का कलंक लगाने का) इरादा नहीं था जिस इरादे के साथ इसे तैयार किया गया था। इस योजना से जो वैध दिखाई देने वाला भ्रष्टाचार फैलाया गया, उसका लंबे समय तक अध्ययन और विश्लेषण किया जाएगा। यह घोटालों के इतिहास में एक मील के पत्थर के रूप में दर्ज किया जाएगा जिसने अपने पीछे असाधारण और ऑडिट किए गए दस्तावेजों को देखते हुए कल्पना के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा है। इसकी विभीषिका यह है कि लेन-देन की बारीकियों में विशेष रूप से जब यह सामने आता है- (अ) फार्मा कंपनियों की दवाओं की गुणवत्ता की जांच का मुद्दा और उनके दान, (ब) विभिन्न प्रकार की शुरू हुई जांच जो 'दान' के बाद बंद हो गई, इनमें से एक प्रकार अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रक्रिया की ओर अग्रसर है, (स) भुगतान के बाद व्यापारिक घरानों के पक्ष में लंबे समय से लंबित मंजूरी और अन्य सुविधाएं प्रदान करना; और (द) विदेशी धन के लिए दान के रूप में आने वाला एक स्पष्ट रास्ता सिर्फ शीर्ष चिंताएं हैं। ये न केवल चुनावी बॉन्ड्स योजना के राष्ट्र-विरोधी चरित्र की ओर इशारा करती हैं बल्कि भ्रष्टाचार को निमंत्रण देने के रूप में भी सामने आती हैं- एक खुली नीति जो भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करने का स्पष्ट रास्ता बताती है।

कीमत का पता हो तो एक कारोबारी नेता या निहित स्वार्थ क्या नहीं कर सकता, खास तौर पर जब कानूनी कवर की गारंटी हो, कानून में गोपनीयता लिखी गई हो और भारत के प्रधानमंत्री की पार्टी लूट की प्राप्तकर्ता हो? यह भ्रष्टाचार की 'रेट-कार्ड' पद्धति को वैध बनाता है जो लगान वसूली की मांग को एक कुशल, पूर्वानुमानित और मात्रात्मक उद्यम बनाता है, केवल यह कि सत्ता के उच्चतम सोपानों पर काम करता है। यह वैध है और वह आपका कोई भी काम हो, उसे पूरा करता है। एक आधुनिक लोकतांत्रिक देश के रूप में यह भारत के पतन और 'बनाना रिपब्लिक' बनने की दिशा में निश्चित प्रवेश का प्रतीक है जिसमें शांति की दिखावटी भावना उस आंतरिक व्यवहार को मुश्किल से छुपाती है जहां गंदे काम किए जाते हैं। यह भारत की विकास गाथा की आंतरिक सड़ांध है, बढ़ती जीडीपी की बात तो छोड़िए, यह एक ऐसे देश का खुद का थोपा गया उपनिवेशीकरण है जिसने अपनी प्रतिष्ठा खो दी है।

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री रह चुके एआर अंतुले को चुनावी बॉन्ड्स योजना के शुरुआती संस्करण के रूप में वर्णित किया जा सकता है। फर्क सिर्फ इतना था कि उनका धन संग्रह गरीबों के लिए था, न कि चुनाव लड़ने के लिए। जब उनके द्वारा नियंत्रित ट्रस्टों को 'दान' के बारे में पता चला तो 1982 में दबाव डालकर अंतुले को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। यह सार्वभौमिक रूप से एक महत्वपूर्ण और बड़ा घोटाला माना जाता था। यह भाजपा ही थी जिसने अंतुले के खिलाफ मामला दर्ज किया था जिन्होंने शार्टेज के समय बिल्डरों को आंशिक रूप से सीमेंट आवंटन के बदले में ट्रस्ट फंड में 50 करोड़ रुपये एकत्र किए थे। जैसे ही यह घोटाला राष्ट्रीय सुर्खियों में आया तो भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाने में भाजपा सबसे आगे थी। लालकृष्ण आडवाणी ने इस घोटाले को उजागर करने के प्रयासों का नेतृत्व किया। आज वही पार्टी एक ऐसे चरण में पहुंच गई है जहां उसका नेतृत्व संग्रह के यथानुपात औचित्य की बात करता है। जैसा कि अमित शाह द्वारा धन प्राप्त के औचित्य के लिए पेश किए प्रयास से पता चलता है, जिसमें उन्होंने कहा कि इतने सारे सांसदों के कारण हमें इतना मिला और विपक्ष को कम सांसद होने के कारण इतना धन मिला।

फिर भी, चुनावी बॉन्ड्स से राष्ट्र को हुए गहरे नुकसान में उपरोक्त सभी को शामिल नहीं किया गया है। बड़ा झटका तो यह है कि भारत को स्वीकारोक्ति के इस अहसास के साथ आना होगा कि उदारीकरण और निजीकरण के युग में 1991 की उसकी दिशा विफल हो गई है।

भारत का उदारीकरण निजी क्षेत्र को लाइसेंस-नियंत्रण-राज से मुक्त करने, जॉन मेनार्ड कीन्स के शब्दों में आर्थिक संकट या आर्थिक अनिश्चितता के समय आने वाली 'एनिमल स्पिरिट्स' को बढ़ाने और आर्थिक पलायन के वेग से बचने के लिए था ताकि हम तथाकथित हिंदू विकास दर (आजादी के समय देश में ढांचागत विकास और सुविधाओं का अभाव था। देश के अधिकांश लोग आजीविका के लिए खेती पर ही निर्भर थे। इस वजह से 1970-80 के दशक तक भारत की आर्थिक गति सुस्त थी और जीडीपी ग्रोथ 3.5 फीसदी हुआ करती थी। अर्थशास्त्री राजकृष्णा ने 1950 से 1970 के दशक में देश की धीमी आर्थिक गति को ही 'हिन्दू रेट ऑफ ग्रोथ' कहा था, उससे ऊपर उठ सकें। सुधारों से पहले व्यवसायियों ने व्यापार-सरकार संपर्क की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए नई दिल्ली में संपर्क कार्यालय रखे।

बहुत समय पहले 1970 के दशक के 'वैश्विक तेल संकट' के मद्देनज़र मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए उठाये गये एक कदम के रूप में साबुन पर लगाए गए मूल्य नियंत्रण को समाप्त करने के लिए भारत में यूनिलीवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से मिलने के लिए कहा गया था। प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 24 जुलाई, 1991 को औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त कर दिया जिसके बाद इस लाइसेंस-नियंत्रण-राज की जरूरत ही नहीं रही। मनमोहन सिंह ने घोषणा की थी-'समग्र रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था अधिक प्रतिस्पर्धी, अधिक कुशल और आधुनिक बनने से लाभान्वित होगी और औद्योगिक प्रगति की दुनिया में अपना सही स्थान लेगी।'

> **भारत का उदारीकरण निजी क्षेत्र को लाइसेंस-नियंत्रण-राज से मुक्त करने, जॉन मेनार्ड कीन्स के शब्दों में आर्थिक संकट या आर्थिक अनिश्चितता के समय आने वाली 'एनिमल स्पिरिट्स' को बढ़ाने और आर्थिक पलायन के वेग से बचने के लिए था ताकि हम तथाकथित हिंदू विकास दर (आजादी के समय देश में ढांचागत विकास और सुविधाओं का अभाव था। देश के अधिकांश लोग आजीविका के लिए खेती पर ही निर्भर थे। इस वजह से 1970-80 के दशक तक भारत की आर्थिक गति सुस्त थी और जीडीपी ग्रोथ 3.5 फीसदी हुआ करती थी।**

इस बदलाव से क्या मिला है? हमारे पास जीडीपी वृद्धि है लेकिन सरकारी खर्च इस विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। निजी क्षेत्र हमेशा की तरह कम बोलता है लेकिन अभी भी सत्ता के गलियारों में बातचीत करने और उन लोगों को खुशी से तुरंत पैसा देने के लिए तैयार है जो उनके लिए उपयोगी हैं। जो लोग सत्ता के सबसे करीब हैं उन लोगों की ही सबसे ज्यादा तरक्की हुई हैं। इससे भी बदतर यह है कि इससे व्यवस्था में जो अक्षमताएं पैदा होती हैं वे एक तरफ निजी क्षेत्र को परिपक्व होने की अनुमति नहीं देंगी और दूसरी तरफ़ आर्थिक संकट या आर्थिक अनिश्चितता के समय आने वाली 'एनिमल स्पिरिट्स' से सत्ता को मजबूत होने, शासन प्रणाली बनाने, साहसिक निर्णय लेने और जोखिम उठाने से रोकती है। फिर भी जब प्रक्रिया को प्रबंधित करने के लिए एक साइड गेट मौजूद हो तो ये सारे जोखिम क्यों उठाए जाएं? ये आरोपित खिलाड़ी हैं जो झुकी हुई रीढ़ के साथ शासन करना जारी रखेंगे और हमारे पास निजी क्षेत्र के नाम पर (कुछ अपवादों को छोड़कर) जो है उसे हर कीमत पर कम से कम जोखिम के साथ पैसा बनाने में मदद करेंगे। समाज की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए भारत का यह सपना नहीं हो सकता। इस वजह से यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि उदारीकरण नीति के साथ हमने ब्रिटिश राज के दौरान प्राप्त धन और आय असमानता को अधिक बढ़ाया है। वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब के भारती, चांसल, पिकेटी और सोमांची के वर्किंग पेपर 'इनकम एंड वेल्थ इनइक्वेलिटी इन इंडिया, 1922-2023: द राइज ऑफ द बिलियनेयर राज' में यह बात लिखी गई है। यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि भारत का निजी क्षेत्र वास्तव में परिपक्व नहीं हुआ है और केवल सरकार की नौकरानी के रूप में खुद को सहज महसूस करता है।

इसलिए यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारत में नाम लेने लायक कोई सशक्त और उद्देश्यपूर्ण निजी क्षेत्र नहीं है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कई भारतीय अभी भी निजी उद्यमों पर भरोसा नहीं करते। भारत में आज भी एक कीमत चुकाकर शांति खरीदने और पैसा बनाने की काम करने की प्रणाली है। सरकार और वे लोग जिनके पास ऐसे साधन हैं वे जनविरोधी एजेंडे में एक साथ खड़े होते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस)**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## गाजा पर इजरायली हवाई हमले में 29 की मौत

**गाजा,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। गाजा में शुक्रवार को एक आवासीय इमारत पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 29 लोग मारे गए। फिलिस्तीनी समाचार और सूचना एजेंसी की ओर से ये जानकारी साझा की गई है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, हवाई हमले में दर्जनों लोग घायल हो गए। रिपोर्ट में और अधिक जानकारी नहीं दी गई है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एयरफोर्स ने पिछले 24 घंटों के दौरान गाजा पट्टी में 60 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं।

# सुरक्षा चुनौतियों को दूर करने के लिए सूचना का आदान-प्रदान जरूरी : जरदारी

■ राष्ट्रपति जरदारी ने गाजा में तत्काल युद्धविराम का किया आह्वान



पाकिस्तान द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ावा देने के लिए सभी क्षेत्रों में ईरान के साथ काम करना जारी रखेगा : आसिफ अली जरदारी

**इस्लामाबाद,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के साथ बातचीत में दोनों देशों के सामने आने वाली 'सुरक्षा चुनौतियों को दूर करने के लिए सूचना के आदान-प्रदान' को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति भवन की ओर से गुरुवार रात जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दोनों राष्ट्रपतियों ने टेलीफोन पर बातचीत की और ईद-उल-फितर के अवसर पर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। बयान में कहा गया कि उन्होंने दोनों देशों के सामने आने वाली सुरक्षा चुनौतियों से पार पाने के लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान को बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने रायसी को पाकिस्तान आने का भी निमंत्रण दिया।

बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति जरदारी ने बातचीत के दौरान दमिश्क में ईरानी दूतावास पर इजरायली हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले शोक संतप्त परिवारों तथा ईरानी नेतृत्व के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। इस महीने की शुरुआत में सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास का एक हिस्सा इजरायली हवाई हमले में नष्ट हो गया था, जिसमें उसके दो जनरलों और पांच अन्य सैन्य सलाहकारों की मौत हो गई थी। यह हमला सीरिया में ईरानी हितों पर अब तक के सबसे महत्वपूर्ण हमलों में से एक था। बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने मानवीय संकट और इजरायली बलों द्वारा किए जा रहे नरसंहार पर चिंता व्यक्त की तथा गाजा में तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया।

### ईरान ने इजरायल पर हमले शुरू करने की बनाई योजना

■ प्रतिक्रिया नियंत्रित व तनाव को बढ़ावा देने वाली नहीं होने का दिया भरोसा

**तेहरान**। सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर एक घातक इजरायली हवाई हमले के बाद ईरान ने इजरायल पर हमलों की कड़ी शुरू करने के लिए क्षेत्रीय प्रॉक्सी का उपयोग करने की योजना बनाई है।

ईरान ने इस बीच संकेत दिया है कि यदि उसकी मांगें पूरी कर दी जाती हैं, तो वह तनाव कम करने को तैयार है। कुछ सूत्रों से ऐसी रिपोर्ट सामने आ रही हैं कि ईरान 48 घंटे के अंदर इजरायल पर हमला कर सकता है। अमेरिकी खुफ़िया सूत्रों ने एक सूत्र का हवाला देते हुए कहा कि ईरान ने इजरायल पर कई हमले शुरू करने के लिए क्षेत्रीय प्रॉक्सी का उपयोग करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि ईरान ने बहुत स्पष्ट किया कि प्रतिक्रिया नियंत्रित होगा और तनाव को बढ़ावा देने वाली नहीं होगी।

# भारत ने किया तालिबान के फैसले का स्वागत



यदि तालिबान शासन हिन्दुओं व सिखों की संपत्ति के अधिकार को बहाल किया है तो यह एक सकारात्मक बात है : रणधीर जायसवाल

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने अफगानिस्तान के तालिबान शासन द्वारा अल्पसंख्यकों के संपत्ति के अधिकार बहाल करने के निर्णय का स्वागत किया है और इसे सकारात्मक बताया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा कि हमने ऐसी रिपोर्टें देखीं हैं। यदि तालिबान शासन ने अफगानिस्तान में हिन्दुओं एवं सिखों की संपत्ति के अधिकार को बहाल किया है तो यह एक सकारात्मक बात है।

उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान के तालिबान शासन ने धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसले हिंदू और सिख अल्पसंख्यकों को जमीनें वापस लौटाने का फैसला लिया है। तालिबान अधिकारियों ने इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया है। अफगानिस्तान की तालिबान शासन के इस फैसले को भारत के लिए एक कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। म्यांमार में उत्तर प्रदेश के दो युवाओं का अपहरण होने की घटना के बारे में एक सवाल के जवाब में जायसवाल ने कहा कि दोनों युवकों को रिहा करा के स्वदेश लाया जा चुका है। भारतीय मिशन ने स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय के साथ युवकों को सुरक्षित लौटाने में भूमिका निभाई है।

म्यांमार में सुरक्षा स्थिति पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि म्यांमार में सुरक्षा स्थिति अनिश्चित है और लगातार बिगड़ रही है।

# वियतनामी अरबपति ट्रूंग माई लैन को धोखाधड़ी के लिए मौत की सजा

■ यह दुनिया में अब तक के सबसे बड़े बैंक धोखाधड़ी में से एक है

■ ट्रूंग माई लैन के साथ 85 प्रतिवादियों पर चलाया गया मुकदमा

**हनोई,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। वियतनाम में अब तक के सबसे शानदार मुकदमा में, हो ची मिन्ह सिटी की एक अदालत में 67 वर्षीय वियतनामी अरबपति को 11 वर्षों की अवधि में देश के सबसे बड़े बैंकों में से एक को लूटने के लिए गुरुवार को मौत की सजा सुनाई। यह दुनिया में अब तक के सबसे बड़े बैंक धोखाधड़ी में से एक है।

यह एक दुर्लभ फैसला है और वह वियतनाम की बहुत कम महिलाओं में से एक है जिसे मौत की सजा सुनाई गई है। यह निर्णय चकित करने वाले धोखाधड़ी के स्तर को दर्शाता है। ट्रूंग माई लैन को साइगॉन कमर्शियल बैंक से 44 अरब डॉलर का ऋण लेने का दोषी ठहराया गया। फैसले के अनुसार, उन्हें 27 अरब डॉलर लौटाने होंगे, अभियोजकों ने कहा कि यह राशि कभी भी वसूली नहीं जा सकेगी। हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि मौत की सज़ा गबन किए गए अरबों में से कुछ वापस लाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक तरीका है। एक कम्युनिस्ट अधिकारी ने कहा कि 2,700 लोगों को गवाही देने के लिए बुलाया गया, जबकि इसमें 10 राज्य अभियोजक और लगभग 200 वकील शामिल थे। सबूत कुल छह टन वजन वाले 104 बक्सों में थे। ट्रूंग माई लैन के साथ 85 प्रतिवादियों पर मुकदमा चलाया गया, जिन्होंने आरोपों से इनकार किया। वियतनाम में लंबा अनुभव रखने वाले अमेरिकी विदेश विभाग के एक सेवानिवृत्त अधिकारी डेविड ब्राउन ने कहा कि मुझे लगता है कि कम्युनिस्ट युग में इस तरह का ट्रायल कभी नहीं हुआ। निश्चित रूप से इस पैमाने पर कभी भी नहीं हुआ। कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुयेन फु ट्रोंग के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान ब्लेज़िंग फर्नेस में यह मुकदमा अब तक का सबसे नाटकीय रहा। मार्क्सवादी सिद्धांत के रूढ़िवादी विचारक, गुयेन फु ट्रोंग का मानना है कि अदम्य भ्रष्टाचार के लिए जन आक्रेश सत्ता पर कम्युनिस्ट पार्टी के एकाधिकार के लिए खतरा है।

# रूसी मिसाइल हमले में कीव में थर्मल पावर प्लांट नष्ट



**कीव,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। रूसी मिसाइल हमले में यूक्रेन की राजधानी के बाहर ट्रिपिल्स्का थर्मल पावर प्लांट (टीपीपी) पूरी तरह से नष्ट हो गया है। मीडिया ने एक अधिकारी के हवाले से यह खबर दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेनी पावर प्लांट सेंटरनेर्गो के पर्यवेक्षी बोर्ड के अध्यक्ष एंड्री होता ने गुरुवार को कहा कि हमले के बाद प्लांट के टरबाइन कक्ष में भीषण आग लग गई। उन्होंने कहा कि हमले में किसी कर्मचारी की मौत नहीं हुई है। आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। कीव से 45 किमी दक्षिण में स्थित, ट्रिपिल्स्का टीपीपी 1,800 मेगावाट की क्षमता के साथ कीव क्षेत्र में सबसे बड़ा बिजली उत्पादन केंद्र है। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि गुरुवार सुबह, रूस ने 42 मिसाइलें दागीं। इनमें छह किंजल एयरोबैलेस्टिक मिसाइलें और 40 लड़ाकू ड्रोन शामिल थे। यूक्रेनी सेना ने 18 मिसाइलों और 39 ड्रोनों को मार गिराया।

# सुरक्षा परिषद ने गाजा में कर्मचारियों की हत्या पर जताई चिंता



**संयुक्त राष्ट्र,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इजराइल द्वारा गाजा में वर्ल्ड सेंट्रल किचन के सात कर्मियों की हत्या पर चिंता जताई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, गुरुवार को एक प्रेस बयान में कहा गया कि इन हमलों से गाजा में चल रहे संघर्ष के दौरान मारे गए मानवीय सहायता कर्मियों की संख्या 224 हो गई है। एजेंसी ने बताया कि यह संख्या एक वर्ष में किसी भी एक संघर्ष में मारे गए मानवीय सहायता कर्मियों की संख्या से तीन गुना अधिक है। परिषद के सदस्यों ने इन घटनाओं के लिए जवाबदेही तय करने की बात कही। सदस्यों ने संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करने की मांग की। उन्होंने संघर्ष में मानवीय क्षति और गाजा में आसन्न अकाल के खतरे पर अपनी गहरी चिंता दोहराई। मानवीय सहायता के वितरण में सभी बाधाओं को तत्काल दूर करने का आह्वान भी किया।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | फेरे | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:40 | बुधवार, रविवार | 28.04.2024 से 30.06.2024 | 19 | 3 टियर वाता (इकोनॉमी) एवं शयनयान |
| 04076 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | वीरवार, सोमवार | 29.04.2024 से 01.07.2024 | 19 | |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी | 09:45 | सोम, वीर, शनि | 27.04.2024 से 29.06.2024 | 28 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04079 | वाराणसी | 18:20 | दिल्ली जं. | 08:50 | मंगल, शुक्र, रवि | 28.04.2024 से 30.06.2024 | 28 | |
| 04624 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी | 23:55 | रविवार | 21.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, 3 टियर वाता (इकोनॉमी) शयनयान एवं सामान्य |
| 04623 | वाराणसी | 05:30 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:25 | मंगलवार | 23.04.2024 से 02.07.2024 | 11 | |
| 04530 | बठिण्डा | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | सोमवार, शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 19 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04529 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा | 17:00 | मंगलवार, शनिवार | 27.04.2024 से 29.06.2024 | 19 | |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | 20.04.2024 से 30.06.2024 | 72 | सामान्य |
| 04554 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | प्रतिदिन | 20.04.2024 से 30.06.2024 | 72 | |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | वीरवार | 25.04.2024 से 27.06.2024 | 10 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 10 | |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | मंगलवार, शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 19 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04067 | दरभंगा | 18:00 | दिल्ली जं. | 16:40 | बुधवार, शनिवार | 27.04.2024 से 29.06.2024 | 19 | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:50 | बरौनी जं. | 06:30 | रविवार | 28.04.2024 से 30.06.2024 | 10 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04061 | बरौनी जं. | 08:00 | दिल्ली जं. | 07:35 | सोमवार | 29.04.2024 से 01.07.2024 | 10 | |
| 04028 | आनंद विहार टं. | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | सोमवार | 29.04.2024 से 24.06.2024 | 09 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04027 | सहरसा जं. | 09:30 | आनंद विहार टं. | 13:55 | बुधवार | 01.05.2024 से 26.06.2024 | 09 | |
| 04060 | आनंद विहार टं. | 10:30 | जयनगर | 15:15 | मंगलवार, शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 19 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टं. | 19:55 | बुधवार, शनिवार | 27.04.2024 से 29.06.2024 | 19 | |
| 04010 | आनंद विहार टं. | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | मंगलवार | 30.04.2024 से 25.06.2024 | 09 | शयनयान एवं सामान्य |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टं. | 16:05 | वीरवार | 02.05.2024 से 27.06.2024 | 09 | |
| 04004 | नई दिल्ली | 00:10 | सीतामढ़ी | 22:00 | मंगलवार, शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 19 | शयनयान एवं सामान्य |
| 04003 | सीतामढ़ी | 23:30 | नई दिल्ली | 01:30 | मंगलवार, शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 19 | |
| 04656 | जम्मू तवी | 05:20 | उदयपुर | 07:30 | वीरवार | 25.04.2024 से 27.06.2024 | 10 | 3 टियर वाता एवं वाता कुर्सीयान |
| 04655 | उदयपुर | 13:45 | जम्मू तवी | 15:10 | शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 10 | |
| 04058 | आनंद विहार टं. | 23:15 | मुज़फ्फ़रपुर | 21:15 | सोमवार, वीरवार | 29.04.2024 से 27.06.2024 | 18 | शयनयान एवं सामान्य |
| 04057 | मुज़फ्फ़रपुर | 23:00 | आनंद विहार टं. | 23:30 | मंगलवार, शुक्रवार | 30.04.2024 से 28.06.2024 | 18 | |
| 04310 | देहरादून | 11:00 | गोरखपुर | 01:30 | मंगलवार | 23.04.2024 से 25.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04309 | गोरखपुर | 14:55 | देहरादून | 08:30 | बुधवार | 24.04.2024 से 26.06.2024 | 10 | |
| 04312 | देहरादून | 11:00 | हावड़ा | 15:15 | वीरवार | 25.04.2024 से 27.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04311 | हावड़ा | 18:00 | देहरादून | 01:30 | शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 10 | |
| 04314 | देहरादून | 11:00 | मुज़फ्फ़रपुर | 07:00 | शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04313 | मुज़फ्फ़रपुर | 09:00 | देहरादून | 08:30 | शनिवार | 27.04.2024 से 29.06.2024 | 10 | |
| 04680 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 10 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04679 | गुवाहाटी | 23:20 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 20:45 | सोमवार | 29.04.2024 से 01.07.2024 | 10 | |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | मंगलवार | 23.04.2024 से 25.06.2024 | 10 | 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | वीरवार | 25.04.2024 से 27.06.2024 | 10 | |
| 05005 | गोरखपुर जं. | 14:40 | अमृतसर | 09:30 | बुधवार | 24.04.2024 से 26.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | गोरखपुर जं. | 08:50 | वीरवार | 25.04.2024 से 27.06.2024 | 10 | |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर | 09:30 | शुक्रवार | 26.04.2024 से 28.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 05050 | अमृतसर | 12:45 | छपरा | 14:00 | शनिवार | 27.04.2024 से 29.06.2024 | 10 | |
| 05097 | टनकपुर | 18:25 | दौराई | 13:40 | सोम, बुध, शुक्र | 22.04.2024 से 28.06.2024 | 30 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 05098 | दौराई | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | मंगल, वीर, शनि | 23.04.2024 से 29.06.2024 | 30 | |
| 05053 | गोरखपुर जं. | 09:30 | बान्द्रा टर्मिनस | 18:00 | शुक्रवार | 19.04.2024 से 28.06.2024 | 11 | सामान्य |
| 05054 | बान्द्रा टर्मिनस | 21:15 | गोरखपुर जं. | 06:25 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | |
| 05045 | लालकुंआ | 13:10 | राजकोट | 18:10 | रविवार | 21.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता शयनयान एवं सामान्य |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लालकुंआ | 04:05 | सोमवार | 22.04.2024 से 01.07.2024 | 11 | |
| 05303 | गोरखपुर जं. | 08:30 | महबूब नगर | 19:30 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | 3 टियर वाता (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 05304 | महबूब नगर | 18:00 | गोरखपुर जं. | 09:00 | सोमवार | 22.04.2024 से 01.07.2024 | 11 | |

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | फेरे | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 05636 | गुवाहाटी | 18:15 | श्री गंगानगर | 03:30 | बुधवार | 01.05.2024 से 26.06.2024 | 09 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, एवं शयनयान |
| 05635 | श्री गंगानगर | 12:30 | गुवाहाटी | 00:25 | रविवार | 05.0520.24 से 30.06.2024 | 09 | |
| 06071 | एरणाकुलम जं. | 19:22 | नई दिल्ली | 19:00 | शुक्रवार | 19.04.2024 से 31.05.2024 | 07 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 06072 | नई दिल्ली | 05:10 | एरणाकुलम जं. | 03:10 | सोमवार | 22.04.2024 से 03.06.2024 | 07 | |
| 02191 | जबलपुर | 18:55 | हरिद्वार | 13:20 | बुधवार | 17.04.2024 से 31.07.2024 | 16 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, एवं शयनयान |
| 02192 | हरिद्वार | 16:20 | जबलपुर | 11:15 | वीरवार | 18.04.2024 से 01.08.2024 | 16 | |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:00 | रविवार | 21.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | 3 टियर वाता. एवं वाता. कुर्सीयान |
| 09098 | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | मंगलवार | 23.04.2024 से 02.07.2024 | 11 | |
| 09525 | हापा | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | बुधवार | 17.04.2024 से 26.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा | 00:30 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | |
| 09183 | मुम्बई सेंट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | बुधवार | 17.04.2024 से 26.06.2024 | 11 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता एवं 3 टियर वाता (इकोनॉमी) |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुम्बई सेंट्रल | 04:20 | शुक्रवार | 19.04.2024 से 28.06.2024 | 11 | |
| 09111 | बड़ोदरा | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | सोमवार | 15.04.2024 से 24.06.2024 | 11 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09112 | गोरखपुर | 05:00 | बड़ोदरा | 08:35 | बुधवार | 17.04.2024 से 26.06.2024 | 11 | |
| 09195 | बड़ोदरा | 19:00 | मऊ | 20:45 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09196 | मऊ | 23:15 | बड़ोदरा | 00:45 | रविवार | 21.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | |
| 09417 | अहमदाबाद | 09:10 | दानापुर | 20:30 | सोमवार | 15.04.2024 से 24.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09418 | दानापुर | 23:50 | अहमदाबाद | 11:10 | मंगलवार | 16.04.2024 से 25.06.2024 | 11 | |
| 09309 | इंदौर | 17:00 | नई दिल्ली | 04:30 | शुक्रवार, रविवार | 19.04.2024 से 30.06.2024 | 22 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09310 | नई दिल्ली | 07:30 | इंदौर | 20:15 | शनिवार, सोमवार | 20.04.2024 से 01.07.2024 | 22 | |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | बुधवार | 24.04.2024 से 26.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09076 | काठगोदाम | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | वीरवार | 25.04.2024 से 27.06.2024 | 10 | |
| 09189 | मुम्बई सेंट्रल | 10:30 | कटिहार | 07:30 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09190 | कटिहार | 00:15 | मुम्बई सेंट्रल | 18:40 | मंगलवार | 23.04.2024 से 02.07.2024 | 11 | |
| 09407 | भुज | 17:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 12:20 | मंगलवार, शुक्रवार | 30.04.2024 से 28.06.2024 | 17 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 09408 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 15:00 | भुज | 11:30 | बुधवार, शनिवार | 01.05.2024 से 29.06.2024 | 17 | |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार ट. | 11:50 | बुधवार | 01.05.2024 से 26.06.2024 | 09 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 05116 | आनन्द विहार ट. | 14:45 | छपरा | 09:30 | वीरवार | 02.05.2024 से 27.06.2024 | 09 | |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनन्द विहार ट. | 13:15 | रविवार | 28.04.2024 से 30.06.2024 | 10 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 05024 | आनन्द विहार ट. | 15:15 | गोरखपुर | 07:30 | सोमवार | 29.04.2024 से 01.07.2024 | 10 | |
| 05047 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार ट. | 09:30 | मंगलवार | 30.04.2024 से 25.06.2024 | 09 | 3 टियर वाता |
| 05048 | आनन्द विहार ट. | 18:15 | बनारस | 08:10 | बुधवार | 01.05.2024 से 26.06.2024 | 09 | |
| 05193 | छपरा | 15:20 | पनवेल | 20:30 | वीरवार | 18.04.2024 से 27.06.2024 | 11 | 3 टियर वाता (इकोनॉमी) शयनयान एवं सामान्य |
| 05194 | पनवेल | 21:40 | छपरा | 08:50 | शुक्रवार | 19.04.2024 से 28.06.2024 | 11 | |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनन्द विहार ट. | 15:00 | रविवार, वीरवार | 14.04.2024 से 30.06.2024 | 21 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, 3 टियर वाता (इकोनॉमी) एवं शयनयान |
| 03256 | आनन्द विहार ट. | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | सोमवार, शुक्रवार | 15.04.2024 से 01.07.2024 | 21 | |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनन्द विहार ट. | 15:00 | शनिवार | 13.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 02392 | आनन्द विहार ट. | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | रविवार | 14.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनन्द विहार ट. | 00:30 | रविवार | 14.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 03258 | आनन्द विहार ट. | 05:00 | दानापुर | 20:45 | सोमवार | 15.04.2024 से 01.07.2024 | 11 | |
| 03227 | आरा जं. | 15:45 | आनन्द विहार ट. | 07:15 | सोम, बुध, शुक्र | 15.04.2024 से 28.06.2024 | 30 | शयनयान एवं सामान्य |
| 03228 | आनन्द विहार ट. | 09:30 | आरा जं. | 04:00 | मंगल, वीर, शनि | 16.04.2024 से 29.06.2024 | 30 | |
| 05565 | सहरसा | 19:30 | सरहिन्द जं. | 00:05 | वीरवार | 18.04.2024 से 27.06.2024 | 11 | सामान्य |
| 05566 | सरहिन्द जं. | 02:00 | सहरसा | 09:45 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | |
| 05531 | रक्सौल जं. | 22:25 | आनन्द विहार ट. | 18:20 | रविवार | 14.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 05532 | आनन्द विहार ट. | 20:00 | रक्सौल जं. | 14:30 | सोमवार | 15.04.2024 से 01.07.2024 | 11 | |
| 07651 | जालना | 23:30 | छपरा | 05:30 | बुधवार | 26.06.2024 तक | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 07652 | छपरा | 22:15 | जालना | 04:00 | शुक्रवार | 28.06.2024 तक | 11 | |
| 03575 | आसनसोल | 10:15 | आनन्द विहार ट. | 08:05 | शुक्रवार | 19.04.2024 से 28.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 03576 | आनन्द विहार ट. | 10:15 | आसनसोल | 10:20 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनन्द विहार ट. | 14:10 | सोमवार | 15.04.2024 से 24.06.2024 | 11 | 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य |
| 03436 | आनन्द विहार ट. | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | मंगलवार | 16.04.2024 से 25.06.2024 | 11 | |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ | 00:10 | शनिवार | 20.04.2024 से 29.06.2024 | 11 | प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | सियालदह | 23:50 | रविवार | 21.04.2024 से 30.06.2024 | 11 | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि मार्ग में आने वाले ठहरावों, सीट उपलब्धता और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# प्रादेशिकी

## महिला विरोधी है कांग्रेस की दुष्ट सोच : कंगना

**कुल्लू/मनाली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल में मनाली मॉल रोड़ पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ओर से मंडी से पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का स्वागत किया। मनाली मॉल रोड से मनुरंगशाला तक आते हुए माता दुर्गा के मंदिर में माथा टेका। मनु रंगशाला के मंच से कांग्रेस को ललकारते हुए कंगना ने कहा कि जहां एक ओर नवरात्रों में छोटी छोटी कन्याओं का पूजन किया जा रहा है नारी शक्ति को पूजा जा रहा है वहीं कांग्रेस की दुष्ट सोच मेरे ऊपर कीचड़ उछालने में लगी है। कंगना ने कहा कि एक 'पप्पू' दिल्ली में बैठा है जबकि दूसरा 'पप्पू' हिमाचल में है जो कहता है कि कंगना गऊ मांस का सेवन करती है उसका प्रमाण दिखाए वो। कंगना ने बिना नाम लिए ही कहा कि कांग्रेस का छोटा पप्पू एक नंबर का पलटू है।

### उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का परिणाम आएगा बहुत जल्द

# बोर्ड ने कॉपी जांचने का काम पूरा किया

**देहरादून,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारी में जुट गया है। इस दिशा में फिलहाल उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का काम पूरा कर लिया गया है। अब विभाग की कोशिश इसी महीने

■ उत्तराखंड में हाई स्कूल में 690564 और इंटरमीडिएट में 447696 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया



के अंत में बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित करने की है। उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा के परिणाम को इसी महीने के अंत में घोषित किए जाने की संभावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही हैं। शिक्षा विभाग इसी महीने 30 अप्रैल को परीक्षा परिणाम घोषित करने का लक्ष्य तय किए हुए था, लेकिन इस दौरान बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने से पहले की तैयारी को समय पर पूरा करना विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ था। खास बात यह है कि बोर्ड परीक्षा के परिणामों को समय से घोषित करने के लिए भी लगातार दिशा निर्देश दिए जा रहे थे। इसी दिशा में बोर्ड परीक्षा से जुड़ी उत्तर पुस्तिकाओं का जल्द से जल्द मूल्यांकन करने के प्रयास किया जा रहे थे। बड़ी खबर यह है कि अब उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा को लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का काम पूरा कर दिया गया है। अब उम्मीद लगाई जा रही है कि 30 अप्रैल को उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए परिणाम घोषित किया जा सकते हैं। प्रदेश में 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का काम शिक्षा विभाग ने महज 15 दिन के भीतर पूरा किया है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का काम 27 मार्च से शुरू हुआ था।

उत्तराखंड में हाई स्कूल में 690564 और इंटरमीडिएट में 447696 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। इतनी बड़ी संख्या में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए भी बड़ी संख्या में परीक्षक की तैनाती की गई थी। इंटरमीडिएट के लिए 1581 शिक्षकों को मूल्यांकन की तैनाती दी गई थी। इसी तरह हाई स्कूल के लिए 1993 शिक्षक इस काम में जुटे हुए थे। इसके लिए कुल 29 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए थे। जिसमें 16 गढ़वाल मंडल और 13 कुमाऊं मंडल में रखे गए थे।

## मुख्यमंत्री के कारण बिगड़ा सरकार का गणित : बलबीर वर्मा

**शिमला,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक बलबीर वर्मा ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की मुख्यमंत्री और कांग्रेस सरकार का गणित स्वयं ठीक नहीं है और वह खुद गणित का सवाल उठा रहे हैं जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से उनका गणित उल्टा ही चल रहा है। पहले कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ने स्वयं ही मुख्यमंत्री पर अनगिनत आरोप लगाए और संगठन एवं सरकार के मध्य तालमेल का गणित उनको समझाया फिर राज्यसभा के चुनाव हुए जहां पर वह एक इंपोर्टेड कैंडिडेट लेकर आए उसके उपरांत जब मतदान हुआ तो कांग्रेस पार्टी 43 से 34 पहुंच गई और भारतीय जनता पार्टी 25 से 34 पहुंच गई यह गणित स्पष्ट है और जनता के बीच है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंत्री एवं कांग्रेस नेताओं की भाषा शैली ठीक नहीं है। कांग्रेस के नेता निरंतर भाजपा नेताओं पर आरोप लगा रहे हैं कभी नेताओं को काला नाग, भेंडे बोल रहे हैं कभी 15 करोड़ के गलत आरोप कभी कूटने का आह्वान कर रहे हैं वर्तमान राजनीतिक वातावरण तो कांग्रेस के नेताओं ने ही बिगाड़ा है। उन्होंने कहा चुनाव में



कांग्रेस के नेता निरंतर भाजपा नेताओं पर आरोप लगा रहे हैं। कभी नेताओं को काला नाग, भेंड़े बोल रहे हैं, कभी 15 करोड़ के गलत आरोप, कभी कूटने का आह्वान कर रहे हैं : बलबीर वर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक

व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं होनी चाहिए पर अगर पहला कांग्रेस करेगी तो भाजपा चुप नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में विकास की एक ज्वाला उत्पन्न हुई है और प्रधानमंत्री पूरे देश में अनगिनत विकास कार्य कर रहे हैं जो पूर्ण रूप से स्पष्ट दिख रहा है की तीसरी बारी भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही बनेंगे आज इंग्लैंड रूस जैसे देशों में भी भारत का डंका बज रहा है जहां पड़ोसी देशों में महंगाई का बोलबाला है।

## कांग्रेस की ऐसा हालत हो जाएगी चिमटी से ढूंढने पड़ेंगे : भगत

**रामनगर,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। पूरे देशभर में इस वक्त चुनावी माहौल है। ऐसे में आरोप प्रत्यारोप भी खूब लगाए जा रहे हैं। इसी बीच अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाले कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत का सामने



■ कालाढूंगी विधायक ने कसा तंज
■ बस्ते लगाने तक नहीं मिलेंगे आदमी

आया है। जिसमें उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। बंशीधर भगत का कहना है कि अब कांग्रेस की संख्या ऐसी हो जाएगी कि चिमटी से पकड़ने पड़ेंगे। कोई कार्यकर्ता कांग्रेस में नहीं रहेंगे। इस बार उनके बस्ते तक नहीं लगेंगे।

रअसल, उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को झटके पर झटके लग रहे हैं। कई दिग्गज नेता पार्टी का दामन छोड़कर बीजेपी ज्वाइन कर रहे हैं। पार्टी नेताओं का कांग्रेस लगातार छोड़ बीजेपी में शामिल होने का सिलसिला जारी है। अब तक सैकड़ों लोग कांग्रेस को छोड़ बीजेपी का दामन थाम चुके हैं। जिस पर कालाढूंगी बीजेपी विधायक बंशीधर भगत ने कांग्रेस पर तंज कसा है। कालाढूंगी क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बंशीधर भगत कहते नजर आ रहे हैं कि अब कांग्रेस का ऐसा हाल होगा कि चिमटी से ढूंढने से भी नहीं मिलेंगे। साथ ही कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। वहीं, मीडिया से मुखातिब होकर बंशीधर भगत ने कहा कि मैं पहले से ही कहता आ रहा हूं कि ऐसा समय आएगा। लोग कांग्रेस को छोड़ बीजेपी का दामन थामेंगे और आज कांग्रेस से बीजेपी में ज्वाइन करने वालों की कतार सी लग गई है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि, धीरे-धीरे क्षेत्र में कांग्रेसियों की संख्या ऐसी हो जाएगी कि चिमटी से ढूंढने पड़ेंगे। चिमटी से पकड़-पकड़ कर लाने पड़ेंगे। चिमटी से पकड़ने के अलावा कोई कार्यकर्ता कांग्रेस में नहीं रहेगा। इस बार बस्ते नहीं लगेंगे।श् इसके अलावा बंशीधर भगत ने कहा कि अब एक ही रास्ता है नरेंद्र मोदी, जिसके नेतृत्व में भारत विकास करेगा।

## अंकिता भंडारी हत्याकांड पर भाजपा की खामोशी खड़े कर रही कई सवाल : गोदियाल

**देहरादून,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। अंकिता भंडारी हत्याकांड पर भारतीय जनता पार्टी की खामोशी चुनाव में भारी पड़ती दिख रही है। इससे भाजपा को चुनाव में नुकसान उठाने की आशंका बनी हुई है। पीएम मोदी की रैली को लेकर गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कहा कि पीएम मोदी ने अंकिता भंडारी हत्याकांड पर एक शब्द भी नहीं बोला। जबकि उत्तराखण्ड की बेटी को न्याय मिले इसके लिए पूरे गढ़वाल की जनता एकजुट होकर संघर्ष कर रही है। इस मुद्दे पर भाजपा की खामोशी कई तरह के सवाल खड़े कर रही है। अंकिता भंडारी हत्याकांड पर जहां भारतीय जनता पार्टी मौन है, तो वहीं कांग्रेस इस मुद्दे को दमदार तरीके से उठा रही है और लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी को घेरने का पूरा प्रयास कर रही है। अब इसी मुद्दे पर गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल का भी बयान आया है। गणेश गोदियाल ने कहा कि प्रदेश की जनता को उम्मीद थी कि



ऋषिकेश की रैली में पीएम मोदी अंकिता पर कुछ कहेंगे, लेकिन इतनी हाई प्रोफाइल मर्डर मिस्ट्री होने के बावजूद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मुंह से इस बारे में कुछ भी कहने को तैयार नहीं हुए। गणेश गोदियाल ने कहा कि अपने संबोधन में पीएम मोदी ने सिर्फ कांग्रेस पर अनर्गल आरोप लगाए हैं, जो लोग कांग्रेस को वोट देना चाहते हैं, उनको भी प्रधानमंत्री ने इस बात के लिए कोसा कि वह लोग भगवान में विश्वास नहीं करते हैं। जबकि सत्यता यह है कि पूजा अर्चना के लिए अयोध्या में राम मंदिर के दरवाजे कांग्रेस के शासन में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने खुलवाए थे। जबकि भाजपा ने राम मंदिर

प्रदेश की जनता को उम्मीद थी कि ऋषिकेश की रैली में मोदी अंकिता पर कुछ कहेंगे, लेकिन इतनी हाई प्रोफाइल मर्डर मिस्ट्री होने के बावजूद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मुंह से इस बारे में कुछ भी कहने को तैयार नहीं हुए : गणेश गोदियाल, कांग्रेस प्रत्याशी

को राजनीतिक मुद्दा बनाने का काम किया। जोकि भाजपा की ओछी राजनीति का सबूत है। प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए धारी देवी का भी जिक्र किया, जबकि सत्यता यह है कि धारी देवी हमारी आराध्य देवी हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री को हमारी आस्था से खिलवाड़ करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी आस्था भगवान नरसिंह और भगवान भैरव समेत तमाम देवी देवताओं में है, जिनके नाम उन्हें खुद नहीं पता होंगे। लेकिन इसके ठीक उलट प्रधानमंत्री अंकिता और अग्निवीर योजना पर जवाब न देकर इधर-उधर की बातें कर रहे हैं।

### सार संक्षेप

#### हिमाचल की पहाड़ के बेटी की ऊंची उड़ान, शगुन दिल्ली में बनी जज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुकी हैं। ग्रामीण विकट परिस्थितियों में भी पहाड़ की यह बेटियां अपनी कड़ी मेहनत से हर वह मुकाम हासिल कर रही हैं, जिसका सपना उन्होंने बचपन से देखा होता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है हिमाचल की राजधानी शिमला की एक बेटी ने। शिमला की शगुन दिल्ली में जज बन गई है। जानकारी के अनुसार राजधानी शिमला की शगुन शर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा परीक्षा 2023 में तीसरा रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार का बल्कि पूरे हिमाचल का भी नाम रोशन कर दिया है। शगुन शर्मा ने इस परीक्षा में न सिर्फ तीसरा रैंक हासिल किया है, बल्कि साक्षात्कार में सर्वोच्च अंक भी हासिल किए है। शगुन शर्मा ने बीते रोज यानी बुधवार को दिल्ली के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में शपथ ली है। बेटी के जज बनने से उसके माता-पिता अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। परिजनों और क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने प्रदेश की इस बेटी को अपनी शुभकामनाएं दी हैं और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।न्यायमूर्ति शगुन शर्मा यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, हिमाचल प्रदेश की पूर्व छात्रा है। शगुन शर्मा अधिवक्ता के रूप में भी काफी समय तक काम कर चुकी है। शगुन शर्मा दिल्ली की अदालतों में अधिवक्ता के रूप में काम कर रही थीं।

#### टिप्पर व निजी बस की आमने-सामने टक्कर, चालक की मौत

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना सदर थाना के तहत रायपुर बाडे के समीप शुक्रवार को टिप्पर व बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में टिप्पर चालक की मौत हो गई।पुलिस ने मृतक की पहचान संदीप सिंह पुत्र हरजीत सिंह निवासी देहलां के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं मामले की जांच की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर बाड़े में एक उद्योग की निजी बस व टिप्पर की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में टिप्पर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से टिप्पर चालक संदीप को क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया, जहां पहुंचने से पहले ही टिप्पर चालक की मौत हो गई।

#### अमृतसर जिले में 500 ग्राम हेरोइन बरामद

**जालंधर।** पंजाब के अमृतसर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक विश्वसनीय इनपुट पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुये एक बार फिर सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी के प्रयास को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने कहा कि अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक संदिग्ध पैकेट की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया तंत्र और एक स्थानीय ग्रामीण की सूचना के आधार पर, बीएसएफ जवानों ने तुरंत संदिग्ध क्षेत्र में एक व्यापक तलाशी अभियान चलाया। , जिसके परिणामस्वरूप दोपहर लगभग 12:10 बजे एक पैकेट संदिग्ध हेरोइन का बरामद हुआ, जिसमें 510 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। नशीला पदार्थ पीले चिपकने वाली टेप से लपेटा हुआ था। पैकेट से एक धातु का हुक और एक लाइटर भी जुड़ा हुआ मिला। यह बरामदगी अमृतसर जिले के धनोये कलां गांव से सटे एक खेती के खेत में हुई।

## मॉर्निंग वॉक के दौरान मुख्यमंत्री ने बड़े बुजुर्गों तक पहुंचाया मोदी का प्रणाम

**उधमसिंह नगर,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मॉर्निंग वॉक के दौरान बुजुर्गो तक प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी का प्रणाम व रामराम का संदेश पहुंचाया। शुक्रवार को यहां खटीमा में प्रातः काल की सैर पर संभ्रांत जनता से मिलते हुए प्रधानमंत्री मोदी के उत्तराखण्ड से विशेष लगाव व जुड़ाव को लेकर की



चर्चा। ऋषिकेश में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बड़े बुजुर्गों तक उनकी राम-राम पंहुचाने का अनुरोध किया था। खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुबह की सैर के दौरान स्थानीय जनता से भेंट की, उनका हाल चाल पूछा और बड़े बुजुर्गों तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रणाम व राम-राम पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने लोगों से लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब भी पार्टी कार्यकर्ताओं को कोई कार्य सौंपते हैं तो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद अगुवाई करके उस कार्य को अंजाम तक पहुंचाने में जुट जाते हैं। ऋषिकेश में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत अनुरोध किया था। वह अनुरोध था, घर-घर जाकर बड़े बुजुर्गों को मोदी का प्रणाम और राम-राम कहना। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा था कि बड़ों का अशीर्वाद मेरे लिए ऊर्जा है। साथ ही नवरात्र का पर्व चल रहा है, उत्तराखंड में देवी-देवताओं की महिमा होती है।

## बंद पड़ी फैक्ट्री से करोड़ों की शराब बरामद

**श्रीनगर,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। पौड़ी जिले में सतपुली के पास एकेश्वर विकासखंड क्षेत्र में बड़ी मात्रा में शराब का स्टॉक पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि मौके पर करीब 9 हजार शराब की पेटियां मौजूद हैं। जानकारी मिलते ही निर्वाचन आयोग की एफएसटी टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। फैक्ट्री में ताला लगा हुआ था, इस कारण एफएसटी अग्रिम

■ बंद फैक्ट्री में मिली 9000 से ज्यादा शराब की पेटियां
■ पुलिस ने फैक्ट्री की सील, बैठाया पहरा

आदेशों का इंतजार करती रही। बताया जा रहा है कि टीम ने आबकारी विभाग को भी इसकी सूचना दे दी थी, लेकिन आबकारी विभाग की टीम करीब आठ घंटे बाद पहुंची। आबकारी विभाग के देरी से पहुंचने से स्थानीय लोगों ने विभाग के अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया और उनके खिलाफ नारेबाजी भी की। आबकारी विभाग के टीम के साथ जब एफएसटी टीम फैक्ट्री में चेकिंग



के लिए अंदर गई तो वहां से करीब 9331 पेटी शराब पाई गई। बताया जा रहा है कि जिस जगह पर ये शराब रखी हुई है, वो शराब फैक्ट्री है, लेकिन वो बंद हो गई है। हालांकि जब जांच टीम ने फैक्ट्री के कर्मचारियों से स्टॉक रजिस्टर मांगा तो नहीं दिखा पाए, जिस कारण किसी गड़बड़ी का कुछ पता नहीं चल पाया।

एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर सीओ पौड़ी अनुज कुमार ने फैक्ट्री को सील कर दिया है। एफएसटी टीम से सेक्टर मजिस्ट्रेट वीरेंद्र सिंह सजवान ने बताया कि प्राप्त शराब की सूची निर्वाचन आयोग को भेज दी गई है, लेकिन मौके पर स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध नहीं हो पाया। जिस वजह से प्राप्त सूचना के अनुसार गड़बड़ी का पता नहीं चल पाया। आबकारी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह पंवार ने कहा कि फैक्ट्री रिन्यूअल न होने पर बंद है। जिससे मैनेजर की उपलब्धता न होने के कारण स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध नहीं हो पाया।

#### पकड़ी गई शराब अगर भाजपा की है तो गोदियाल सबूत दे: बंसल

**देहरादून।** गुरुवार देर रात को पौड़ी जिले में सतपुली के पास बंद फैक्ट्री में मिली शराब की 9 हजार पेटियों को कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने बीजेपी की बताया है, जिस पर नरेश बंसल से सवाल किया गया। नरेश बंसल ने कहा कि गणेश गोदियाल यदि अपने इस आरोप को लेकर के इतने ही कॉन्फिडेंट हैं तो वह सबूत पेश करें और बताएं कि यह किस तरह से यह भाजपा की शराब है। नरेश बंसल ने गोदियाल के आरोपो को निराधार बताया है।

### दिल्ली में आज कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

# हिमाचल की चार लोकसभा सीटों पर कांग्रेस के रण बांकुरों का इंतजार जल्द खत्म होगा

**शिमला,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। हिमाचल की चार लोक सभा सीटों पर कांग्रेस के रण बांकुरों का इंतजार जल्द खत्म होगा। दिल्ली में शनिवार को कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी। बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा भेजे गए संभावित उम्मीदवारों के नामों के पैनल पर चर्चा के बाद कांग्रेस प्रत्याशियों को लेकर अंतिम फैसला लेगी। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री बैठक में भाग लेंगे। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले बुधवार को दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की



■ कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की अध्यक्षता में होगी बैठक

बैठक हुई थी। स्क्रीनिंग कमेटी ने प्रदेश की चारों लोक सभा सीटों से संभावित उम्मीदवारों के नाम का पैनल तैयार कर चुनाव समिति को भेजा है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पैनल में शामिल नेताओं के नामों पर चर्चा के बाद उम्मीदवार तय होंगे। कांग्रेस शिमला लोक सभा सीट से विधायक विनोद सुल्तानपुरी को चुनाव मैदान में उतारने की सोच रही है। शिमला लोक सभा सीटे के पैनल में दयाल प्यारी व अमित नंदा के नाम भी शामिल हैं।

मंडी लोक सभा सीट से कांग्रेस के पैनल में मौजूदा सांसद व पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह व उनके पुत्र लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का नाम शामिल है। जाहिर है कि स्व. पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के परिवार से ही मंडी सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार होगा। हमीरपुर सीट से कांग्रेस पूर्व विधायक सतपाल रायजादा को उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री दोनों ने यह ऐलान किया है। प्रदेश की कांगड़ा लोक सभा सीट से पूर्व मंत्री आशा कुमारी के अलावा, पूर्व विधायक जगजीवन पाल व संजय सिंह चौहान का नाम पैनल में बताया जा रहा है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि 13 अप्रैल की बैठक में प्रदेश की चारों लोक सभा सीटों पर उम्मीदवारों पर मंथन के बाद इनके नामों का ऐलान पार्टी एक दो दिनों में करेगी। विधान सभा उप चुनाव के रण बांकुरों के चयन को लेकर कांग्रेस भी असमंजस की स्थिति में है। कुटलैहड़ से कांग्रेस विवेक शर्मा व धर्मशाला से देवेंद्र जग्गी को उम्मीदवार बनाने के संकेत दे चुकी है। मगर सुजानपुर, बड़सर , गगरेट तथा लाहौल स्पीति से उम्मीदवार कौन होंगे यह तय नहीं।

## दहशत: गौशाला में गाय-भैसों के बीच जाकर बैठा गुलदार

**नैनीताल,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। वन प्रभाग तराई पश्चिमी के अंतर्गत पड़ने वाले रामनगर रेंज के कंचनपुर छोई क्षेत्र में गाय भैसों की गौशाला में गाय भैसों के साथ गुलदार बैठा दिखाई दिया। यह गुलदार घायल था। जोकि संभवता अपनी जान बचाने के लिए यह गौशाला में घुस गया। घायल गुलदार को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर उपचार किया शुरू कर दिया है। रामनगर वन प्रभाग तराई पश्चिम के अंतर्गत पड़ने वाले रामनगर के कंचनपुर छोई गांव में शुक्रवार को सुबह



जब एक महिला अपनी गाय भैंसों की गौशाला में गोबर उठाने के लिए गई, तो गाय भैंसों के बगल में गुलदार को देख भौचक्की रह गई। महिला चीखते हुए गौशाला से बाहर निकली। गौशाला से निकलकर उसने शोर मचाया। आसपास के लोगों ने तुरंत ही गुलदार के गौशाला में होने की सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वहीं गौशाला मालिक हरिहर सिंह बिष्ट ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब उनकी मम्मी गौशाला में पशुओं का गोबर उठाने के लिए गई तो गौशाला में गुलदार हमारे पशुओं के साथ बगल में बैठा था। उन्होंने कहा कि गुलदार घायल था। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। उन्होंने कहा कि वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर गुलदार का रेस्क्यू किया।

# प्रादेशिकी

## डीएम ने मतदान को लेकर लोगों को किया जागरूक

**मेरठ।** स्वीप कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशानुसार शाहिद रजा श्रावस्ती कल्चरल पार्टी अपने कलाकारों के साथ विभिन्न स्थानों पर मतदान के अन्तर्गत लोगों को जागरूक कर रही है। शुक्रवार को उन्होंने लेबर चौक, पीवीएस, के ब्लाक, नई सड़क गढ़ रोड एवं पुरानी के ब्लॉक के आस पास 26 अप्रैल वोट डालना सुनो वोटर वालों, 26 अप्रैल भूल ना जाना सुनो वोटर वालों, पूरे परिवार के साथ आना सुनो वोटर वालों, कभी ना आना बहकावे में सुनो वोटर वालों, किसी प्रलोभन मे ना आना सुनो वोटर वालों, अपने मनके तुम हो मालिक सुनो वोटर वालों वहाँ ठंडा ठंडा पानी पीना सुनो वोटर वालो, पंखे की हवा खाना सुनो वोटर वालों लोकगीत गाया।

### अखिलेश यादव का जितिन प्रसाद पर बड़ा हमला

# पीलीभीत के नाम से भाजपा नेताओं का चेहरा पीला : अखिलेश यादव

**पीलीभीत,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। पीलीभीत से सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। पीलीभीत के पूरनपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां देश के बड़े नेता आकर अपनी बात कह चुके हैं। पीलीभीत का नाम सुनते ही भाजपा नेताओं का चेहरा पीला हो रहा है। लखनऊ वाले तो घबराए हुए हैं, क्योंकि, यहां की जनता ने इस बार मन बना लिया है कि सपा के उम्मीदवार को भारी बहुमत से जीत दिलाना है। पीलीभीत का चुनाव पहले चरण में है और हम लोग पहले चरण में ही जीत की खुशखबरी सुनाने जा रहे हैं। पीलीभीत से बीजेपी प्रत्याशी जितिन प्रसाद पर हमला




बोलते हुए अखिलेश यादव ने उन पर ट्रांसफर-पोस्टिंग में घोटाले का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव बाद मंत्री जी पता नहीं कहां चले जाएंगे। भाजपा प्रत्याशी कौन सा पीलीभीत बनाना चाहते हैं। ये कई दल घूम आए हैं। इनका मामला जिस दल में सेट हो जाता है, उसी दल में चले जाते हैं। इशारों-इशारों में जितिन प्रसाद पर करारा हमला बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यहां कोई नया प्रत्याशी चुनाव मैदान में आए हैं, जो कह रहे हैं कि हमें पहले पता होता कि यहां से चुनाव लड़ना है तो पीलीभीत को मुंबई बना देता। हम कहते हैं कि इसको मुंबई मत बनाओ। मुंबई आर्थिक राजधानी है। उन्होंने आगे कहा कि जो किसानों पर थार चढ़ा रहे हैं, उन्हें सरकार ने सम्मान दिया। थार से किसानों का आंदोलन रौंदा गया। वरुण गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जो किसान आंदोलन की बात कर रहे थे, उन्हें बीते दिनों पीएम मोदी की रैली में मंच पर जगह नहीं मिली।

### पुलिसकर्मियों के पुजारी का वस्त्र ढ पहनने पर डिंपल यादव ने उठाए सवाल

बनारस के मंदिर में पुलिसकर्मियों को पुजारी की वेशभूषा में खड़ा करने पर डिंपल यादव ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा, हमें बाबा भीमराव आंबडेकर के संविधान के आधार पर देश चलाना होगा और जिस तरह, जिस राह पर बीजेपी देश को ले जाने की कोशिश कर रही है, उसे हम सभी देख रहे हैं।



डिंपल ने आगे कहा, 'मैनपुरी के लोग इस बात से वाकिफ हैं कि किस तरह का शोषण यहां पर लोगों का होता है। किस तरह का दुर्व्यवहार लोगों के साथ होता है। लोग वोट डालने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मजबूत सरकार वो सरकार होती है, जो युवाओं को रोजगार दे सके, जो गांव-गांव में विकास पहुंचा सके, जो शिक्षा दे सके, जो सुविधा दे सके। उन्होंने कहा कि जब गठबंधन की सरकार आएगी, युवाओं को रोजगार, नौकरी मिलेगी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी, महिलाओं को पेंशन दी जाएगी और महिला सुरक्षा पर खासतौर पर काम किया जाएगा।

## बालिका से दुष्कर्म में अभियुक्त को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। घर के बाहर टोस्ट लेनें गयी बालिका के साथ दुष्कर्म किये जानें के मामले में न्यायालय नें अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा और 1 लाख रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते 21 मार्च 2023 को थाना जहानगंज के एक गाँव निवासी 9 वर्षीय पीड़िता की माँ नें मुक्दमा दर्ज कराया7 जिसमे कहा था कि 21 मार्च के दिन ही दोपहर 2-45 बजे उसकी पुत्री पास में ही दुकान से टोस्ट लेनें गयी थी7 उसी दौरान आरोपी प्रवीन कटियार पुत्र दिनेश चंद निवासी उस्मानगंज नें बालिका को सटर में बंद कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया7 जब बालिका घर पर आयी तो कपड़ो में खून लगा होनें पर जानकारी हुई तो उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। मामले में पुलिस नें आरोपी के खिलाफ मुक्दमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सुमित प्रेमी नें आरोपी प्रवीन को दोषी करार करते हुए आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

## मेरठ पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विपक्ष पर बरसे

**मेरठ,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान का आव्हान कराने के लिए यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मेरठ पहुंचे। मेरठ में भाजपा के मीडिया सेंटर में उन्होंने पत्रकारों से संवाद किया। इस दौरान डिप्टी सीएम विपक्ष पर फायर नजर आए। उन्होंने सपा, कांग्रेस इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। कहा कि अखिलेश हार के डर से अवसाद में हैं।



इसलिए चुनाव प्रचार में भी नहीं उतर रहे। उन्होंने कहा कि यूपी में एक पार्टी को जीजा साले चला रहे हैं। दूसरी पार्टी को चाचा-भतीजा चला रहे। भाजपा छोड़ सारे दल परिवारवाद में उलझे हैं। डिप्टी सीएम ने सहारनपुर से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी इमरान मसूद पर निशाना साधा। कहा कि पूरा देश अब राममय है। चारों ओर राममंदिर की खुशियां हैं। आगे कहा कि जो लोग पहले बोटी-बोटी काटकर एक कर देंगे ये कहते थे वो भी अब चुनाव जीतने के लिए श्रीराम की शरण में हैं। उनको भी राम का साथ चाहिए। वो भी राम राम कह रहे हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि लगता है कि सपा ने अपनी संभावित हार मान ली है। इंडी का सफाया होने जा रहा है और एनडीए इस लोकसभा चुनाव में जीतेगा। इसलिए अखिलेश अब तक चुनाव में कहीं नजर नहीं आ रहे। बल्कि वो तो अपने प्रत्याशी भी तय नहीं कर पा रहे। आगे कहा कि सपा ने जितने प्रत्याशी अब तक चुनाव में उतारे हैं, उसमें सारे यादव कैंडिडेट उनके परिवार के हैं। अखिलेश ने यादव समाज से छल किया है।

**सार संक्षेप**

### अनोखी रंगोली बनाकर मतदान के लिए किया जागरूक

**मेरठ।** स्वीप मेरठ के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता पर 5000 स्क्वायर फीट से भी अधिक आकार में बृहद रंगोली बनाई गई। जिससे कर करने के लिए अपेक्स बुक का रिकॉर्ड की टीम भी विश्वविद्यालय पहुंची। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा जी के विशाल निर्देशन में आयोजित मतदाता जागरूकता रंगोली का उद्घाटन नूपुर गोयल, मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ द्वारा किया गया। उन्होंने कहा की रंगोली बहुत ही सुंदर और आकर्षक है जो निश्चय ही लोगों को घरों से निकलकर वोट डालने के लिए प्रेरित करेगी। हमें बच्चों से प्रेरणा लेनी चाहिए जरूर से वोट डालना चाहिए। उन्होंने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय एवं ललित कला विभाग की

### मतगणना केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आज जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में मतगणना केंद्र बनाए जाने के दृष्टिगत संबंधित समस्त अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। मतगणना केंद्र पर तैयारियो की समीक्षा करते हुए उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, पानी, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, मतगणना टेबल, बैठने की व्यवस्था, मतपेटिका/ईवीएम जमा करने तथा टेबिल तक पहुंचाने इत्यादि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना केन्द्र पर समस्त तैयारियो को मा0 निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशो के अनुसार संपन्न कराया जाए।

### धूमधाम से मनाया संत रविदास गुरुकुलम का स्थापना दिवस

**मेरठ।** शुक्रवार को हनुमान विहार सराय काजी स्थित जन सेवा न्याय द्वारा संचालित संत रविदास गुरुकुलम में स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे अनेक मुख्य अतिथियों का सहयोग रहा। आज हमारे विघालय के दो वर्ष पूर्ण होने पर हमारे विघालय में हवन-पूजन और



प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। मैं इन महान संस्थापकों को धन्यवाद देना चाहूंगी। हमारे इस कार्यक्रम में विघालय के अध्यक्ष, प्रबंधक, प्रधानाचार्या और मुख्य अतिथियों का भलीदृभांति रूप से सहयोग रहा। अध्यक्ष ने कहा कि इस गुरुकुलम में शिक्षा के साथ-साथ हम बच्चो को धार्मिक संस्कृति और स्नातन धर्म की शिक्षा देने का भी प्रयास कर रहे है। संत रविदास गुरुकुलम की अध्यापिकाओं को भी विशेष धन्यवाद दिया जाता है जिन्होंने छात्रों का सर्वोत्तम तरीके से मार्गदर्शन किया है।

## शोभित विवि के छात्रों ने दुबई स्टोर का किया शैक्षणिक भ्रमण

**मेरठ,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज विभाग के छात्रों ने आज मेरठ स्थित दुबई स्टोर (रिटेल मार्ट)का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण शिक्षा के लिए ही नहीं बल्कि व्यवसायिक जगत में बनेगा। इस अवसर पर दुबई स्टोर के संस्थापक सुधीर भल्ला ने सभी छात्र-छात्राओं को रिटेल मार्ट की विस्तृत जानकारी दी तथा विभिन्न नए इंपोर्टेड उत्पादों तथा किस प्रकार रिटेल मार्ट कार्य करता है और किस प्रकार ऐसे उत्पादों की सप्लाई चैन को



वास्तविक अनुभव प्राप्त करने के लिए भी था। छात्रों ने इस भ्रमण के दौरान रिटेल उद्योग के विभिन्न पहलुओं को समझा, जैसे कि ग्राहक सेवा, बिक्री और प्रचार, उत्पाद विकास, इंपोर्टेड उत्पादों और वित्तीय प्रबंधन। उन्होंने वास्तविक समय के साथ अपने ज्ञान को बढ़ाया जो उनके भविष्य के व्यापारिक सफलता के लिए आधारशिला मेंटेन किया जाता है उसके बारे में विस्तृत रूप से बताया। नाइस स्कूल आफ बिजनेस स्टडीज विभाग की शिक्षिका डॉ नेहा त्यागी एवं डॉ. नेहा यजुर्वेदी इस अवसर पर मुख्य रूप से छात्रों के साथ उपस्थित रहीं। निदेशक प्रोफेसर डॉ राजुल दत्त ने कहा कि आज के समय में केवल क्लासरूम एजुकेशन से काम नहीं चलेगा।

## भाकियू ने लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक

### लघु किसान गोष्ठी में किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**किठौर/मेरठ,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन भानू की किसान गोष्ठी का आयोजन श्यामपुर रोड स्थित सेठ जी हाउस कस्बा किठौर में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें चुनाव का पर्व, देश का पर्व, स्लोगन द्वारा भारतीय किसान यूनियन भानू द्वारा सत प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की। मंच पर आसीन विभिन्न पदाधिकारी वह वहां मौजूद सभी मतदाताओं द्वारा मतदान हेतु शपथ ली गई हम शपथ लेते हैं कि अपने देश के भविष्य तथा लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए घर से निकलकर वोट डालने के लिए अवश्य जाएंगे और दूसरों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे यह शपथ उपस्थित क्षेत्र से आए हुए सभी किसान मजदूर व गणमान्य मतदाताओं को ध्वनि मत से दिलाई गई। इसके अंतर्गत एक लघु किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया जिसमें सभी किसान, मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा हुई इसके साथ ही किसानों के खेतों में बिजली की जर्जर लाइन को लेकर माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित



करते हुए एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी बिजली विभाग किठौर को सोपा गया। जबकि दूसरा ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को

**■ मंच पर आसीन विभिन्न पदाधिकारियों व मौजूद लोगों ने मतदान करने की शपथ ली**

संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर किठौर को सोपा गया । दोनों अधिकारी गणों ने आश्वासन देते हुए किसानों की बातों को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पहुंचने की बात कही गोष्टी के अध्यक्षता मास्टर लीले सिंह तथा संचालन ठाकुर जय भगवान सिसोदिया ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्न अधिकारी गण उपस्थित रहे जिनमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र अट्टा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ नुसरत सेठ, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव सुधीर त्यागी, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव अमित प्रधान, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जय भगवान सिसोदिया, एनसीआर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामदत्त शर्मा, मंडल अध्यक्ष युवा विपिन कौशिक, जिला उपाध्यक्ष अनुज गुप्ता, प्रदेश सचिन हरिओम चौहान, जिला महासचिव मेरठ महेंद्र चौहान, मंडल सचिव उदयवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जिला सचिव मेरठ अशोक कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमित त्यागी जिला उपाध्यक्ष हापुड़ धीरेंद्र सिंह योगेश त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## कृषक के छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**मवाना,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। शुक्रवार को नगर स्थित कृषक इण्टर कालिज में प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार के निर्देशन में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्कुल परिसर से शुरू हुई मतदाता जागरूकता रैली कृषक इण्टर कालिज से फलावदा रोड, फलावदा तिराहा, हस्तिनापुर रोड, थाना मवाना, तहसील रोड, नगरपालिका मैदान, गुरूद्वारा, सर्राफा बाजार, सुभाष बाजार, सुभाष चौक , डाकखाने वाली गली होते हुए पुनः कालिज प्रांगण में आ कर सम्पन्न हुई। इस दौरान युवा छात्र छात्राएं मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से एवं मतदाता जागरूकता सम्बन्धित नारों से नागरिकों को जागरूक करते नजर आये। जागरूकता रैली को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि मतदान करना हमारा लोकतान्त्रिक अधिकार होने के साथ-साथ हमारा राष्ट्र के प्रति



कर्तव्य भी है। लोकतन्त्र के इस महापर्व में हम सभी को पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग करना चाहिए एवं अपने क्षेत्र से उत्तम प्रतिनिधि को चुन कर भेजना चाहिए जो कि सरकार में हमारे क्षेत्र का उचित प्रतिनिधित्व कर सके व क्षेत्र का विकास करते हुए आम जनमानस की समस्याओं का सहज निदान कर सके। हम सभी को अपना मतदान बिना किसी लोभ-लालच व दबाव के केवल अपने विवेक के आधार पर करना चाहिए क्योकि हमारी एक एक वोट हमारे भौगोलिक व सामाजिक विकास का ढांचा तैयार करने में अहम भूमिका का निर्वहन करती है। इसलिए इस राष्ट्रीय पर्व में सम्मिलित होते हुए हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करना व अपने आस पास के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। यहां पर सूबेदार मेजर देवेंद्र कुमार, विनोद कुमार, रवीन्द्र कुमार, संजीव कुमार, मोहित शर्मा, सज्जाद अली , सूबेदार अय्यूब अली आदि उपस्थित रहे।

## कबाड़ के गोदाम में आग लगने से लाखों का नुकसान

**मवाना,** 12 अप्रैल (देशबन्धु)। शुक्रवार दोपहर मेरठ रोड स्थित राज आईटीआई के समीप कबाड़ के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखकर लोग भागकर मौके पर पहुंचे और आग को काबु में करने का प्रयास किया। सुचना पर मौके पर पहुंची अग्निशमन दल की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मेरठ रोड स्थित राज आईटीआई के समीप सड़क किनारे मार्ग मवाना के मोहल्ला कल्याण सिंह निवासी सावेज पुत्र हारून का कबाड़ का गोदाम है। शुक्रवार दोपहर अचानक कबाड़ के गोदाम में आग की लपटें उठती नजर आई। गोदाम पर तैनात चौकीदार ने फोन पर हारून को आग लगने की जानकारी दी। गोदामों में पेपर की रददी भरी हुई थी। गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग जाने की



**■ दमकल विभाग ने घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू में किया**

सूचना पुलिस और फायर बिग्रेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक गोदाम में रखी लाखों रुपए की पेपर की रददी जलकर राख हो गई।

**स्थापना दिवस**

### पंजाब नेशनल बैंक ने मनाया 130वां स्थापना दिवस

# पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए ई-रिक्शा, स्कूल को एक बस भेंट की

**मेरठ, 12 अप्रैल (देशबन्धु)। देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पंजाब नैशनल बैंक ने शुक्रवार को अपना 130वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर बैंक द्वारा अनके गतिविधियां की गईं। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बैंक के वेद व्यास पुरी स्थित पीएनबी भवन में हुआ। अंचल प्रबंधक संजीव कुमार दुबे और वरिष्ठ कार्यपालकों ने पीएनबी के संस्थापक लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।**



बैंक द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत दिशा -विशिष्ट बालकों के लिए स्कूल को एक स्कूल बस भेंट की गई। साथ ही, भारतीय सेना की 59वीं रेजीमेंट को पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए एक ई-रिक्शा भी बैंक द्वारा सीएसआर के तहत भेंट की गई। स्थापना दिवस के अवसर पर मोदीपुरम में पंजाब नैशनल बैंक के एटीएम का भी

**■ अंचल प्रबंधक द्वारा किया गया मोदीपुरम स्थित एटीएम का उदघाटन**

उदघाटन संजीव दुबे, अंचल प्रबंधक के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बैंक कर्मियों द्वारा वृक्षारोपण भी किए गए। ध्यातव्य है कि पीएनबी देश का पहला स्वदेशी बैंक है। इस बैंक की स्थापना पंजाब केसरी लाला लाजपत राय जी ने 1894 में की थी और इसका आधिकारिक परिचालन 12 अप्रैल, 1895 को शुरु हुआ था। श्री दुबे ने पंजाब नैशनल बैंक के समस्त हितधारकों, ग्राहकों व स्टाफ सदस्यों को बैंक के 130वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि पीएनबी का गौरवशाली इतिहास रहा है, स्वतन्त्रता सैनानियों ने स्वदेशी बैंक की परिकल्पना पर इसकी नींव रखी थी। आज यह एक विशाल वृक्ष का रूप ले चुका है। 31 दिसंबर 2023 को बैंक में 52 हजार 331 डिलीवरी चैनल कार्यरत हैं, जिनमें से 10 हजार 108 देशी शाखाएं, 2 अंतरराष्ट्रीय शाखाएं, 12 हजार 455 एटीएम और 29 हजार 768 बीसी काम कर रहे हैं और बैंक का कुल कारोबार 22.91 लाख करोड़ है। स्थापना दिवस के अवसर पर एक ग्राहक सम्मेलन भी आयोजित किया गया, जिसमें बैंक से लंबे समय से जुड़े रहने वाले ग्राहकों और सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया गया। ग्राहकों से बैंक की सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया गया और बैंक की सेवाओं को अधिक बेहतर बनाने के संबंध में उनसे सुझाव भी लिए गए।

### रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए

पीएनबी के स्टाफ सदस्यों द्वारा सायंकाल में एक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसका दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। जिसका संचालन राजीव लोचन मुख्य प्रबंधक द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख मेरठ बद्री विशाल सिंह, उप अंचल प्रबंधक राकेश शुक्ला, दिनेश मित्तल, उपमहाप्रबंधक, आंचलिक लेखा परीक्षा कार्यालय, मुख्य प्रबंधक समिता अग्रवाल, वरिष्ठ प्रबंधक रिंकी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




# बिहार में दल बदलुओं की जय-जय

■ चुनाव से पहले नेताओं के दल बदलने का रिवाज पुराना
■ कई नेताओं को नया ठौर मिला तो कई नेताओं को निराशा



**पटना,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। किसी भी चुनाव से पहले नेताओं के दल बदलने का रिवाज पुराना रहा है। इस चुनाव में भी कई नेताओं ने अपने ठौर-ठिकाने बदले हैं। इनमें से अधिकतर नेताओं को तो नया ठौर मिल गया, लेकिन कई नेताओं को निराशा ही हाथ लगी। वे न घर के रहे न घाट के।

बिहार में इस लोकसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में एनडीए और विपक्षी दलों के महागठबंधन के बीच है। राज्य की सभी 40 लोकसभा सीटों में से अधिकांश सीटों के लिए उम्मीदवार तय कर लिए गए हैं। हालांकि कई दलबदलू नेता अभी भी अपने लिए मुफीद ठिकाना खोज रहे हैं। अब हाल यह है कि ऐसे नेता या तो 'बिना दल' (निर्दलीय) चुनाव मैदान में उतरें या फिर नए दल में अपने बदले संकल्पों के साथ रहें।

दल बदल कर राजद में आने वाले नेताओं को काफी लाभ हुआ दिख रहा है। जदयू छोड़कर कुछ ही दिनों पहले राजद में आए अभय कुशवाहा को पार्टी ने औरंगाबाद से चुनाव मैदान में उतार दिया, तो चुनाव के दौरान ही जदयू छोड़कर राजद में आईं बीमा भारती को राजद ने पूर्णिया से टिकट दे दिया। वैशाली से राजद के टिकट पर चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे मुन्ना शुक्ला पिछले विधानसभा चुनाव में लालगंज से निर्दलीय चुनाव लड़े थे। मुंगेर से चुनावी मैदान में उतरीं अनीता देवी भी पहले राजद की सदस्य नहीं थीं। हाल में ही उनहोंने बाहुबली अशोक यादव से विवाह रचाया और राजद का टिकट हासिल कर लिया। ऐसा नहीं कि दलबदलू नेताओं को केवल राजद ने ही ठिकाना दिया है। एनडीए में शामिल चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) ने भी जमुई से अपने किसी कार्यकर्ता पर भरोसा नहीं जताया। चिराग ने यहां से अपने बहनोई अरुण भारती को प्रत्याशी बना दिया। जदयू ने समस्तीपुर से अपने किसी कार्यकर्ता पर भरोसा नहीं कर, बिहार के मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी को चुनाव मैदान में उतार दिया। एनडीए में शामिल जदयू के खाते में इस चुनाव में 16 सीटें गई हैं। जदयू ने अपने 13 पुराने सांसदों पर ही भरोसा जताया। पार्टी ने सिवान से विजयलक्ष्मी को टिकट दिया है। शिवहर से पूर्व सांसद आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद को चुनाव मैदान में उतारा है। लवली आनंद कुछ ही दिनों पहले राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुई थीं।

कई नेता ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपनी सुविधा के लिए पार्टी तो बदल ली, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। पूर्णिया सीट से बतौर निर्दलीय चुनाव मैदान में ताल ठोंक रहे पप्पू यादव अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया, लेकिन महागठबंधन में हुए सीट बंटवारे में पूर्णिया सीट राजद के खाते में चली गई। इसलिए पप्पू यादव को बतौर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरना पड़ा। वैसे, महागठबंधन में शामिल राजद ने अपने खाते की सीट सिवान के लिए अपने प्रत्याशी की घोषणा अभी नहीं की है। इसी प्रकार विकासशील इंसान पार्टी ने भी अपने खाते की तीन सीटों पर उम्मीदवारों के नाम अभी सार्वजनिक नहीं किए हैं। कांग्रेस भी अपनी नौ सीटों में से सिर्फ तीन सीटों के लिए ही प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर सकी है। ऐसे में आयातित नेताओं को अभी भी ठिकाना मिलने की आस है, लेकिन पार्टियों के कार्यकर्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

# राजद ने छह महिला शक्ति को चुनावी समर में उतारा

**पटना,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इस बार के लोकसभा चुनाव में छह महिला शक्ति को चुनावी समर में उतारा है, जिनमें से पांच पहली बार लोकसभा का चुनाव में अपनी तकदीर आजमाएंगी।

राजद के टिकट पर इस बार के चुनाव में 23 प्रत्याशी चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमाएंगे। राजद ने इस बार छह महिला शक्ति को चुनावी मैदान में उतारा है। इनमें राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की दो पुत्री मीसा भारती, रोहिनी आचार्य, बीमा भारती, रितु जायसवाल, अनिता देवी और अर्चना रविदास शामिल है। इनमें मीसा भारती को छोड़ अन्य पांच महिला शक्ति पहली बार लोकसभा के रण मे अपनी तकदीर आजमा रही हैं।

लालू-राबड़ी की पुत्री राज्यसभा सांसद मीसा भारती तीसरी बार पाटलिपुत्रा संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने जा रही है। इससे पूर्व मीसा भारती ने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में पाटलिपुत्रा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों बार उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार राम कृपाल यादव से हार का सामना करना पड़ा। इस बार के चुनाव में भी मीसा भारती का मुकाबला पूर्व केन्द्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी राम कृपाल यादव से होगा।

लालू-राबड़ी की दूसरी पुत्री रोहिणी आचार्य सारण संसदीय सीट, रूपौली की विधायक बीमा भारती पूर्णिया से, पूर्व मुखिया रितु जायसवाल शिवहर से, अनिता देवी मुंगेर और अर्चना रविदास जमुई (सु) सीट से पहली

■ लोकसभा के रण में पांच पहली बार

बार लोकसभा चुनाव में अपनी-अपनी किस्मत आजमाएंगी। वर्ष 2019 के चुनाव मे महागठबंधन में शामिल राजद के टिकट पर तीन महिला शक्ति पाटलिपुत्र संसदीय सीट से मीसा भारती, सीवान से पूर्व बाहुबली सांसद मोहम्मद शाहबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब, और नवादा से राजबल्लभ यादव की पत्नी विभा देवी ने चुनाव लड़ा लेकिन तीनों को कामयाबी नहीं मिली। इस बार के चुनाव में राजद ने पिछले चुनाव की तुलना में दुगनी छह महिला शक्ति को चुनावी मैदान में उतारा है, देखना दिलचस्प होगा कि इनमें कितनी महिला शक्ति जोर दिखाकर बाजी अपने नाम करने में सफल होती हैं।

### उजियारपुर के विधायक आलोक कुमार मेहता इसी संसदीय क्षेत्र से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

राष्ट्रीय जनता दल के दिग्गज नेता पूर्व सांसद और उजियापुर विधानसभा के विधायक आलोक कुमार मेहता इसी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। पूर्व सासंद तुलसीदास मेहता के पुत्र आलोक कुमार मेहता ने वर्ष 2004 में समस्तीपुर लोकसभा से राजद के टिकट पर चुनाव लड़ा और उन्होंने जनता दल यूनाईटेड उम्मीदवार रामचंद्र सिंह को पराजित किया। वर्ष 2009 में मेहता ने उजियारपुर लोकसभा सीट पर राजद के टिकट पर अपनी किस्मत आजमायी, लेकिन इस बार उन्हें जदयू प्रत्याशी अश्वमेघ देवी ने मात दे दी। वर्ष 2014 के चुनाव में मेहता ने एक बार फिर उजियारपुर सीट पर राजद के टिकट पर अपनी तकदीर आजमायी लेकिन इस बार उन्हें भाजपा उम्मीदवार नित्यानंद राय ने शिकस्त दे दी। मेहता ने वर्ष 2015 में उजियारपुर विधानसभा सीट से अपना भाग्य आजमायां और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) प्रत्याशी कुमार अनंत को मात दे दी। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में राजद प्रत्याशी मेहता ने राजग के घटक दल भाजपा के शील कुमार राय को पराजित कर दिया।

बारामती सीट पर दिलचस्प मुकाबला

# 'भाभी' और 'ननद' के बीच कठिन लड़ाई

**पुणे,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ महायुति सरकार को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा के

■ सुनेत्रा पवार के पोस्टरों पर राज ठाकरे के 'इंजन' को प्रमुखता से मिली जगह

बमुश्किल 72 घंटे बाद, वह किनारे से अचानक मुख्य चुनावी मंच पर पहुंच गए। एमएनएस प्रमुख - जिनकी पार्टी का चुनाव चिन्ह 'रेल इंजन' है - को बारामती से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की उम्मीदवार सुनेत्रा अजित पवार के नए पोस्टर, बैनर, हैंडबिल और प्रचार सामग्री पर प्रमुखता से जगह दी गई है। राकांपा के अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा और चचेरी बहन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले के बीच होने वाली 'बड़े मुकाबले' को देखते हुए बारामती पहले ही लोकसभा चुनावों के लिए सबसे दिलचस्प सीटों में जगह बना चुकी है।

'भाभी' (सुनेत्रा) और 'ननद' (सुप्रिया) के बीच की कठिन लड़ाई को 'नौसिखिया' और 'अनुभवी' के बीच की प्रतियोगिता भी कहा जा रहा है।

अब, राज ठाकरे के प्रवेश के साथ सुनेत्रा पवार की स्थिति मजबूत हो गई है, और भगवा कुर्ते में उनकी चश्मे वाली तस्वीर अन्य बड़े लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रमुखता से दिखाई दे रही है। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार, राज ठाकरे, आरपीआई (ए) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, राष्ट्रीय समाज पार्टी के नेता महादेव जानकर और रयात क्रांति संगठन के प्रमुख सदाभाऊ खोत शामिल हैं। सबसे ऊपर बायीं ओर पूर्व



उपप्रधानमंत्री वाई.बी. चव्हाण बैठे हैं - जो मूल शिव सेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के अलावा बॉम्बे स्टेट के अंतिम और नव निर्मित महाराष्ट्र राज्य के पहले मुख्यमंत्री थे।

लगभग पूरे पवार परिवार के विरोध का सामना करते हुए सुनेत्रा पवार बारामती लोकसभा सीट को एनसीपी (एसपी) सुप्रीमो शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के चंगुल से छीनने के लिए जोर-शोर से प्रचार कर रही हैं।

सबका मानना है कि सुनेत्रा पवार के लिए यह काम आसान नहीं होगा - आखिरकार बारामती ने शरद पवार को पांच बार (और एक बार उपचुनाव में भी), अजित पवार को एक बार और सुप्रिया सुले को तीन बार चुना है।

यह 1957 के लोकसभा चुनावों से पारंपरिक कांग्रेस-एनसीपी (अविभाजित) का गढ़ रहा है, दो अवसरों को छोड़कर - 1977 की जनता पार्टी लहर और 1985 में एक उपचुनाव के दौरान।

शरद पवार द्वारा 10 जून 1999 को स्थापित एनसीपी जुलाई 2023 में विभाजित हो गई, ठीक उसी तरह जैसे 19 जून 1966 को स्थापित बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना को जून 2022 में विभाजन का सामना करना पड़ा।

बारामती और राज्य के बाकी हिस्सों में आगामी चुनावी लड़ाई को अलग हुए गुटों पर एक तरह के सार्वजनिक जनमत संग्रह के रूप में भी देखा जा रहा है - सीएम शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी - जिन्हें अब असली पार्टियां माना जाता है।

# फूलपुर के सियासी आंगन में खिले राजनीति के हर रंग

**प्रयागराज,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। पंडित जवाहर लाल नेहरू की कर्मभूमि रही फूलपुर संसदीय क्षेत्र ने पंडित नेहरु की बहन विजय लक्ष्मी पंडित को अपनाने के बाद नेहरु परिवार से धीरे-धीरे दूरी बनानी शुरू कर दी। राजनीति के हर रंग फूलपुर के सियासी आंगन में खिले हैं। पंडित नेहरू की कर्मभूमि के मतदाताओं ने कई बड़े चेहरों को फूलों का ताज पहनाया तो कई दिग्गजों को नकार दिया है। आजाद भारत की संसदीय राजनीति में जवाहरलाल नेहरू ने फूलपुर को चुनावी कर्मक्षेत्र बनाया। तब यह सीट इलाहाबाद पूर्व कम जौनपुर पश्चिम के नाम से जानी जाती थी।

आंकड़े बताते हैं कि फूलपुर की मिट्टी ने जबतक जिसको चाहा उसे फूलों का ताज पहनाकर उसका स्वागत किया नहीं तो उसे अपनी सरजमी पर खड़े होने लायक नहीं छोड़ा। सीट पर पंड़ित नेहरू ने जहां जीत हासिल कर हैट्रिक बनाया है वहीं राम पूजन पटेल भी एक बार 1984 में कांग्रेस के टिकट पर और दो बार 1989 और 1991 में जनता दल के टिकट से जीत हासिल कर हैट्रिक लगाने का कार्य किया है।पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1952 में चुनाव जीतकर सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचने के बाद देश का प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल किया। इसके बाद 1957 में फूलपुर के अलग सीट के तौर पर अस्तित्व में आने के बाद भी नेहरू ने यहीं से अपना दूसरा लोकसभा का चुनाव लड़ा। वर्ष 1962 में उनके सामने सोशलिस्ट पार्टी ने समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया को मैदान में उतारा। दो बड़े नेताओं की टक्कर ने सुर्खियां तो खूब बटोरीं। लोहिया ने पंडित नेहरू को कड़ी अक्कर दी थी लेकिन हैट्रिक लगाने से नेहरू को रोक नहीं सके। पंड़ित नेहरू को 118931 मत मिले तो लोहिया को 54360 मत मिले थे। पंडित नेहरू के चुनाव लड़ने के कारण फूलपुर सीट महत्व बढ़ गया और इसे

■ विजयलक्ष्मी के बाद नेहरू परिवार से फूलपुर ने बनाई दूरी

वीवीआपी सीट का दर्जा मिला।

वर्ष 1964 में पंडित नेहरू के निधन के बाद फूलपुर में उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने पंडित नेहरू की बहन विजयलक्ष्मी पंडित को उम्मीदवार बनाया और वह जीत गईं। वर्ष 1967 के आम चुनाव में उन्होंने फिर उम्मीदवारी की। इस बार विपक्ष ने उनके सामने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के युवा छात्रनेता जनेश्वर मिश्र को उतार दिया, जो बाद में सियासत में छोटे लोहिया के नाम से मशहूर हुए। इस चुनाव में हालांकि, वोटों की लड़ाई में फूलपुर ने साथ नेहरू की विरासत को ही दिया।

विजयलक्ष्मी के संयुक्त राष्ट्र में जाने के कारण 1969 में उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने नेहरू के सहयोगी केशव देव मालवीय को उतारा, लेकिन इस बार जीत जनेश्वर को मिली। विजयलक्ष्मी के बाद नेहरू परिवार ने फूलपुर से दूरी बना ली।नेहरू परिवार के जाने के बाद से ही कांग्रेस की जमीन फूलपुर में दरकने लगी। 1971 में कांग्रेस से विश्वनाथ प्रताप सिंह जरूर जनेश्वर पर भारी पड़े, लेकिन 1977 में आपातकाल की लहर में कांग्रेस यहां भी किनारे लग गई। हेमवती नंदन बहुगुणा की पत्नी कमला बहुगुणा भारतीय लोकदल से सांसद बनीं। 1980 के चुनाव में कमला ने कांग्रेस का दामन थाम लिया तो फूलपुर ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखाकर जनता पार्टी सेक्युलर के बीडी सिंह को चुन लिया।

# उप्र में अजीब स्थिति में फंसी निषाद पार्टी



**लखनऊ,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मंत्री संजय निषाद को वह तो मिल गया, जो वह चाहते थे, लेकिन जैसा वह चाहते थे, वैसा नहीं मिला। उनके बेटे प्रवीण निषाद को भाजपा ने संत कबीर नगर से लगातार दूसरी दफा चुनावी मैदान में उतारा है। भाजपा ने निषाद पार्टी के विधायक विनोद बिंद को भी भदोही से भाजपा उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, भाजपा ने संजय निषाद की पार्टी को अपना चुनाव चिन्ह नहीं दिया। संजय निषाद ने कहा कि लोकसभा चुनाव में निषाद पार्टी के लिए एक वकील का होना अनिवार्य है। प्रवीण निषाद सांसद हैं, लेकिन वह भाजपा से हैं। जबकि भाजपा ने एक सीट, घोसी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) को दी है और अपना दल के लिए दो सीटें रखी हैं। लेकिन निषाद पार्टी को कुछ नहीं दिया है। दिलचस्प बात यह है कि जहां संजय निषाद को 2021 में भाजपा द्वारा विधान परिषद के लिए नामांकित किया गया और बाद में मंत्री बनाया गया, वहीं, उनके बेटे प्रवाण निषाद ने 2018 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर उपचुनाव में गोरखपुर लोकसभा सीट जीती। 2019 के आम चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन की घोषणा करने के बाद निषाद पार्टी इससे बाहर हो गई और भाजपा के साथ चली गई, जिसके टिकट पर प्रवीण ने उसी वर्ष संत कबीर नगर सीट जीती। उनके छोटे बेटे श्रवण निषाद 2022 में भाजपा के टिकट पर चौरी चौरा से राज्य विधानसभा के लिए चुने गए। इसलिए तकनीकी तौर पर अपने दोनों बेटों के बीजेपी में होने के कारण संजय निषाद बीजेपी से अपनी हिस्सेदारी मांगने की स्थिति में नहीं हैं। भाजपा ने अपने सहयोगियों के लिए पांच सीटें छोड़ी हैं - राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) और अपना दल (एस) के लिए दो-दो और एसबीएसपी के लिए एक। 56 वर्षीय संजय निषाद ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत अखिल भारतीय पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक कल्याण मिशन और शक्ति मूर्ति महासंग्राम जैसे संगठनों की स्थापना से की और फिर निषाद एकता परिषद का गठन किया।

# काराकाट लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय लड़ाई के आसार

**सासाराम,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के काराकाट संसदीय सीट पर इस बार का चुनाव बेहद दिलचस्प होता दिख रहा है। भोजपुरी सिनेमा के चर्चित अभिनेता पवन सिंह के यहां से चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद यह हॉट सीट बन गई है। खासकर धान उत्पादन के लिए प्रसिद्ध इस क्षेत्र में रोहतास का काराकाट, नोखा और डेहरी विधानसभा तथा औरंगाबाद जिले का ओबरा, गोह और नवीनगर विधानसभा आता है। काराकाट लोकसभा क्षेत्र का अधिकांश क्षेत्र शाहाबाद दक्षिण लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत था। इसके बाद इस क्षेत्र का अधिकांश इलाका विक्रमगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चला गया। साल 2008 में हुए परिसीमन में काराकाट लोकसभा क्षेत्र अस्तित्व में आया। इस चुनाव में एनडीए के खाते में यह सीट राष्ट्रीय लोक मोर्चा के खाते में गयी है। जबकि, महागठबंधन की ओर से यह सीट भाकपा (माले) के हिस्से में गयी है। भाकपा माले ने यहां से राजाराम



■ पवन सिंह ठोकेंगे चुनावी ताल

को प्रत्याशी बनाया है। जबकि, राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से पार्टी के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा चुनावी मैदान में हैं। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों के बीच माना जा रहा है। वहीं, अभिनेता पवन सिंह के यहां से चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद यहां त्रिकोणात्मक संघर्ष की उम्मीद जताई जा रही है। यहां हुए पिछले तीन लोकसभा चुनाव में महाबली सिंह और उपेंद्र कुशवाहा ने जीत दर्ज की है। तीनों बार कुशवाहा जाति के नेता ही यहां के सांसद बने हैं और तीनों बार एनडीए के प्रत्याशी विजयी हुए हैं। महागठबंधन ने इस चुनाव में खाता खोलने के लिए कुशवाहा जाति से आने वाले राजाराम को चुनावी मैदान में उतार दिया है। दो कुशवाहा नेताओं के बीच राजपूत जाति से आने वाले भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने चुनाव लड़ने का ऐलान करके मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। उम्मीद जताई जा रही है कि पवन सिंह निर्दलीय चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। काराकाट में मतदाताओं की कुल संख्या करीब 18.70 लाख के करीब है। जातीय गणित को देखें तो यहां यादव मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है, जबकि कुर्मी-कोइरी और राजपूत मतदाताओं की संख्या बराबर है। वैश्य मतदाता भी परिणाम को प्रभावित करते हैं। वैसे इसमें कोई शक नहीं कि काराकाट लोकसभा क्षेत्र दो जिलों में बंटे होने कारण प्रत्याशियों के लिए आसान नहीं माना जाता है। सातवें चरण में यहां एक जून को मतदान होना है।

# मतदाता अपने रोजमर्रा के कामों में व्यस्त, प्रत्याशी प्रचार में जुटे

**औरंगाबाद,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है। इसमें अब कम समय बचा है। इस कारण उम्मीदवार मतदाताओं को लुभाने के लिए के लिए हर हथकंडे अपना रहे हैं। वैसे, आम मतदाता इस प्रचार से दूर अपने रोजमर्रा के कामों में व्यस्त है तो प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते।

बिहार में पहले चरण का चुनाव गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई लोकसभा क्षेत्र में होना है। इन चारों सीटों पर फिलहाल एनडीए का कब्जा है, लेकिन महागठबन्धन के प्रत्याशी इस बार इन सीटों पर जोर लगाए हुए हैं। ग्रामीण परिवेश वाले औरंगाबाद सीट पर प्रत्याशी जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं, लेकिन मतदाता अब तक सक्रिय नहीं दिखते।

■ संसदीय क्षेत्र में करीब 18 लाख मतदाता
■ अधिकांश लोगों की जीविका खेती पर निर्भर

शहरी इलाकों की बात करें तो कुछ इलाकों में राजनीतिक दलों के झंडे, बैनर और पोस्टर दिख रहे हैं, लेकिन ग्रामीण इलाकों में इक्का दुक्का ही झंडा, पोस्टर दिख रहा है। वैसे, ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी चर्चा जरूर हो रही है।

औरंगाबाद जिला मुख्यालय से करीब 18 किलोमीटर दूर नेउरा गांव में स्थित एक बजरंगबली के मंदिर में लोग चुनावी चर्चा में व्यस्त हैं। लेकिन, इन लोगों को अपने संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों से ज्यादा दिलचस्पी प्रधानमंत्री पद को लेकर दिखी।

वायु सेना से सेवानिवृत्त सत्येंद्र तिवारी कहते हैं कि इस चुनाव से




प्रधानमंत्री तय होना है, स्थानीय उम्मीदवारों को लेकर चर्चा करने का क्या औचित्य? उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रत्याशी में भी कोई मुकाबला नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि मतदान तो ग्रामीण जरूर करेंगे, लेकिन मुद्दा स्थानीय नहीं राष्ट्रीय होगा।

इधर, झ्रााारखंड से सटे अम्बा - नवीनगर रोड पर रामपुर गांव के पास कई लोग खेत में गेहूं काटने में व्यस्त थे, उनसे जब चुनावी चर्चा की तो एक महिला भड़कते हुए कहती हैं कि चुनाव से क्या होगा। हमलोगों की नियति तो यही है। खेती के लिए आज भी भगवान भरोसे हैं।वहीं मेड़ पर बैठी एक बुजुर्ग महिला अपनी भाषा मे कहती हैं, 'हम तो वोट जरूर देबई। अबरी अयोध्या में राम मंदिर बन गइल। ई कम बड़ बात हई?'इस संसदीय क्षेत्र की बात करें तो यहां करीब 18 लाख मतदाता हैं। इनमें से अधिकांश लोगों की जीविका खेती पर निर्भर है। औरंगाबाद शहर में रहने वाले फल दुकानदार मोहम्मद मुस्तफा से जब चुनाव को लेकर सवाल किया गया तो वे कहते हैं कि चुनाव तो हर पांच साल में होना है। चुनाव से क्या बदलने वाला है? हर साल तो महंगाई बढ़ती ही जा रही है, कोई पीएम बने, सीएम बने, उससे हमलोगों का क्या बदल जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह माना कि नक्सली घटनाओं में कमी आई है। पिछले चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह ने जीत हासिल की थी। सिंह ने 4 लाख 27 हजार से अधिक वोट हासिल किए थे जबकि हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रत्याशी उपेंद्र प्रसाद ने 3 लाख 57 हजार से अधिक वोट लाकर दूसरा स्थान हासिल किया। बीएसपी प्रत्याशी नरेश यादव ने 33 हजार 772 वोट लाकर तीसरा स्थान हासिल किया।

इस चुनाव में यहां महागठबन्धन और एनडीए में सीधा मुकाबला दिखता है। राजपूत बहुल मतदाता वाले इस क्षेत्र के लोग राजपूत जाति से आने वाले प्रत्याशियों को जीताते रहे हैं। एनडीए की ओर से भाजपा ने इस चुनाव में एक बार फिर से सुशील सिंह को मैदान में उतारा है, जबकि महागठबन्धन की ओर से राजद के प्रत्याशी अभय कुशवाहा चुनावी मैदान में हैं।

बहरहाल, औरंगाबाद के लोग चुनाव को लेकर बहुत ज्यादा उत्साहित नहीं दिखते, लेकिन इतना तय है कि एनडीए और महागठबन्धन में मुकाबला कड़ा होगा।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की बीच ईवीएम व वीवीपैट का रेंडमाइजेशन

**ग्रेटर नोएडा,**12 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने की दिशा में सामान्य प्रेक्षक सिमरनदीप सिंह एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन का कलेक्ट्रेट के सभागार में द्वितीय रेंडमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थित में संपन्न हुआ, जिसमें सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यार्थियोंध्निर्वाचन अभिकर्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, अनुज नेहरा, एसडीएम दादरी विवेकानंद मिश्र, एसडीएम सदर वेद प्रकाश पांडेय एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के



प्रतिनिधियों एवं निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यार्थियों, निर्वाचन अभिकर्ता को बताया गया कि चुनाव प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष ढंग से कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से ईवीएम मशीनों का बूथ वार चयन होता है, जिसके लिए द्वितीय रेंडमाइजेशन कार्य संपन्न हुआ। कंप्यूटर के माध्यम से द्वितीय रेंडमाइजेशन करने के उपरांत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बूथ वार ईवीएम मशीनों की सूची उपलब्ध कराई गई।

**सर्वाधिक बढने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 0.67 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.45 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.37 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| सन फार्मा | 4.01 प्रतिशत |
| मारुति | 3.17 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.57 प्रतिशत |
| टाइटन | 2.40 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.22 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 71,644 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 80800 |
| वायदा | 70,981 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## मार्च में खुदरा महंगाई दर दस महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर

- **फरवरी में 5.09 प्रतिशत व जनवरी में 5.1 प्रतिशत थी खुदरा महंगाई**
- **मार्च में दूध के दाम भी 3.38 फीसदी बढ़े**



**उम्मीद है कि इस साल मानसून को देखते हुए 2024-25 में मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत पर आ जाएगी : आरबीआई**

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर मार्च में घटकर दस महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई दर 8.27 फीसदी (फरवरी में 8.66 प्रतिशत) के ऊंचे स्तर पर रहने से आम लोगों को ज्यादा राहत नहीं मिली है। इससे पहले फरवरी में खुदरा महंगाई 5.09 प्रतिशत और जनवरी में 5.1 प्रतिशत थी।

सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य तेलों के दाम में गिरावट का रुख मार्च में भी जारी रहा और मार्च 2023 के मुकाबले इसमें 11.72 प्रतिशत की नरमी रही। लेकिन, सब्जियों के दाम 28.34 प्रतिशत बढ़ने से आम गृहणियों का बजट गड़बड़ा गया। दालों के दाम 17.71 प्रतिशत बढ़े। मसालों की महंगाई दर 11.4 फीसदी रही।

मार्च में अनाज 8.37 प्रतिशत, अंडे 10.33 प्रतिशत, मांस-मछली 6.36 फीसदी महंगी हुई। दूध के दाम भी 3.38 फीसदी बढ़े। खुदरा महंगाई में नरमी की मुख्य वजह ईंधन एवं बिजली के दाम मार्च 2023 के मुकाबले 3.24 प्रतिशत कम होना रहा। केंद्र सरकार ने आम चुनाव से पहले एलपीजी और पेट्रोल की कीमतों में कटौती की थी।

आरबीआई ने 5 अप्रैल को अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में कहा था कि उसे उम्मीद है कि इस साल सामान्य मानसून को देखते हुए 2024-25 में मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत पर आ जाएगी। खुदरा महंगाई अभी भी आरबीआई के मध्यावधि लक्ष्य चार प्रतिशत से ऊपर है।

### फरवरी में भारत का औद्योगिक उत्पादन 5.7 फीसदी रहा

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भारत के लिए एक बड़ी खबर आई है। साल 2024 के दूसरे महीने यानी फरवरी में भारत का औद्योगिक उत्पादन पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 0.3 फीसदी घटकर 5.7 फीसदी पर आ गया। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक फरवरी 2024 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़ा, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.9 प्रतिशत बढ़ा था।



इस साल फरवरी में माइनिंग सेक्टर का उत्पादन आठ फीसदी और बिजली उत्पादन 7.5 फीसदी बढ़ा। बीचे वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-फरवरी के दौरान आईआईपी 5.9 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 5.6 प्रतिशत था।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई मार्च में सालाना आधार पर 0.24 फीसदी कम होकर 4.85 फीसदी पर आ गई।

## भारत में रियल एस्टेट बाजार एक दशक में डेढ़ लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा : सीआईआई



- **2023 में रियल एस्टेट का बाज़ार लगभग 482 अरब डॉलर के बराबर था**

**नई दिल्ली।** भारत में अचल संपत्तियों का सालाना कारोबार एक दशक में डेढ़ लाख करोड़ डालर के स्तर पर पहुंच जाएगा इसमें केवल मकान के बाजार का कारोबार ही 90000 करोड़ डालर से ऊपर होगा। यह अनुमान संपत्ति बाजार पर अध्ययन और परामर्श सेवाएं देने वाली कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की एक ताजा रिपोर्ट में दी गई है।

फर्म ने यह रिपोर्ट शुक्रवार को यहां रियल एस्टेट क्षेत्र पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक व्यवसायिक सम्मेलन में जारी की। भारत के अचल संपत्ति बाजार की आगामी एक दशक की संभावनाओं पर इंडियन रियल एस्टेट: ए डिकेड फ्रॉम नाउ शीर्षक यह रिपोर्ट में सीआईआई के सहयोग से यह रिपोर्ट तैयार की गई है। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी नाइट फ्रैंक इंडिया ने अनुमान लगाया है कि भारतीय का मूल्य रियल एस्टेट क्षेत्र 2034 तक अनुमानित 1.5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा, जो तब तक कुल आर्थिक उत्पादन का 10.5 प्रतिशत होगा। वर्ष 2023 में, इस क्षेत्र का बाज़ार लगभग 482 अरब डॉलर के बराबर था। भारत के सकल आर्थिक उत्पादन में इस क्षेत्र का योगदान अभी 7.3 प्रतिशत के दायरे में है।

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है की एक दशक में भारत के अचल संपत्ति बाजार में अकेले आवासीय संपत्तियों के बाजार 2034 तक 90,600 करोड़ डॉलर मूल्य के साथ शीर्ष पर रहेगा। इसके बाद कार्यालय की जगह का बाजार होगा जिसका योगदान 12,500 डॉलर के स्तर का होगा।

इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में बढ़ती मांग के कारण अगले 10 वर्षों में विनिर्माण गतिविधियों के लिए भूमि बाजार का कारोबार 28 अरब अमेरिकी डॉलर का और भंडारण स्थल बाजार का 8.9 अरब डॉलर के दायरे में पहुंचने की संभावना है।

## अधिकांश खाद्य तेल व दाल-दलहन में रही तेजी

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकालने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेल और दाल-दलहन में तेजी रही। वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 16 रिंगिट गिरकर 4501 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.14 सेंट की तेजी के साथ 46.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी का रुख रहा। सरसों तेल 148 रुपए, सूरजमुखी तेल 148 रुपए और सोया रिफाइंड 220 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, मूंगफली तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में अधिकांश दालों के भाव चढ़ गए।

## ओएसएम ने लॉन्च किया 15 मिनट में फुल चार्ज होने वाला ई-तिपहिया

- **फुल चार्ज होने पर 126 किलोमीटर चलता है ई-तिपहिया**

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। ओमेगा सेकी मोबिलिटी ( ओएसएम)और एक्सपोनेंट एनर्जी ने मात्र 15 मिनट में फुल चार्ज होने वाला इलैक्ट्रिक थ्री व्हीलर लॉन्च किया है जो फुल चार्ज पर 126 किलोमीटर चलता है।

ओमेगा सेकी मोबिलिटी के संस्थापक और अध्यक्ष उदय नारंग ने इसे लॉन्च करते हुए कहा, "ओएसएम स्ट्रीम सिटी क्विक सिर्फ एक वाहन नहीं है, यह देश की आर्थिक तरक्की का साधन है। एक्सपोनेंट के नेटवर्क पर वाहन सिर्फ 15 मिनट में चार्ज होंगे तो ड्राइवरों को अधिक काम करने का मौका मिलेगा। उनका डाउनटाइम कम होगा और वे अधिकतम ट्रिप लगा पाएंगे। हर एक ट्रिप फायदे का सफर होगा। इससे न केवल परिवहन का भविष्य बेहतर होगा बल्कि ड्राइवरों की खुशाहली भी बढ़ेगी। हम तकनीकी के दायरे से बाहर भी नवाचार के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। हम चाहते हैं कि आजीविका बढ़े और हर समुदाय में खुशी और खुशहाली आए। ओएसएम स्ट्रीम सिटी क्विक पूरे देश में ड्राइवरों की जिन्दगी बदल देगा। उन्होंने कहा कि ओएसएम स्ट्रीम सिटी क्विक में एक्सपोनेंट का पावर और अत्याधुनिक 8.8 केडब्ल्यूएच प्रोपराइटरी बैटरी पैक है। इस इनोवेटिव पावर के साथ वाहन शहर में 126 किलोमीटर की रेंज देता है। इस तरह रेंज की चिंता दूर होने से ड्राइवर निश्चिंत हो कर शहर में दूर-दूर तक सफर करेंगे। ग्राहकों का सफर आसान बनाएंगे।



**ओएसएम स्ट्रीम सिटी क्विक सिर्फ एक वाहन नहीं है, यह देश की आर्थिक तरक्की का साधन है : उदय नारंग**

**सार संक्षेप**

### विदेशी मुद्रा भंडार 548.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 05 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 54.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 571.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.2 अरब डॉलर बढ़कर 54.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची सोने की कीमत

**मुंबई।** सोने की कीमत अब तक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी को देखते हुए भारत के मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शुक्रवार को पांच जून की डिलीवरी के लिए सोने का वायदा भाव बढ़कर 72,423 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 2,395.29 डॉलर प्रति औंस है। एमसीएक्स पर सोने के वायदा भाव में 779 रुपए प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई, जो पिछले कारोबारी सत्र के बंद भाव 71,644 रुपए से 1.09 फीसद अधिक है। देश भर के प्रमुख शहरों में खुदरा सोने की कीमतों में कुछ बदलाव आया है। दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत लगभग 72,380 रुपए , जबकि मुंबई में 72,230 रुपए प्रति 10 ग्राम है। चेन्नई में सबसे ज्यादा 73,370 रुपए प्रति 10 ग्राम है, जबकि बेंगलुरु और कोलकाता में यह लगभग 72,230 रुपए है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में लगातार वृद्धि जारी है। मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच दुनिया के प्रमुख देश इस पीली धातु की बड़े पैमाने पर खरीदारी कर रहे हैं। इसे एक सुरक्षित निवेश माना जा रहा है। इस साल सोने की कीमतों में लगभग 15 फीसद की बढ़ोतरी हुई है।

### वायरलैस चार्जिंग वाला नया स्मार्टफोन लॉन्च

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी इंफीनिक्स ने आज भारतीय बाजार में अपना नया स्मार्टफोन नोट 40प्रो 5 जी लॉन्च करने की घोषणा की जिसमें वायरलेस मैग्नेटिक चार्जिंग की सुविधा दी गई है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अनीष कपूर ने इसे लॉन्च करते हुए कहा कि उनकी कंपनी नोट 40 प्रो 5 जी सीरीज के नए स्मार्टफोन को लॉन्च करके बहुत उत्साहित है क्योंकि इसकी कीमत 19999 रुपए है। उन्होंने कहा कि इस फोन में कंपनी का डुअल चिप दिया गया है जो पावर मैनेजमेंट चिप और इंफीनिक्स चीता एक्स1 चिप है।


## एफआईआई की चौतरफा बिकवाली से बाजार में हाहाकार

**मुंबई,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। मॉरीशस के जरिए भारत में होने वाले निवेश की फिर से जांच किए जाने के संशोधित नियम से घबराए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में हाहाकार मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 793.25 अंक अर्थात 1.06 प्रतिशत का गोता लगाकर 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 74,244.90 अंक पर आ गया। साथ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 234.40 अंक यानी 1.03 प्रतिशत लुढ़ककर 22,519.40 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 0.49 प्रतिशत गिरकर 40,909.03 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत टूटकर 45,872.07 अंक पर रहा।

- **सेंसेक्स 1.06 प्रतिशत का गोता लगाकर 74,244.90 अंक पर**
- **निफ्टी 1.03 प्रतिशत लुढ़ककर 22,519.40 अंक पर बंद**

इस दौरान बीएसई में कुल 3943 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2373 में बिकवाली जबकि 1466 में लिवाली हुई वहीं 104 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 45 कंपनियां लुढ़क गई जबकि शेष पांच में बढ़त रही।




विश्लेषकों के अनुसार, मॉरीशस रूट से भारत में होने वाले निवेश के नियम को संशोधित किया गया है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2017 से पहले हुए निवेश की फिर से जांच की जा सकती है यानी 2017 से पहले के फंडों को प्रमाण देना होगा कि उनका गठन केवल कर में लाभ लेने के लिए नहीं किया गया था। इससे विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बाजार से जमकर पैसे निकाल लिए।

इससे बीएसई के सभी 20 समूह दबाव में आ गए। इस दौरान कमोडिटीज 0.84, सीडी 0.62, ऊर्जा 1.01, एफएमसीजी 1.10, वित्तीय सेवाएं 0.81, हेल्थकेयर 1.23, इंडस्ट्रियल्स 0.54, आईटी 0.84, दूरसंचार 0.42, यूटिलिटीज 1.02, ऑटो 0.59, बैंकिंग 0.91, कैपिटल गुड्स 0.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.39, धातु 0.55, तेल एवं गैस 1.28, पावर 0.77, रियल्टी 0.96, टेक 0.69 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.05 प्रतिशत लुढ़क गए।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 149 अंक की गिरावट लेकर 74,889.64 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 74,951.88 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। वहीं, इसके बाद हुई बिकवाली से यह गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 74,189.31 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इस दौरान नेस्ले इंडिया, टीसीएस और टाटा मोटर्स की 0.67 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में गिरावट रही। जिन प्रमुख कंपनियों के शेयर कमजोर रहे उनमें सन फार्मा 4.01, मारुति 3.17, पावरग्रिड 2.57, टाइटन 2.40, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.22, एलटी 2.04, टेक महिंद्रा 1.91, अल्ट्रासिमको 1.76, एसबीआई 1.57, आईटीसी 1.56, इंफ़ोसिस 1.44, एक्सिस बैंक 1.41, एशियन पेंट 1.40, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.33, विप्रो 1.33, एचसीएल टेक 1.19, एचडीएफसी बैंक 1.10, टाटा स्टील 1.00, रिलायंस 0.79, आईसीआईआई बैंक 0.48, एनटीपीसी 0.32 और महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.17 प्रतिशत शामिल है।

## 2024 की पहली तिमाही में भारत के फिनटेक सेक्टर में 59 प्रतिशत की वृद्धि



**भारतीय फिनटेक क्षेत्र में फंडिंग में बेंगलुरु सबसे आगे**


**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। इस साल की पहली तिमाही में फिनटेक क्षेत्र के लिए जुटाई गई फंडिंग के मामले में भारत ने विश्व स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

2023 की चौथी तिमाही की तुलना में 2024 की पहली तिमाही में फिनटेक की फंडिंग में 59 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे भारतीय फिनटेक क्षेत्र में मजबूती का संकेत मिलता है। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के अनुसार पिछली तिमाही की 346 मिलियन डॉलर की तुलना में इस साल की पहली तिमाही में 551 मिलियन डॉलर की फंडिंग हुई। भारतीय फिनटेक क्षेत्र में फंडिंग में बेंगलुरु सबसे आगे है, उसके बाद मुंबई और हैदराबाद हैं। निवेशकों की निरंतर रुचि 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के साथ तालमेल बिठाते हुए स्टार्टअप और अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर देती है। ट्रैक्सन की सह-संस्थापक नेहा सिंह ने कहा कि यह वृद्धि उद्योग की गतिशीलता और नवीनता को दर्शाता है, जो भारत को एक अग्रणी वैश्विक फिनटेक देश के रूप में स्थापित करता है। पीक एक्सवी पार्टनर्स, वाई कॉम्बिनेटर और लेट्सवेंचर इस क्षेत्र में अग्रणी निवेशक के रूप में सामने आए हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था में फिनटेक ने पिछली तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। आईएमएफ के अनुसार, भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

## टीसीएस का मुनाफा 9.1 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस (टीसीएस) ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में 12434 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के11392 करोड़ रुपए की मुलना में 9.1 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि इस चौथी तिमाही में उस कुल राजस्व 61237 करोड़ रुपए रहा जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि के 59162 करोड़ रुपए की तुलना में 3.5 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि निदेशक मंडल ने 28 रुपए प्रति शेयर का अंतिम लाभांश देने का प्रस्ताव किया गया है।




- **टीसीएस ने मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में 12434 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया**

कंपनी ने मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में 45908 करोड़ रुपए का लाभ कमाया है जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 42147 करोड़ रुपए रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का कुल राजस्व 240893 करोड़ रुपए रहा है जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 225458 करोड़ रुपए रहा था। उसने कहा कि मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में 62 नए ग्राहक जोड़े गए।

## ब्याज दर में कटौती की जल्दबाजी से बचने राजकोष मजबूत करने की जरूरत : जॉर्जिएवा

- **2023 में नरम हो गई मुद्रास्फीति व 2024 में इसके और नीचे आने की संभावनाए बढ़ी**

**वाशिंगटन,** 12 अप्रैल (एजेंसियां।) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (अमुको) की प्रबंध निदेशक क्रिस्तालिना जॉर्जिएवा ने सदस्य देशों की सरकारों से आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं में सुधार के लिए कर्ज-भार में कमी लाने, राजकोषीय मजबूती के लिए काम करने, नीतिगत दरों में कटौती की जल्बाजी नहीं करने तथा उद्योग तथा व्यापार नीति में संरक्षणवाद से बचने पर बल दिया है। उन्होंने यहां वैश्विक अर्थव्यवस्था की संभावनओं और नीतिगत प्राथमिकताओं पर एक व्याखान में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की मध्यकालिक वृद्धि दर अभी केवल तीन प्रतिशत से कुछ ही ऊपर है जो अपने ऐतिहासिक औसत से काफी नीचे है।




**बढ़ती अनिश्चितता की दुनिया में हमें पहले से कहीं ज्यादा अच्छी नीतियों की जरूरत है : क्रिस्तालिना जॉर्जिएवा**

अमुको प्रमुख ने यह भी कहा कि मुद्रास्फीति 2023 में नरम हो गई है और 2024 में इसके और नीचे आने की संभावनाए हैं, लेकिन अभी केंद्रीय बैंकों से भी कर्ज सस्ता करने की नीति को ओर लौटने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी जल्दबाजी का असर उल्टा हो सकता है और मुद्रास्फीति फिर चढ़ने का खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा देशों की राजकोषीय, मौद्रिक , औद्योगिक और व्यापार नीतियों में आवश्क सुधारों के बिना, हम वास्तव में एक ढुलमुल चाल वाले 2020 के दशक की ओर बढ़ रहे हैं - जो एक एक सुस्त और निराशाजनक दशक बन सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंकों का काम है कि वे ब्याज दरों को कब और कितनी कमी करनी है इस महत्वपूर्ण नीति विकल्प का निर्णय सावधानीपूर्वक तय करें।

अमुको प्रबंध निदेशक ने कहा कि 2023 की अंतिम तिमाही में, विकसित अर्थव्यवस्थाओं में खुदरा मुद्रास्फीति 2.3 प्रतिशत थी, जो कि केवल 18 महीने पहले 9.5 प्रतिशत के दायरे में पहुंच गयी थी। इसी तरह उभरते और विकासशील अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति का स्तर घटकर इस दौरान 4.1 प्रतिशत के दायरे में आ गया। उन्होंने इस कमी का श्रेय केंद्रीय बैंकों की अच्छी मौद्रिक नीति को दिया।

# खेल जगत

## अपनी मानसिकता और शरीर को पहले रखना प्राथमिकता : जेसन रॉय

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय ने कहा है कि उन्हें अपनी मानसिकता और शरीर को पहले रखने के लिए मौजूदा आईपीएल 2024 सीजन से हटना पड़ा, जहां उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ खेलना था। रॉय के आईपीएल 2024 से हटने का मतलब था कि केकेआर को इंग्लैंड के साथी सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट को साइन करना पड़ा। श्रेयस अय्यर के पीठ के निचले हिस्से की चोट के कारण बाहर होने और शाकिब अल हसन के सीज़न के लिए उपलब्ध नहीं होने के बाद रॉय आईपीएल 2023 में केकेआर में आए और आठ मैचों में 35.63 की औसत और 151.60 के स्ट्राइक-रेट से 285 रन बनाए जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे। मुझे लगता है कि इस साल के आईपीएल को मिस करना एक बहुत बड़ा निर्णय था।



# सैमसन को रोकना पंजाब के लिए बड़ी चुनौती



**मुल्लांपुर,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 के 27वें मैच में पंजाब किंग्स के सामने राजस्थान रॉयल्स की चुनौती होगी। राजस्थान ने इस सीज़न पांच में से चार मैच जीते हैं और अंक तालिका में पहले स्थान पर हैं तो वहीं पंजाब ने पांच में से तीन मैच गंवाए हैं और आठवें स्थान पर हैं। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन शानदार फ़ॉर्म में चल रहे हैं और उनकी टीम को उनसे एक और अच्छी पारी की उम्मीद होगी। आइए जानते हैं पंजाब के खिलाफ उनका प्रदर्शन कैसा रहा है।

### पंजाब के खिलाफ संजू सैमसन का प्रदर्शन

सैमसन ने पंजाब के खिलाफ 21 आईपीएल मैचों की 21 पारियों में 39 के औसत और लगभग 144 की स्ट्राइक रेट से 702 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और दो अर्द्धशतक भी लगाए हैं। सैमसन इस टीम के खिलाफ अभी क्रिकेट खेल रहे बल्लेबाजों में छठे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ हैं। वह इस टीम के खिलाफ तीन बार नाबाद भी रह चुके हैं।

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पिछले मैच में चार विकेट चटकाए थे और उनकी गेंदबाज़ी पर पंजाब काफी निर्भर रहती है। हालांकि अर्शदीप के खिलाफ भी सैमसन के आंकड़े काफ़ी प्रभावी रहते हैं। सात आईपीएल पारियों में सैमसन ने अर्शदीप के खिलाफ केवल 30 गेंदों में 57 रन बना दिए हैं। अर्शदीप केवल एक बार सैमसन को आउट कर सके हैं। सैमसन ने अर्शदीप के खिलाफ 57 की औसत और 190 के स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं।

कगिसो रबाडा भी पंजाब के गेंदबाजी आक्रमण का अहम हिस्सा हैं। रबाडा के खिलाफ सैमसन ने तीन आईपीएल पारियों में लगभग 153 के स्ट्राइक-रेट और 26 की औसत से 26 रन बनाए हैं। 17 गेंदों में एक बार रबाडा ने सैमसन का विकेट भी निकाला है। रबाडा के खिलाफ बनाए 26 में से 20 रन सैमसन ने चौकों के जरिए बनाए हैं। पंजाब के पास राहुल चाहर स्पिन विभाग में मुख्य स्पिनर की भूमिका निभाते हैं। हालांकि, उनके लिए यह सीज़न अब तक काफ़ी ख़राब रहा है। सैमसन के खिलाफ वह पंजाब के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। सात आईपीएल पारियों में दो बार राहुल ने सैमसन का विकेट लिया है। राहुल के खिलाफ सैमसन ने 36 गेंदों में 56 रन बनाए हैं, इस दौरान उनका स्ट्राइक-रेट 155.55 और औसत 28 का रहा है।





# भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 में खेलेंगे रोहित, नहीं सोचा संन्यास के बारे में

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उन्होंने अभी संन्यास के बारे में नहीं सोचा है। घरेलू धरती पर विश्व कप का खिताब जीतने का मौका गंवाने के बाद रोहित को उम्मीद है कि भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 में खेलेगा।

36 वर्षीय रोहित, दक्षिण अफ्रीका में भारत की 2007 पुरुष टी20 विश्व कप जीत और इंग्लैंड में 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीत के सदस्य थे। वह और भारत घरेलू मैदान पर 2023 पुरुष वनडे विश्व कप खिताब जीतने की कगार पर थे, लेकिन अहमदाबाद में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार ने उन उम्मीदों को खत्म कर दिया। ये वही साल था जब भारत को लंदन के द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल में भी हार मिली थी।

रोहित ने ब्रेकफास्ट विद चैंपियंस के एक एपिसोड में कहा कि मैंने वास्तव में संन्यास के बारे में नहीं सोचा है। लेकिन, मैं नहीं जानता कि जिंदगी आपको कहां ले जाती है। मैं इस समय भी अच्छा खेल रहा हूं - इसलिए मैं सोच रहा हूं कि मैं इसे जारी रखूंगा। कुछ और साल और फिर, मुझे नहीं पता कि मैं वास्तव में वह विश्व कप जीतना चाहता हूं और 2025 में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल होगा, उम्मीद है कि भारत इसमें सफल होगा। विश्व कप फाइनल के दुख के बारे में बात करते हुए, जहां भारत की दस मैचों की जीत का सिलसिला बुरी तरह समाप्त हुआ था रोहित ने कहा कि मेरे लिए 50 ओवर का विश्व कप ही वास्तविक विश्व कप है। हम उस 50 ओवर के विश्व कप को देखकर बड़े हुए हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह भारत में हमारे घरेलू दर्शकों के सामने हो रहा था। हमने उस फाइनल तक बहुत अच्छा खेला, मैंने सोचा, ठीक है अब हम इससे एक कदम दूर हैं सभी चीजें ठीक से कर रहे हैं। वह कौन सी चीज है जिसके कारण हम विश्व कप हार सकते हैं? ईमानदारी से कहूं तो मेरे दिमाग में एक भी बात नहीं आई, क्योंकि मुझे लगा कि हमने सभी मानकों पर सही का निशान लगा दिया है, हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं। हम सभी को लगा कि एक दिन बुरा होगा और मुझे लगता है कि वह हमारा बुरा दिन था। ईमानदारी से कहूं तो, मैंने नहीं सोचा था कि हमने उस फाइनल में खराब क्रिकेट खेला था, कुछ चीजें हमारे अनुकूल नहीं थीं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया उस दिन काफी बेहतर था।



> मैंने वास्तव में संन्यास के बारे में नहीं सोचा है। लेकिन, मैं नहीं जानता कि जिंदगी आपको कहां ले जाती है। मैं इस समय भी अच्छा खेल रहा हूं, इसलिए मैं सोच रहा हूं कि मैं इसे जारी रखूंगा : रोहित शर्मा, कप्तान (भारत )

# सिराज को मानसिक और शारीरिक आराम की जरूरत : हरभजन सिंह

**मुंबई,** 12 अप्रैल (एजेंसिया)। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक और बुरे प्रदर्शन के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को मानसिक और शारीरिक आराम की जरूरत है। छह मैचों में, सिराज ने सिर्फ चार विकेट लिए हैं, जिसमें उनका औसत और इकॉनमी रेट क्रमश: 57.25 और 10.40 है। सिराज आईपीएल 2023 में पावर-प्ले में 5.9 की इकॉनमी रेट से 10 विकेट लेकर चमके थे। लेकिन आईपीएल 2024 में पावर-प्ले में उनका इकॉनमी रेट 12.3 है और उन्होंने आरसीबी के लिए खेल के इस चरण में 10 छक्के खाये हैं। हरभजन ने कहा कि उन्हें कुछ कारणों से आराम दिया जाना चाहिए। उन्हें सोचना चाहिए कि टीम में क्या हो रहा है। वह वही सिराज हैं जिन्हें हमने नई गेंद से विकेट लेते देखा है, चाहे वह टेस्ट क्रिकेट हो, वनडे क्रिकेट हो या यहां तक कि टी20 में भी। वह टीम इंडिया के लिए एक चैंपियन गेंदबाज रहे हैं और यहां तक कि आरसीबी के लिए भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन मुझे लगता है कि वह वह नहीं कर रहा है जो उसे करना चाहिए, उसे आराम की जरूरत है, न केवल मानसिक रूप से बल्कि शारीरिक रूप से भी क्योंकि वह काफी क्रिकेट खेल रहा है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट खेले हैं, इससे पहले भारत जो भी सीरीज खेल रहा था, वह पहले से ही टीम का हिस्सा रहे हैं। और वह बहुत सारे ओवर फेंकते हैं। इसलिए, मेरे लिए, वह शारीरिक और मानसिक रूप से थोड़ा थका हुआ दिखता है। हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स पर क्रिकेट लाइव शो में कहा, कि और इस तरह की पिटाई के साथ, किसी भी गेंदबाज के लिए अगले दिन उठना और ठीक महसूस करना मुश्किल होता है। मैं भी इन परिस्थितियों से गुजरा हूं जहां मुझे अलग-अलग बल्लेबाजों से हार का सामना करना पड़ा, आपको खुद को आराम करने के लिए थोड़ा समय देना होगा।



> उन्हें कुछ कारणों से आराम दिया जाना चाहिए, उन्हें सोचना चाहिए कि टीम में क्या हो रहा है, वह वही सिराज हैं जिन्हें हमने नई गेंद से विकेट लेते देखा है : हरभजन, भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर

# जहीर खान ने की बुमराह के प्रदर्शन की सराहना

**मुंबई,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान ने आरसीबी पर मुंबई इंडियंस की सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाने वालों में से एक जसप्रीत बुमराह की 5-21 के शानदार स्पैल के लिए सराहना की है।

जब वानखेड़े स्टेडियम में लगभग सभी गेंदबाजों की जमकर धुनाई हो रही थी, तब वो बुमराह ही थे जिन्होंने दमदार गेंदबाजी की और 5 विकेट भी लिए। इसके साथ ही वो आईपीएल 2024 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले चहल की बराबरी पर भी आ गए। जहीर ने जियोसिनेमा से कहा कि वह शानदार रहा है। वह अच्छी लय में है। आप यॉर्कर, धीमी गेंद, बाउंसर का प्रदर्शन देख सकते हैं। इससे पता चलता है कि वह कितना समय और ऊर्जा लगाता है, यह समझने के संदर्भ में कि खेल की स्थिति क्या है, वह किन परिस्थितियों में खेल रहा है, वह किन बल्लेबाजों के खिलाफ गेंदबाजी करेगा और सबसे अच्छे विकल्प क्या हैं। यह पूछे जाने पर कि एमआई के साथ जुड़ने से उनके करियर पर क्या प्रभाव पड़ा है, बुमराह ने कहा कि यह बहुत अच्छा रहा। मैं 19 साल की उम्र में यहां आया था और मैंने रणजी ट्रॉफी खेलने की उम्मीद भी नहीं की थी। लेकिन फिर जॉन राइट ने मुझे देखा, और मैं यहां आया और इन वर्षों में, मैं यहां बड़ा हुआ हूं और टीम के साथ पांच खिताब जीते हैं। इसलिए, यह अब तक एक शानदार यात्रा रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने 2013 में अपने डेब्यू के बाद से आईपीएल में कभी परफेक्ट गेंद फेंकी है, तो बुमराह को लगता है कि खेल में परफेक्ट गेंद जैसी कोई चीज नहीं होती है।

# मैरी कॉम ने भारतीय दल के शेफ-डी-मिशन पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। दिग्गज मुक्केबाज और 2012 ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता एमसी मैरी कॉम ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय दल के शेफ-डी-मिशन के पद से इस्तीफा दे दिया है। पिछले महीने भारतीय दल के शेफ-डी-मिशन के रूप में नियुक्त मैरी कॉम ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा को पत्र लिखकर भारतीय दल के शेफ-डी-मिशन के पद से मुक्त होने का अनुरोध किया है। आईओए अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में, मैरी कॉम ने कहा कि वह पेरिस 2024 में शेफ डी मिशन के रूप में सेवा करने के लिए उन पर विश्वास जताने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ की आभारी हैं। उन्होंने लिखा कि मैं हर संभव तरीके से अपने देश की सेवा करना सम्मान की बात मानती हूं और मैं इसके लिए मानसिक रूप से तैयार थी । हालांकि, मुझे अफसोस है कि मैं इस प्रतिष्ठित जिम्मेदारी को निभाने में सक्षम नहीं हो पाऊंगी और व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा देना चाहूंगी। एक प्रतिबद्धता से पीछे हटना शर्मनाक है, जो मैं शायद ही कभी करती हूं, लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं बचा है। मैरी कॉम ने पत्र में आगे लिखा है, मैं बड़ी उम्मीदों के साथ अपने देश और इस ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाले एथलीटों का उत्साह बढ़ाने के लिए वहां मौजूद रहूंगी। आईओए प्रमुख ने एमसी मैरी कॉम से एक पत्र प्राप्त होने की बात स्वीकार की और कहा कि उचित परामर्श के बाद प्रतिस्थापन का नाम रखा जाएगा। आईओए प्रमुख ने कहा कि हमें दुख है कि ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज और आईओए एथलीट आयोग की अध्यक्ष मैरी कॉम ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ दिया है। हम उनके फैसले और उनकी गोपनीयता का सम्मान करते हैं।

> पेरिस 2024 में शेफ डी मिशन के रूप में सेवा करने के लिए मुझ पर विश्वास जताने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ की आभारी हूं : मैरीकॉम, मुक्केबाज



## सार संक्षेप

### चोटिल फिन और एडम पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

**वेलिंग्टन।** चोटिल फिन एलन और एडम मिल्ने को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है। एलन को पीठ में चोट लगी तथा मिल्ने को को प्रशिक्षण के दौरान टखने में चोट लगी है। चयनकर्ताओं ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में टॉम ब्लंडेल और अनकैप्ड ऑलराउंडर जैक फॉल्क्स को टीम में बुलाया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा कि एलन और फिन की चोटों के कारण रावलपिंडी में अगले सप्ताह शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग नहीं ले पाएंगे। मैदान में उनकी वापसी को लेकर आगामी दिनों में अपडेट दी जाएगी। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि हमें फिन और एडम दोनों के लिए दुख है, जो दौरे की शुरुआत के करीब चोटों से जूझ रहे हैं। वे पिछले विश्वकप के बाद से टी-20 प्रारूप में हमारे लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं।

### भारत ने बिली जीन किंग कप में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराया

**चांग्शा।** भारतीय महिला टेनिस टीम ने बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हरा दिया है। आज यहां चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में रुतुजा भोसले ने एकल मुकाबला जीता। वहीं अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की जोड़ी ने युगल मुकाबले में जीत हासिल की। भोसले ने एक घंटे और पांच मिनट में 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। भोसले ने पहले सेट में लगातार पांच गेम जीतकर शुरुआत में ही मैच में अपना दबदबा कायम रखा। अंकिता रैना ने प्रार्थना थोम्बारे के साथ मिलकर डेबिन किम और सोह्युन पार्क के खिलाफ युगल मैच एक घंटे और 33 मिनट में 6-4, 6-4 से जीत लिया। दक्षिण कोरिया पर 2-1 की जीत एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में भारत की तीसरी जीत है।

### आकांक्षा आरसी प्रो सीरीज के क्वार्टर फाइनल में हारी

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय आकांक्षा सालुंखे को अमेरिका के सेंट लुइस में 15,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट आरसी प्रो सीरीज स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जना सफी से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय खेलों की मौजूदा स्क्वैश चैंपियन आकांक्षा शुरुआती और तीसरा गेम जीतने के बाद करीबी मुकाबले में 11-8, 3-11, 11-9, 5-11, 3-11 से हार गईं। नेशनल गेम्स की मौजूदा चैंपियन, जिन्हें शुरुआती दौर में बाई मिली, ने दूसरे दौर में नॉर्वे की मेडेलीन हाइलैंड को 3-2 (13-15, 11-6, 9-11, 11-5, 11-6) से हराया था।

# हमारी गेंदबाजी में उतने हथियार नहीं हैं : डु प्लेसिस

**मुंबई,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 के एक मैच में मुंबई इंडियंस (एमआई) द्वारा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को सात विकेट से हराने के बाद, मेहमान टीम के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को संघर्ष करना पड़ा, जिसका मुख्य कारण उनके गेंदबाजी विभाग का अच्छा प्रदर्शन नहीं होना था। वानखेड़े स्टेडियम में, बल्ले से 196/8 रन बनाने के बाद, आरसीबी ने पावरप्ले में बिना किसी विकेट के 72 रन दिए, क्योंकि एमआई ने 15.3 ओवर में कुल लक्ष्य का पीछा किया। फिलहाल, ऐसा लगता है कि, बल्लेबाजी के नजरिए से हमें 220 रन का मौका पाने के लिए कोशिश करनी होगी और जोर लगाना होगा।

# स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में दमदार प्रदर्शन के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे सुकांत कदम

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। जैसे ही 2024 पैरालंपिक की उलटी गिनती शुरू हो रही है, शीर्ष शटलर सुकांत कदम आगामी स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इवेंट में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। ये वो टूर्नामेंट है, जो पेरिस पैरालंपिक के लिए वरीयता को प्रभावित करता है। लेवल 2 टूर्नामेंट के बाद लेवल 1 स्पैनिश इंटरनेशनल के साथ सुकांत का शेड्यूल इस महीने व्यस्त रहेगा। स्पैनिश लेवल 2 टूर्नामेंट 15 अप्रैल से विटोरिया में शुरू होने वाला है, इसके बाद लेवल 1 टूर्नामेंट 23 अप्रैल से टोलेडो में शुरू होगा। सुकांत ने कहा कि मैं कड़ी ट्रेनिंग कर रहा हूं और अपनी कमियों पर काम कर रहा हूं। मेरा मकसद उन गलतियों को नहीं दोहराना है जो मैंने पहले टूर्नामेंट में की थी। मैंने अपने कोच के साथ काम किया है और मुझे उम्मीद है कि मैं उन्हें लागू करने में सक्षम हूं। उन्होंने कहा कि पेरिस पैरालंपिक सीडिंग के लिए ये महत्वपूर्ण टूर्नामेंट होंगे और मैं कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता और पेरिस तक होने वाले हर टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं।

**स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इवेंट**

# पेरिस ओलंपिक से पहले स्पेन में प्रशिक्षण लेंगी ज्योति

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। हांगझोऊ एशियाई खेलों में 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीतने वाली ज्योति याराजी पेरिस ओलंपिक से पहले स्पेन में प्रशिक्षण लेंगी। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने उनके वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ज्योति, जो वर्तमान में रोड टू पेरिस सूची (महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़) में 23वें स्थान पर हैं। आगामी सीजन और पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए 45 दिनों के लिए टेनेरिफ़, स्पेन में प्रशिक्षण लेने की योजना बना रही हैं। सरकार, अपने लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) फंडिंग के तहत, उसके हवाई किराया, बोर्डिंग / आवास लागत, वीजा आवेदन शुल्क, सुविधा पहुंच लागत, खेल मालिश व्यय, स्थानीय परिवहन लागत, ओपीए सहित अन्य खर्चों को कवर करेगी। एमओसी ने भारत के शटलर चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के पेरिस ओलंपिक से पहले प्रशिक्षण के लिए साझेदारों को वित्तीय सहायता देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। दुनिया के नंबर.1 पुरुष युगल जोड़ी जून 2024 में मुंबई में अलेक्जेंडर डन और एडम हॉल की स्कॉटिश जोड़ी के खिलाफ और जुलाई 2024 में हैदराबाद में इंडोनेशियाई जोड़ी रेन अगुंग और बेरी एग्रीवान के खिलाफ प्रशिक्षण लेगी, जिसमें टॉप्स अंतरराष्ट्रीय जोड़ी के हवाई किराए और बोर्डिंग/आवास की लागत का वित्तपोषण करेगा।



# भारतीय पुरुष हॉकी टीम चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 1-3 से हारी, 0-4 से पिछड़ी

**पर्थ,** 12 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम यहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के अपने चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को 1-3 से हार गई और सीरीज में 0-4 से पिछड़ गयी भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12%) के गोल करने के बाद, जेरेमी हेवर्ड (19%, 47%) और जैक वेल्च (54%) ने गोल करके ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने में मदद की। भारतीय टीम ने मैच की शुरुआत जोरदार आक्रामक रुख के साथ की। शुरुआती मिनट में, डी क्षेत्र में मनदीप सिंह ने गोल की ओर एक शक्तिशाली शॉट लगाया, जिसे ऑस्ट्रेलिया के गोलकीपर एंड्रयू चार्टर ने नकार दिया। हालाँकि, मेजबान टीम आक्रामक खेल में पीछे नहीं रही और उसे लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिन्हें वे भुना नहीं सके। ऑस्ट्रेलिया के दबाव के बावजूद, भारत कई पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में सफल रहा। पहला क्वार्टर समाप्त होने से ठीक पहले, हरमनप्रीत सिंह (12%) ने इन अवसरों में से एक का फायदा उठाया, गेंद को सटीकता और शक्ति के साथ नेट में डाल दिया, जिससे भारत को 1-0 की बढ़त मिल गई। खेल में वापसी करने के उद्देश्य से, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में पूरी ताकत झोंक दी और दो त्वरित पेनल्टी कॉर्नर भी जीते, और वे दूसरे का फायदा उठाने में सफल रहे जब जेरेमी हेवर्ड (19%) ने कुशलतापूर्वक गेंद को गोल में डाला।



## खालसा और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट**

**नई दिल्ली।** मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज और खालसा कॉलेज एलुमनी ने तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतिम लीग मैच में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 14-0 से हराया। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज की तरफ से अंकित ने पांच गोल, पवन और पुलकित ने 3-3 गोल, मोहित ने दो गोल और सागर ने एक गोल किया। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के पुलकित को मिला। पुरुष वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनी और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज के बीच होगा। दूसरा सेमी फाइनल मैच श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और श्याम लाल कॉलेज के बीच होगा। महिला वर्ग में विवेकानंद कॉलेज ने एकता के गोल से भारती कॉलेज को 1-0 से हराया। वुमैन ऑफ द मैच का अवार्ड विवेकानंद कॉलेज की भावना को मिला।